सुप्रभात
रांची, मंगलवार
24.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 339



12 ईरान पर हमले के पूर्व यूएस-पाक के बीच पकी खिचड़ी

## न्यूज डायरी

### रघुवर और मंत्री दीपिका के बीच पेसा मुद्दे पर चर्चा

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के बीच ट्रेन में एक अनौपचारिक मुलाकात ने सियासी गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और इसके जनहितकारी उद्देश्यों पर चर्चा की। ऐसे में दोनों के बीच इस मुद्दे पर चर्चा काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। झारखंड की राजनीति में पेसा कानून एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है।

### छत गिरने से मलबे में दब कर पति-पत्नी की मौत

**हजारीबाग।** बरही प्रखंड के रसोईया धमना गांव में रविवार देर रात बारिश के बीच घर की छत गिरने से पति-पत्नी की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार देर रात मो. हदीस अंसारी और उनकी पत्नी जुमेरा खातून अपने घर में सो रहे थे, तभी अचानकर घर की छत ढह गयी। मलबे में दबकर पति-पत्नी की मौत हो गयी। सोमवार को हादसे की खबर मिलते ही कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जुमेरा खातून पंचायत के वार्ड नंबर 9 की वार्ड सदस्य थीं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस जांच में जुटी है।

### फिर डूबी रांची की सड़कें, लोग परेशान

**रांची।** राजधानी रांची में सोमवार को चार घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। इस बारिश से नदी और नाले उफना गये, जबकि सड़कें पानी में डूब गयीं। लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ी। अपर बाजार स्थित सेवा सदन अस्पताल, पंडरा, पंचशील नगर और कोकर के कई मोहल्ले पानी में डूब गये। रांची रेलवे स्टेशन के बाहर पानी भर गया। लगातार बारिश से स्कूली बच्चे और अन्य काम करने वालों को भारी परेशानी हुई। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी राज्य के कई स्थानों पर बारिश होने की सम्भावना व्यक्त की है।

### पंचघाघ जलप्रपात पर्यटकों के लिए बंद

**खूंटी।** राजधानी से सटे खूंटी जिले का प्रसिद्ध पंचघाघ जलप्रपात को अगले आदेश तक प्रशासन ने बंद कर दिया है। लगातार बारिश के बाद पंचघाघ जलप्रपात का जलस्तर बढ़ने लगा है। साथ ही राज्य के अन्य जिलों के कई जलप्रपातों में हुई घटनाओं के बाद खूंटी जिला प्रशासन ने पंचघाघ जलप्रपात को बंद करने का फैसला लिया है। पंचघाघ जलप्रपात के एंट्री गेट से लेकर अंदर तक बेरिकेड्स लगा दिये गये हैं।

### मनी लाउड्रिंग के आरोपियों को सौंपा गया पुलिस पेपर

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े मनी लाउड्रिंग मामले में जेल में बंद दो बांग्लादेशी और दो कोलकाता निवासी की मुश्किलें बढ़ गई है। ईडी ने चारों आरोपियों बांग्लोदशी रॉनी मंडल और समीर चौधरी और कोलकाता निवासी पिंकी बसु मुखर्जी और पिंटू हलधर को पुलिस पेपर सौंप दिया है। पीएमएलए की अदालत में सोमवार को जेल में बंद चारों आरोपियों को पेश किया गया।

## कार्टून कोना




## दिल्ली बैठक में उठा सरना धर्मकोड का मुद्दा, राहुल बोले- आदिवासी भारत के पहले नागरिक

# जल, जंगल, जमीन व अधिकारों पर कांग्रेस उठाती रहेगी आवाज

**नयी दिल्ली में आदिवासी कांग्रेस की बैठक**

- सभी सांसद और विधायकों ने 2013 के भूमि वापसी कानून को पूरे देश में लागू करने की बात जोरदार तरीके से उठायी



आदिवासी अस्मिता, अधिकार, जल, जंगल, जमीन की रक्षा को लेकर बैठक करते राहुल गांधी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस की सोमवार को 10 जनपथ, नयी दिल्ली में आयोजित बैठक में आदिवासी अस्मिता, अधिकार, जल, जंगल, जमीन की रक्षा को लेकर आवाज बुलंद की गयी। बैठक में शामिल राज्यों के विधायक और सांसदों ने अपने-अपने राज्य के आदिवासियों की वर्षों से चली आ रही समस्या और उसका समाधान तथा उनके विकास को लेकर विचार रखे। इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, झारखंड के आदिवासी सांसद एवं विधायक शामिल थे।

**राहुल गांधी ने सभी की बातों को ध्यान से सुना :** सभी सांसदों एवं विधायकों के बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी भारत के पहले नागरिक हैं, उनकी पीड़ा और समस्याओं तथा संघर्षों को समझकर उनके जल, जंगल, जमीन और उनके अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए मैं और पूरा कांग्रेस पार्टी समर्पित है।

इधर झारखंड कांग्रेस के प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि बैठक में सभी ने एक स्वर में सरना कोड, जाति जनगणना में 7वां कॉलम में सरना धर्मकोड जोड़ने तथा परिसीमन, राज्य में ट्राइबल लीगल काउंसिल के गठन पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि बैठक में विधायकों और सांसदों ने कहा कि झारखंड में पूर्व में रघुवर सरकार ने भूमि बैंक, डिजिटाइजेशन के नाम पर रैयतों को उन्हीं की जमीन से बेदखल करने की साजिश रची थी। सरकार के इस फैसले से राज्य के आदिवासी समाज सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। सभी सांसद/विधायकों ने 2013 के भूमि वापसी कानून को पूरे देश में लागू करने की बात कही तथा वन अधिकारी पट्टा को बांटने की प्रक्रिया को तेज करने तथा एट्रोसिटी एक्ट को कड़ाई से लागू करने की बात कही।

बैठक में यह भी कहा गया कि झारखंड प्रदेश में एनआईसी द्वारा पूरे प्रदेश में रजिस्टर-टू ऑनलाइन किया गया, जिसमें काफी त्रुटि है। इस त्रुटि को दूर करने के लिए प्रमुखता से मुहिम चलायी जाए। जिस राज्य में आदिवासियों की संख्या ज्यादा है वहां पर कांग्रेस पार्टी में आदिवासियों को प्रतिनिधित्व देकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए।

> झारखंड में पूर्व में रघुवर सरकार ने भूमि बैंक, डिजिटाइजेशन के नाम पर रैयतों को उन्हीं की जमीन से बेदखल करने की साजिश रची थी। सरकार के इस फैसले से राज्य के आदिवासी समाज सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ।

**बैठक में ये लोग थे शामिल :** बैठक में आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, झारखंड के प्रदेश प्रभारी के राजू, उपनेता राजेश कच्छप, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सांसद सुखदेव भगत, विधायक नमन विक्सल कोन्गाडी, सोना राम सिंकू, भूषण बाड़ा, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जोसाई मार्डी उपस्थित थे।

### झारखंड में जमीन समस्या बड़ा मुद्दा, नये सर्वे की जरूरत : शिल्पी नेहा तिर्की

**जादूगोड़ा में न्यूक्लियर वेस्ट के डंपिंग मुद्दे को भी उठाया**

आदिवासी कांग्रेस की बैठक में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में जमीन से जुड़ी समस्या एक बड़ा मुद्दा है, जिसे हल करने के लिए नए सिरे से सर्वे कराने की जरूरत है। उन्होंने राज्य में ट्राइबल लीगल काउंसिल का गठन करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे आदिवासियों की जमीन से संबंधित मामलों का निबटारा समय पर किया जा सकेगा। काउंसिल की तरफ से आदिवासी परिवार को कानूनी मदद के लिए वकील की व्यवस्था करने और उन्हें बेहतर सुझाव उपलब्ध कराना शामिल रहेगा। कृषि मंत्री शिल्पी ने जादूगोड़ा में न्यूक्लियर वेस्ट के डंपिंग के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा कि इससे आदिवासी परिवार के लोग कई तरह की शारीरिक रोग से ग्रसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अविलंब प्रभावितों के पुनर्वास के लिए सरकार को महत्वपूर्ण कदम उठाया जाना चाहिए।

## एसडीआरएफ और पुलिस का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

# यमुनोत्री धाम के पैदल पथ पर भू-स्खलन, मलबे में दबे यात्री



**एजेंसी**

**उत्तरकाशी।** विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के पैदल मार्ग पर नौ कैंची बैंड के पास सोमवार शाम चार बजे अचानक चट्टान खिसकने से भू-स्खलन हुआ, जिसमें कुछ तीर्थ यात्रियों के मलबे में दबने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। एक श्रद्धालु को मलबे से सुरक्षित निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम लगभग 4 बजे, तेज धूप के बीच नौ कैंची बैंड पर अचानक पहाड़ी दरक गई, जिससे पैदल मार्ग पर मलबा फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कम से कम दो से तीन यात्रियों के दबे होने की आशंका है।

जिलाधिकारी प्रशांत कुमार आर्य स्मार्ट कंट्रोल रूम से रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने फिलहाल घटनास्थल वाले क्षेत्र में पैदल आवाजाही पर रोक लगा दी है। एसडीआरएफ और यमुनोत्री पुलिस की टीमें मौके पर राहत कार्य में जुटी हैं। मलबा हटाने के बाद ही स्पष्ट रूप से कहा जा सकेगा कि कितने लोग इसकी चपेट में आए हैं। जिला परिचालन केंद्र के अनुसार अन्य दबे लोगों की खोजबीन जारी है।

# तमाड़ में डायरिया से दो महिलाओं की मौत, तीन का रिम्स में इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी से सटे तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के जारगो गांव में डायरिया से दो बुजुर्ग महिलाओं की मौत होने की खबर है, जबकि तीन लोगों को इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि जारगो पंचायत के डोमोडीह और गांगू गांव पिछले कई सप्ताह से डायरिया से ग्रसित है। ग्रामीणों की सूचना पर मेडिकल टीम गांव में कैंप कर लोगों का इलाज कर रही है। हालांकि बीडीओ ने डायरिया से मौत होने की बात से इनकार किया है। बीडीओ ने बताया कि जिन दो महिलाओं 69 वर्षीय कमला देवी और 60 वर्षीय भदरी देवी की मौत हुई है, दोनों पूर्व से बीमार थीं और उसी बीमारी के कारण उनकी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि तीन अन्य पानीश्वरी देवी, रेखा देवी और विश्वनाथ महतो में डायरिया के लक्षण पाए गए, जिन्हें इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। जहां तीनों का इलाज चल रहा है।



### गांव में मेडिकल टीम तैनात : बीडीओ

बीडीओ का कहना है कि गांव में उन्होंने खुद मेडिकल टीम के साथ जाकर क्षेत्र का निरीक्षण किया है। मंगलवार को विशेष मेडिकल शिविर लगाया जाएगा और गांव के ग्रामीणों की जांच की जाएगी। इस बीच स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पेयजल स्रोतों की तत्काल सफाई करने, गांव में क्लोरीन की गोलियां, ओआरएस और अन्य जरूरी दवाइयां वितरित करने तथा स्थायी जल शुद्धिकरण व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

बुंडू क्षेत्र के आजसू नेता राजकिशोर कुशवाहा ने बताया कि लगातार बारिश के कारण कुंए और तालाबों का पानी दूषित हो गया है। लोग वही पानी पीते रहे हैं, जिससे अचानक बीमारियों का प्रसार हुआ। हालांकि सूचना पर प्रशासन ने गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया है और पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है। बीडीओ के नेतृत्व में मेडिकल टीम भी मौके पर मौजूद है।

## शराब घोटाला

### अमित प्रकाश और सिद्धार्थ सिंघानिया से आज से होगी पूछताछ

**रांची।** शराब घोटाले से जुड़े पूर्व उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुख्ता सबूत जुटाने में लगी हूं। इसी के तहत जेल में बंद सेवानिवृत्त आईएएस अमित प्रकाश और छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया से एसीबी टीम दो दिनों तक पूछताछ करेगी। एसीबी कोर्ट ने सोमवार को दो दिनों की पुलिस रिमांड की अनुमति प्रदान की है। यह पूछताछ 24 एवं 25 जून को होगी। जांच अधिकारी ने 7 दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की थी। एसीबी ने पूर्व आबकारी आयुक्त अमित प्रकाश को 17 जून को और सिद्धार्थ को 19 जून को रायपुर से गिरफ्तार किया था। मामले में अब तक एसीबी ने इससे पूर्व विनय कुमार चौबे समेत पांच आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। अब तक सात लोगों को संलिप्ता के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

# ईरान को जहां-जब जरूरत होगी रूस देगा साथ: व्लादिमीर पुतिन

## वैश्विक टकराव

**एजेंसी**

**मास्को।** ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच रूस ने ईरान को समर्थन देने का खुला ऐलान किया है। क्रेमलिन ने कहा है कि रूस-ईरान की हरसंभव सहायता के लिए तैयार है और यह सहायता तेहरान के अनुरोध पर निर्भर करेगी। सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच मास्को में मुलाकात हुई, जिसमें अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों की कड़ी निंदा की गई। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने संवाददाताओं से कहा, सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि ईरान को क्या चाहिए। पुतिन ने ईरानी विदेश मंत्री अराघची के साथ बैठक में कहा ईरान पर यह पूरी तरह से बिना किसी उकसावे के किया गया हमला है। ईरान के साथ रूस के दीर्घकालिक, अच्छे और भरोसेमंद संबंधों की बात करते हुए कहा कि रूस ईरानी जनता की मदद करने के प्रयास करेगा।



**अमेरिका के मिलिट्री बेस पर ईरानी हमला :** ईरानी मीडिया के मुताबिक ईरान ने सीरिया में स्थित अमेरिका के मिलिट्री बेस पर अटैक किया है। इसके साथ ही ईरान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह रुकने वाला नहीं है। चाहे इजराइल हो या अमेरिका। उस पर जिस तरह के अटैक होंगे, वह उसी तरह के अटैक करेगा।

### ईरान के फोर्दो परमाणु केंद्र पर फिर से हमला

- सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की खुली मिली छूट

ईरान के फोर्दो स्थित भूमिगत यूरेनियम संवर्द्धन स्थल पर सोमवार को फिर से हमला किया गया। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र रविवार को हुए हमले में भी प्रभावित हुआ था और सोमवार को इस पर फिर से हमला किया गया। हालांकि इजराइल ने पहले कहा था कि वह ईरान पर हवाई हमले कर रहा है। साथ ही ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरानी परमाणु स्थलों पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के मद्देनजर अब उसकी सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की खुली छूट मिल गई है।

## नोएडा में कुलपतियों का दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू, उपराष्ट्रपति ने कहा

# नयी शिक्षा नीति के लिए हमें गंभीर होना होगा

**एजेंसी**

**नोएडा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि नयी शिक्षा नीति को लेकर हमें खुद गंभीर होना होगा। साथ ही छात्रों को भी इस पर उतनी ही गंभीरता से विचार करना होगा। छात्रों को यह भी बताना होगा कि नयी शिक्षा नीति जीवन के लिए कितनी कितनी जरूरी है और इस नीति के तहत चलने से बहु अवसर मिल सकते हैं।

उपराष्ट्रपति धनखड़ सोमवार को नोएडा में सेक्टर-125 में स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में कुलपतियों के दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले इस सम्मेलन का शुभारंभ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान ने संयुक्त रूप से किया। इस वर्ष सम्मेलन का विषय भविष्य की उच्च शिक्षा की परिकल्पना–भारत की निर्णायक भूमिका है। उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति ने एआईयू की 100 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।




इस सम्मेलन को लेकर एमिटी विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इसका उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और एक ऐसी रणनीतिक कार्य योजना बनाना है, जो नीति निर्माण और संस्थागत सुधारों को दिशा दे। सत्रों के अंत में तैयार की गई सिफारिशों को राज्यपालों, शिक्षा मंत्रालय और शीर्ष निकायों को भेजा जाएगा। तकनीकी और शैक्षणिक सत्र भी होंगे

प्रबंधन ने बताया कि इस सम्मेलन में दो पूर्ण सत्रों के अलावा 10 समानांतर ट्रैक आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एआई और उभरती तकनीकों का एकीकरण, शिक्षण में वर्चुअल और ऑगमेंटेड रियलिटी का उपयोग, उच्च शिक्षा में साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता, अनुभव आधारित शिक्षण और नवीन मूल्यांकन विधियां और हरित और सतत परिसरों का निर्माण शामिल है।

### भारत सहित 19 देशों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के लगभग पांच सौ कुलपति भाग ले रहे

दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत सहित 19 देशों के विश्वविद्यालयों के कुलपति भाग ले रहे हैं। इसमें तीन सौ से अधिक कुलपति सीधे और लगभग दो सौ कुलपति ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए हैं। सम्मेलन में नयी शिक्षा नीति 2020, डिजिटलीकरण, नीतिगत सुधार, समावेशी शिक्षा, और भारतीय उच्च शिक्षा की वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में भूमिका जैसे विषयों पर मंथन किया जा रहा है।

## पलामू से लूटे गये ट्रैक्टर पर खुलासा

# सीवान में मिला इंजन और रोहतास में डाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पांडू थाना क्षेत्र से हुई ट्रैक्टर लूट का तार बिहार से जुड़ा हुआ मिला। लूटे गए ट्रैक्टर का इंजन बिहार के सीवान से जबकि डाला रोहतास जिला से बरामद किया गया। पुलिस ने लूट के मामले में बिहार के रहने वाले तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पलामू के पांडू थाना क्षेत्र में 19 जून को बिहार के अपराधियों ने ट्रैक्टर ड्राइवर दिनेश कुमार गुप्ता को अत्यधिक शराब पिला कर ट्रैक्टर को लूट लिया था। दिनेश कुमार गुप्ता ने पांडू थाना में एफआईआर दर्ज करायी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिहार के रोहतास के नासरीगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी कर एक आरोपी श्याम बिहारी शर्मा को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने एक साथी बिहारी यादव के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार दोनों आरोपी ने पुलिस को बताया कि बिहार के सीवान के दुरौंदा थाना क्षेत्र के परशुराम सिंह नामक व्यक्ति को ट्रैक्टर का इंजन 40 हजार रुपए में बेचा है। बाद में पुलिस ने सीवान में छापेमारी कर ट्रैक्टर के इंजन को बरामद किया। परशुराम सिंह को गिरफ्तार किया है। वहीं ट्रैक्टर का डाला रोहतास के ओझवलिया इलाके से लावारिस हालत में बरामद किया गया है।

# जमीन के म्यूटेशन मामले में जियो टैगिंग व्यवस्था बनी सिरदर्द

## राज्य स्तर पर म्यूटेशन फाइलें पेंडिंग, करेक्शन स्लिप को जनता बेहाल, एसी रूम में बैठकर बनाये गये नियमों से सरकार की हो रही बदनामी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने जमीन के म्यूटेशन को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए जियो टैगिंग सिस्टम लागू किया है। इसके तहत म्यूटेशन तभी होगा, जब राजस्व उपनिरीक्षक खुद मौके पर जाकर जमीन का भौतिक सत्यापन करेंगे और वहीं से जीपीएस लोकेशन वाली फोटो अपलोड करेंगे। इसका उद्देश्य जमीन से जुड़े फजीर्वाड़ा रोकना और रिकॉर्ड को और अधिक सुरक्षित करना है। लेकिन जमीनी सच्चाई इससे काफी अलग है। आज राज्य के विभिन्न अंचल कार्यालयों में म्यूटेशन के सैंकड़ों मामले लंबित हैं। हां, एक बात जरूर है कि म्यूटेशन के मामले में आज के डेट में बिना चढ़ावा के करेक्शन स्लिप मिलना आसान नहीं है। चाहे सरकार के स्तर पर कितने भी आदेश क्यों न जारी कर दिये जायें?

**म्यूटेशन के लिए महीनों चक्कर काटते हैं आवेदक :** म्यूटेशन की समस्या सिर्फ एक-दो जिलों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे झारखंड में हालात कमोबेश एक जैसे हैं। सभी जिलों में म्यूटेशन को लेकर आवेदन किए जा रहे हैं, लेकिन उनका निपटारा नहीं हो पा रहा। आम लोग महीनों से जमीन के कागज लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन काम अधूरा ही रह जा रहा है। आवेदन फंसे हैं, फाइलें अटकी हैं और अफसर खुद तकनीकी और प्रशासनिक उलझनों में फंसे हैं। सरकार की तरफ से स्थिति पर कोई ठोस पहल होती नहीं दिख रही। ऐसा लग रहा है, जैसे प्रशासनिक स्तर पर गहरी नींद सोई हुई है, जबकि जनता रोजमर्रा की जमीन से जुड़ी परेशानियों से जूझ रही है।

**एक कर्मचारी पर कई हलकों की जिम्मेदारी! :** राज्य के अंचल कार्यालयों में म्यूटेशन की नयी व्यवस्था ने कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई जगहों पर एक ही कर्मचारी को दो से पांच हलकों तक की जिम्मेदारी सौंप दी गई है, जबकि एक-एक हलका में 10 से 40 गांव तक शामिल होते हैं। इन हलकों में जाकर जमीन का मुआयना करना, फोटो लेना और फिर डेटा को ऑनलाइन सिस्टम में अपलोड करना, इन सब कामों में समय के साथ संसाधनों की भी जरूरत होती है। लेकिन सरकार की ओर से न तो कोई यात्रा भत्ता दिया जा रहा है, न ही इंटरनेट या अन्य तकनीकी संसाधन मुहैया कराए गए हैं। कर्मचारियों को अपने मोबाइल से, अपने खर्चे पर डेटा अपलोड करना पड़ रहा है। ऐसे में कर्मचारियों पर सिर्फ बोझ बढ़ता जा रहा है और समाधान कुछ नहीं हो रहा है।

**इंटरनेट की धीमी गति बड़ी समस्या :** इंटरनेट की धीमी गति और फोटो अपलोड करने जैसी तकनीकी समस्याएं भी काम में बड़ी रुकावट बन रही हैं। पलामू जिले में कुछ इलाकों में धीरे-धीरे म्यूटेशन की प्रक्रिया शुरू की गई है, लेकिन वहां भी अधिकांश म्यूटेशन फाइलें लंबित पड़ी है। इस कारण आम जनता को काफी परेशानी हो रही है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक पर्याप्त प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता नहीं दी जाती, तब तक यह व्यवस्था अपेक्षित लाभ नहीं दे पाएगी।

**बड़े अधिकारी कहते हैं, म्यूटेशन जल्दी करो, पर कैसे ? :** राज्य के सभी जिले में डीसी की बैठकों में एक बात बार-बार दोहराई जाती है कि लंबित म्यूटेशन के मामलों का जल्द निपटारा करें। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। क्या डीसी को सच में मौजूदा हालात की जानकारी है या फिर ये निर्देश सिर्फ कागजी बैठकों और दबाव के आंकड़ों तक सीमित रह गए हैं।

### जियो टैगिंग बन रही जनता की परेशानी का कारण

सरकार की मंशा भले ही जमीन व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार लाने की हो, लेकिन अधूरी तैयारी और आधे-अधूरे सिस्टम के साथ कोई भी सुधार अव्यवस्था में बदल जाता है। फिलहाल झारखंड में म्यूटेशन का काम लगभग ठप है। हजारों मामले पेंडिंग हैं। जनता महीनों से चक्कर काट रही है और सरकारी तंत्र चुप है। अगर हालात पर समय रहते गंभीरता नहीं दिखाई गई, तो जियो टैगिंग व्यवस्था, जमीन सुधार की योजना नहीं, नए विवाद और जनता की नई मुसीबत का कारण बन जाएगी।

### क्या कहते हैं अधिकारी

वैसे तो सीओ इस मुद्दे पर खुलकर बात करने कतराते रहे। लेकिन कुछेक अंचल अधिकारियों का कहना है कि सरकार ने बुनियादी तैयारियों को दरकिनार कर जल्दबाजी में इसे लागू कर दिया। पहले रिक्त पदों पर बहाली की जानी चाहिये, ताकि काम का बोझ संतुलित हो। फिर सभी कर्मचारियों को पूरी तरह प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। उसके बाद ही इस तरह की तकनीकी व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाना चाहिए। ताकि इसका नुकसान आम जनता को न झेलना पड़े।

# कृषक मित्रों का जोरदार प्रदर्शन किया कृषि मंत्री का आवास घेराव

## सकारात्मक वार्ता तक हड़ताल जारी रहेगी : शशि भगत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के कृषक मित्रों ने सोमवार को राजधानी रांची में जोरदार प्रदर्शन करते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के बनोहरा स्थित आवास का घेराव किया। यह प्रदर्शन पंडरा बाजार समिति के समीप बनोहरा रोड में हुआ, जहां प्रदेश भर से हजारों की संख्या में कृषक मित्र जुटे। आंदोलन का नेतृत्व कृषक मित्र महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार भगत ने किया। हालांकि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की दिल्ली प्रवास पर होने के कारण वार्ता नहीं हो सकी। लेकिन दोपहर 2 बजे प्रदेश अध्यक्ष शशि भगत से टेलीफोन पर बातचीत हुई। मंत्री ने आश्वस्त किया कि दिल्ली से लौटते ही प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की जाएगी।



**दस बजे तक पूरी तरह से जाम हो गया था पंडरा-बनहौरा मुख्य मार्ग :** सुबह आठ बजे से ही राजधानी में कृषक मित्रों का जमावड़ा शुरू हो गया था और दस बजे तक पंडरा-बनहौरा मुख्य मार्ग पूरी तरह से जाम हो गया।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय प्रशासन ने दो स्तरों पर बैरिकेडिंग की, और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन कृषक मित्र मंत्री से वार्ता की मांग पर अड़े रहे।

प्रदर्शनकारियों ने झारखंड सरकार हाय-हाय, कृषक मित्रों का मानदेय लागू करो, शोषण बंद करो.... जैसे नारे लगाते हुए सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की। कृषक मित्रों की मुख्य मांगों में मानदेय की नियमित व्यवस्था, विभागीय दबाव से मुक्ति और सम्मानजनक कार्य की गारंटी शामिल है।

### अब आगे क्या?

कृषि मंत्री की राजधानी वापसी और प्रत्यक्ष वार्ता के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि सरकार कृषक मित्रों की मांगों पर क्या रुख अपनाती है। फिलहाल हड़ताल जारी है और खरीफ सीजन पर इसका असर गहराता जा रहा है।

### सरकार की गीदड़भभकी से नहीं डरेंगे : सिंह

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जिला अध्यक्षों के साथ बैठक कर यह निर्णय लिया कि कृषि मंत्री से प्रत्यक्ष वार्ता होने तक हड़ताल जारी रहेगी। शशि भगत ने कहा कि यह आर-पार की लड़ाई है, जब तक समाधान नहीं होता, कोई कृषक मित्र काम पर नहीं लौटेगा। वहीं, महासचिव सुभाष सिंह ने कहा कि इस आंदोलन से राज्य भर में खरीफ कार्य ठप हो गया है और बीज वितरण में विभाग को भारी कठिनाई हो रही है। इस मौके पर प्रदेश सचिव राजेश प्रजापति, जिला अध्यक्ष दुःखभंजन निराकार, धर्मेन्द्र यादव, अजय महथा, अवनीत सिंह, रविन्द्र सिंह, प्रकाश महतो, रामोतार उर्फ पप्पू यादव, कर्मदयाल साहू, रामप्रवेश महतो, विक्की राज, अशोक यादव, जगदीश राम, विनोद बैठा, जयकांत तिवारी, अक्षय कुमार दे, अबू ताहिर, हिजबुल खान समेत हजारों की संख्या में कृषक मित्र मौजूद रहे।

# आरक्षण और स्थानीय नीति पर आजसू की राजनीति दोहरी और अवसरवादी : पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने आजसू पार्टी द्वारा सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को पूरी तरह राजनीतिक प्रपंच और जनता को गुमराह करने की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी झारखंड में ओबीसी आरक्षण को 24 से घटकर 14 प्रतिशत करने के लिए जिम्मेदार है, वह आज आरक्षण पर नैतिकता की दुहाई दे रही है, यह झारखंड की जनता के साथ एक भद्दा मजाक है। आजसू पार्टी अपनी ऐसी दिशाहीन नीतियों के कारण आज जनता के बीच अपना जनाधार खो चुकी है। पिछले चुनावों के परिणाम पर गौर करें तो ये साफ नजर आता है कि आजसू पार्टी का अब कोई जनाधार नहीं बचा है।

विनोद पांडेय ने कहा कि जब झारखंड की लोकप्रिय हेमंत सरकार ने ओबीसी को 27% आरक्षण देने की पहल की थी, तब न्यायालय में जाकर इसे रोकने की कोशिश एनडीए गठबंधन के सहयोग से हुई थी। आजसू पार्टी एनडीए का महत्वपूर्ण घटक दल है। आजसू पार्टी को पहले यह बताना चाहिए कि ओबीसी आरक्षण पर उसका स्टैंड क्या है? अगर वह ओबीसी के हक में है, तो पहले यह स्पष्ट करे कि अदालत में आरक्षण रोकने वालों के साथ वह क्यों खड़ी थी ? और आजसू के साथ गठबंधन वाली बाबूलाल मरांडी की सरकार में ओबीसी आरक्षण घटाया गया था, तब आजसू पार्टी सहमत क्यों थी। आजसू पार्टी अपने इतिहास के इस कलंक को कभी नहीं मिटा सकती। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी स्पष्ट नीतियों और के कारण आज देश के सबसे बड़े आदिवासी नेता यूं ही नहीं बन गए हैं। उनके कार्यों से, नीतियों से, निर्णयों से, योजनाओं से समाज का हर वर्ग लाभान्वित है, खुश है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुकाबला करने के लिए सबसे पहले जरूरी है उनके जैसा उदार और संवेदनशील बनना।

### बिना प्रखंड अध्यक्ष के प्रखंड में प्रदर्शन, भाजपा का संगठनात्मक दिवालियापन : झामुमो

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने भाजपा कर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा का संगठन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। दिसंबर 2024 से संगठनात्मक चुनाव लटका पड़ा है, लेकिन सात महीने बाद भी 517 प्रखंड अध्यक्ष नहीं बने, ज़िला अध्यक्ष नहीं है और पार्टी पूरी तरह से नेतृत्वविहीन हो चुकी है। ऐसे में 264 प्रखंडों में प्रदर्शन का ऐलान करना भाजपा की राजनीतिक नौटंकी के अलावा कुछ नहीं है। भाजपा आज प्रखंडों में प्रदर्शन करने की बात कर रही है, लेकिन जिन प्रखंडों में अध्यक्ष तक नहीं हैं, वहां प्रदर्शन कैसे और कौन करेगा? ये सब सिर्फ अंदरूनी अव्यवस्था को ढंकने और जनता को भ्रमित करने का खेल है। बाबूलाल मरांडी को एक साथ नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है। ये साफ संकेत है कि भाजपा के पास कोई दूसरा भरोसेमंद चेहरा या नेतृत्व नहीं बचा है। भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इन्हीं कारणों से अभी तक नहीं बन पाया है।पार्टी खुद को नहीं संभाल पा रही, फिर राज्य को क्या दिशा देगी? डॉ. तनुज ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब मुद्दों पर नहीं, विरोध के नाम पर शोर मचाने में सिमट गई है। उन्हें न जनता की परवाह है, न राज्य के विकास की चिंता। हर बार चुनाव के पहले जनता की याद आती है, और बाकी समय दिल्ली और रांची में सिरफुटौव्वल चलती रहती है।

## मौत के बाद इंसानियत जिंदा रहनी चाहिये : इरफान अंसारी

### सोशल मीडिया एक्स पर स्वास्थ्य मंत्री ने किया पोस्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि मौत के बाद इंसानियत जिंदा रहनी चाहिये। यह बातें उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है। मंत्री ने कहा है कि हमने एक ऐसा मानवीय फैसला लिया है, जिसकी गूंज न सिर्फ राज्य में बल्कि पूरे देश में सुनी जा रही है। अब किसी भी मरीज की मृत्यु के बाद अस्पताल शव को रोक कर नहीं रखेगा। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिली है।

उन्होंने लिखा है कि कई बार देखा गया है कि आर्थिक तंगी के कारण गरीब परिवार अपने ही प्रियजन का अंतिम संस्कार समय पर नहीं कर पाते थे। लेकिन अब इस संवेदनशील फैसले से हर वर्ग को इंसाफ मिला है। लोग कह रहे हैं, मुसीबत के समय अगर कोई सहारा बनता है, तो वही सच्ची श्रद्धांजलि और इंसानियत है।

मंत्री ने लिखा है कि यह फैसला केवल एक सरकारी आदेश नहीं, बल्कि कांग्रेस की उस विचारधारा का प्रतिबिंब है, जो हर पीड़ित, हर जरूरतमंद के साथ खड़ी होती है। यही है कांग्रेस की असली ताकत- सेवा, संवेदना और सहयोग। राहुल गांधी और कांग्रेस आलाकमान ने मुझे जो जिम्मेदारी दी उसे उसे राज के हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा करके निभा रहा हूं।

## प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू का पांच दिवसीय झारखंड दौरा 26 जून से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू 26 जून से पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर रहेंगे। प्रभारी के. राजू 26 जून को सुबह 11.10 बजे संथाल परगना पहुंचेंगे। इस दौरे के दौरान वे विभिन्न जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेंगे। साथ ही पार्टी कार्यकताओं के साथ संवाद करेंगे और संथाल में कांग्रेस की नई रणनीति पर भी मंथन करेंगे।

के राजू अपने दौरे के पहले दिन देवघर जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद वे जामताड़ा में जिला पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेंगे।

27 जून को के राजू दुमका जिला कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद वे महगामा विधानसभा गोड्डा में पार्टी कार्यकताओं की बैठक में भाग लेंगे। 28 जून को वे गोड्डा जिला पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेंगे और पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों की बैठक में भी शामिल होंगे। 29 जून को के. राजू लिप्तीपाड़ा मोड पर सिदो-कान्हो और फुलोझानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण और कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे तिनमोदिनी में सिदो-कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे और शाम 6 बजे साहेबगंज जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे। 30 जून को के राजू पंचकटिया से भोगनाडीह तक पदयात्रा कार्यक्रम में भाग लेंगे और सुबह 09:30 बजे भोगनाडीह साहिबगंज में सिद्धो-कान्हो और चांद भैरव प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

## भाकपा माले की दो दिवसीय राज्य स्तरीय बैठक शुरू

**रांची।** भाकपा माले की दो दिवसीय राज्य स्तरीय बैठक सोमवार को शुरू हुई। बैठक रांची स्थित पुराने विधान सभा हॉल में हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से आये कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में 9 जुलाई को होने वाली हड़ताल को लेकर चर्चा हुई। हड़ताल को पूरे राज्य में सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में जनसंगठन को मजबूत बनाने और संगठन का तेजी से विस्तार की रणनीति बनाई गयी। बैठक गीत मंडल, हलधर महतो और रवींद्र भुइयां(3 सदस्यीय अध्यक्ष मडंल) की देख रेख में हुई। बैठक में राज्य सचिव मनोज भक्त, विधायक विनोद कुमार सिंह, शुभेन्दु सेन, विधायक बबलू महतो सहित राज्य के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## रिम्स 2 के मुद्दे पर फिक्स्ड मैच खेल रहे गठबंधन के नेता : प्रतुल शाह देव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार रिम्स टू के भूमि अधिग्रहण मुद्दे पर अपने सहयोगी दल कांग्रेस के दो अग्रणी नेताओं से विरोधाभासी बयान दिलवाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है । उन्होंने कहा कि यह पूरे तरीके से फिक्स्ड मैच है। सरकार जबरन आदिवासियों की खेती वाली जमीन पर रिम्स टू का निर्माण करने जा रही थी। उस जमीन को सरकारी जमीन बता रही थी। जबकि दस्तावेज बता रहे थे कि जमीन का कभी अधिग्रहण भी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी में रिम्स टू बनाने के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत की तो सरकार बैकफुट पर आ गई।बुरे तरीके से फंसी सरकार अब कांग्रेस के दो अग्रणी नेताओं से विरोधाभाषी बयान दिलवाकर कन्फ्यूजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की ने 1 महीने बाद मुख्यमंत्री से मांग की है कि आदिवासियों के कृषि योग्य जमीन पर रिम्स टू का निर्माण नहीं होना चाहिये। यह एक महीना विलंब क्यों हुआ। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के आदिवासी इस जबरन निर्माण के खिलाफ थे।इसलिये, सरकार बचने का रास्ता खोज रही थी। उन्होंने कहा कि अब लगता है सरकार के इशारे पर ही स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी कह रहे हैं कि हर हालत में रिम्स टू उसी जगह पर बनेगा। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने स्पष्ट किया था कि किसी भी सूरत में नगड़ी में आदिवासियों की कृषि भूमि पर रिम्स टू नहीं बनने दिया जायेगा ।

## कोयला मंत्रालय और राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल का तीन दिवसीय सीसीएल दौरा

# सीएसआर पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और तकनीक का किया अवलोकन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। कोयला मंत्रालय, पीआईबी, पीटीआई, जी-बिजनेस, आजतक, आउटलुक बिजनेस, ईटी एनर्जीवर्ल्ड, डीडी न्यूज, आकाशवाणी समेत दिल्ली के प्रमुख राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के वरिष्ठ पत्रकारों एवं मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने सीसीएल के विभिन्न कोयला क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य न केवल सीसीएल के खनन योगदान को देश की ऊर्जा सुरक्षा में प्रदर्शित करना था, बल्कि इसके सीआरएस योजनाओं, सतत विकास की दिशा में किए गए प्रयासों और समुदाय उत्थान की पहलों को राष्ट्रीय मीडिया के माध्यम से पूरे देश में प्रसारित करना भी था। तीन दिवसीय इस दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सीसीएल द्वारा संचालित प्रमुख सीएसआर योजनाओं जैसे - 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल की लाडली' केंद्र का निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इन योजनाओं के छात्र-छात्राएं आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईआईआईटी और बीआईटी मेसरा जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिला ले चुके हैं। इनमें से दो छात्रों ने न केवल इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाएं उत्तीर्ण कीं, बल्कि अपनी शिक्षा पूर्ण कर अब सीसीएल में खनन अभियंता के रूप में कार्यरत हैं। इनमें से एक है रामगढ़ जिले के शिक्षक पुत्र दिव्यांशु कुमार मिश्रा एवं दूसरा है एनके क्षेत्र के भोला राम बघेल के पुत्र मातलू बघेल। ये सीसीएल में सहायक प्रबंधक के रूप में कार्यरत है।



**सीएचपी तकनीक से प्रदूषण-रहित कोयला लोडिंग संभव :** प्रतिनिधिमंडल ने बरका सायाल और उत्तरी ऊरीमारी क्षेत्रों का दौरा कर सीसीएल की पर्यावरण संरक्षण हेतु अपनाई गई आधुनिक तकनीकों जैसे- कोल हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) और एफएम परियोजना का अवलोकन किया। सीएचपी तकनीक से तेज और प्रदूषण-रहित कोयला लोडिंग संभव हो रही है, जिससे पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इस दौरान बरका सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह ने प्रतिनिधिमंडल का मार्गदर्शन किया और उन्हें क्षेत्र में संचालित परियोजनाओं, योजनाओं एवं सतत पहलों की विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने मछली पालन परियोजना का भी जायजा लिया और लाभार्थी परिवारों से मिलकर जाना कि सीसीएल उनको कैसा सहयोग कर रही है।

**अंडरग्राउंड खदान का दौरा :** वहीं, दूसरे दिन प्रतिनिधिमंडल ने एनके क्षेत्र स्थित चूरी अंडरग्राउंड खदान का दौरा किया और वहां पर उपयोग हो रही उन्नत माइनिंग तकनीकों को देखने के लिए अंडरग्राउंड खदान तक गए और एक-एक कर सारी बारिकियों को जाना। इस दौरान एनके क्षेत्र के महाप्रबंधक श्र दिनेश कुमार गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल को भूमिगत खनन की बारीकियों और तकनीकों की जानकारी दी। पत्रकारों ने खदान में कार्यरत महिला कर्मचारियों से बातचीत की और सीसीएल द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने कोल इंडिया की पहली महिला खनन अभियंता आकांक्षा कुमारी से भी संवाद किया और उनके कोयला खदान में काम करने के अनुभवों को जाना।

**सीएमपीडीआई में तकनीकी झलक :** अंत में, सभी ने सीएमपीडीआई स्थित एनएसीसीईआर 5 जी परीक्षण प्रयोगशाला और पृथ्वी विज्ञान संग्रहालय का दौरा किया। सीएमडी मनोज कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर सभी ने कंपनी के आगामी परियोजनाओं, विदेशी निवेश और तकनीकी पहलुओं पर जानकारी ली।

### दो नई खदाने खोलेगी सीसीएल

इसके बाद सीसीएल मुख्यालय में सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन मिश्रा एवं निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र से मुलाकात कर पत्रकारों ने कंपनी की योजनाओं, भविष्य की रणनीतियों, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सीएसआर के कार्यों पर गहन चर्चा की। इस अवसर पर सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में सीसीएल दो नई खदानें खोलने जा रही है, जिससे कंपनी के कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### खेलगांव परिसर का दौरा

वहीं, दौरे के अंतिम दिन प्रतिनिधिमंडल ने खेलगांव परिसर में झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों से भेंट की। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी इस दौरान उपस्थित थे। महिला सशक्तिकरण की दिशा में, पत्रकारों ने सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं से मुलाकात की और उनके जीवन में आए बदलाव को जाना। इसके अलावा सीसीएल के द्वारा ही चलाए जा रहे योजना 'रक्षक' के बारे में जाना, इस योजना के तहत हम सड़क पर घूम रहे बीमार पड़ चुके कुत्तों को पकड़कर उनका इलाज करते हैं तथा उन्हें फिर वापस सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाता है। ज्ञात हो कि इस योजना से प्रभावित होकर सराहना करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाओं को अन्य संस्थानों द्वारा भी चलाया जाना चाहिए।

सुप्रभात
मंगलवार 24.06.2025
धनबाद, वर्ष 02, अंक 100
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 72 वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई

**खबर मन्त्र संवददाता**

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के तत्वाधान में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मारक स्थल, सिटी सेंटर चौक में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 72 वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मारक स्थल पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। बलिदान दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए था।

इस अवसर पर उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल ने कहा कि, उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की जो एक राजनीतिक दल था। जिसने भारत की स्वतंत्रता के बाद भारत की एकता और अखंडता के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य किया। जिला महामंत्री मानस प्रसून एवं धनेश्वर महतो ने कहा कि, एक देश में दो विधान, दो प्रधान, और दो निशान नहीं चलेगा का नारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देकर भारत की एकता को एक नई दिशा दी। जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हाँसदा, शेखर सिंह, जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा ने कहा कि, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा है। हमें उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव अग्रवाल, रमेश राही, मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, वीरेंद्र हांसदा, पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, शेखर सिंह रणजीत सिंह बिल्लू, अरुण राय, सुनील उरांव, रमा सिन्हा, नित्यानंद मंडल, पुरुषोत्तम रंजन, रूपेश सिन्हा, संतोष सिंह, अनिल खेमका, सूरज पासवान, गोविंदा राउत, राजाराम दत्ता, संजय कुशवाहा, मनोज रिंकू सिन्हा, उमेश सिंह, बबलू फरीदी, रुमकी गुप्ता, रौशनी पांडेय, गुड़िया देवी, गीता सिंह, पिंकी दास, शिल्पी घोष, रामदेव महतो, टुन्ना सिंह, इंद्रकांत झा, आनंद खंडेलवाल, राजकुमार मंडल, अमरजीत कुमार, मनोज सिंह भवानी, संतोष सिंह, बबलू फरीदी नीरज सिन्हा, हुलास दास, अमित सिंह, अजय मालाकार, सरोज शुक्ला, कपूर रवानी सहित जिले के सभी पधाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवम सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# भारी बारिश के बीच बन रही निगम की कालीकृत सड़कें

**सड़कों पर पानी या पानी में सड़कों का निर्माण**

**खबर मन्त्र संवददाता**

**सिंदरी।** सिंदरी सहित पूरे झारखंड में बीते 18 जून से लगातार बारिश हो रही है। इसमें बीते तीन महीने से निगम का टेंडर प्राप्त चिरनिद्रा में सोए संवेदक बारिश के बीच कालीकृत सड़कें बना रहा है। सोमवार को इस कार्य का विरोध भाजपा पूर्व सिंदरी नगर अध्यक्ष विजय सिंह सहित स्थानीय लोगों ने किया।

भाजपा नेता ने कहा कि नगर निगम के इंजीनियर की अनुपस्थिति में संवेदक बारिश में सड़कें बनाकर भाग जाना चाहता है। इसके पूर्व भी सिंदरी में संवेदक द्वारा बनाई गई सड़कें आज गढ्ढों के बीच सिर्फ मार्ग बनकर रह गई है। उनमें सड़कें गायब हैं और अक्सर लोग इसमें गिरते रहते हैं। भाजपा नेता विजय सिंह ने निगम पर आरोप लगाया कि इससे साफ साबित होता है कि नगर निगम के वरीय अधिकारियों की मिलीभगत से किसी तरह सड़कें बनाकर संवेदक को फायदा पहुँचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इसे सोशल मीडिया में वायरल करते हुए बताया है कि संवेदक एम एम जी कंपनी गीली सड़कों पर जेसीबी मशीन से तेल छिड़काव कर कालीकृत सड़कें बना रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत की जाएगी।

धनबाद नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि नवनिर्माण सड़क के टूटने पर संवेदक को पुनः बनाना होगा। उन्होंने कहा कि जनता को घबराने की जरूरत नहीं है।

# अबूआ एवं पीएम आवास योजना मे प्रगति की बीडीओ ने की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवददाता**



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड कार्यालय में सोमवार को बीडीओ मुरली यादव ने पंचायत सचिव के साथ अबूआ एवं पीएम आवास को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। इस अवसर पर बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में चल रहे मनरेगा योजना व अबुआ आवास की बारी-बारी से समीक्षा की। बीडीओ ने कहा कि जिस लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि मिल गई है। वैसे लाभुकों को कार्य आरंभ करवाये। वैसे लाभुकों जो आवास नही बना रहे है। उनके घर जाकर आवास बनने को लेकर प्रेरित करें। इस वर्ष आवास की स्वीकृति मिल चुकी है, उन्हें भी कार्य को पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ वर्ष 2024-25 के अबुआ व पीएम आवास के स्वीकृत लाभुकों का जियो टैग किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में तेजी लाते हुए वित्त वर्ष में योजनाओं को पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। समय-समय पर प्रखंड के अधिकारियों की टीम की ओर से पंचायत में चल रही योजनाओं का निरीक्षण किया जायेगा, ताकि योजनाओं को समय पर पूर्ण कराया जा सके। मौके पर पंचायच सचिव सुचिता मरांडी, पम्पा मांझी, पानसोर मरांडी, हराधन मांझी, शिशु धीवर, दिलीप मंडल आदि उपस्थित थे।

## नारायणपुर पंचायत में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष कार्यक्रम शिविर का आयोजन



**जामताड़ा।** नारायणपुर पंचायत के जबरदाहा और पहाड़पुर में सोमवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ मुरली यादव एवं सीओ देवराज गुप्ता ने इस शिविर के उदेश्य के बारे में बताते हुए इसके लाभ लेने की अपील किया। प्रखंड विकास शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों से चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में बाल विकास परियोजना विभाग, राजस्व विभाग, कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा, कृषि विभाग, मनरेगा, आवास योजना, स्वास्थ्य विभाग, जेएसएलपीएस के योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही साथ जाति प्रमाण पत्र, केसीसी फॉर्म, राशन से संबंधित आवेदन, पेंशन से संबंधित आवेदन, ग्रामीणों ली गई। शिविर में कृषि पदाधिकारी लव कुमार, पंचायत सचिव पूजा माझी पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, बीएफटी सहित प्रखंड और अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## चितरना गांव में 2.48 लाख की योजना में लापरवाही, ग्रामीणों ने किया विरोध

**खबर मन्त्र संवददाता**

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के केंदुआ पंचायत अंतर्गत चितरना गांव में सोमवार को चल रहे स्नान घाट निर्माण में भारी अनियमितता को लेकर ग्रामीण भड़क उठे। करीब 2 लाख 48 हजार रुपये की लागत से 15वीं वित्त आयोग योजना अंतर्गत निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन काम में खुल्लमखुल्ला लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सीमेंट की मात्रा बेहद कम डाली जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने इसे खुलेआम भ्रष्टाचार करार दिया और कहा कि यदि अब भी रोक नहीं लगी, तो यह राशि पानी में बह जाएगी। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कनीय अभियंता से की, साथ ही संवेदक को चेतावनी दी कि गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**क्या बोले कनीय अभियंता जितेश दास**

कनीय अभियंता जितेश दास ने माना कि उन्हें ग्रामीणों से शिकायत मिली है। उन्होंने कहा, मैं दो दिन की छुट्टी पर हूं, लेकिन संवेदक को गुणवत्ता सुधारने का निर्देश दिया है। यदि सुधार नहीं हुआ तो निर्माण स्थल पर जाकर स्वयं जांच करूंगा और गड़बड़ी पाई जाने पर कार्रवाई तय है।

## एसपीएम कॉलेज में डॉ मुखर्जी किए गए याद



**सिंदरी।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटर कॉलेज सिंदरी में सोमवार को देश के प्रथम वाणिज्य व उद्योग मंत्री डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के 72 वीं पुण्यतिथि पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर कॉलेज परिवार ने उनके बलिदान को याद किया। प्रभारी प्राचार्य सुदीप पाल ने कहा कि उनका नारा था एक देश में एक विधान, एक निशान और एक प्रधान होगा। कार्यक्रम में प्रो उमा लाल दास, प्रो अजय कुमार, प्रो पिंकी सिंह, प्रो सहाना राय, प्रो कुमारी रमा, प्रो प्रियंका कुमारी, प्रो उमेश कुमार मिश्रा, प्रो हर्ष सिंह, प्रो गीता कुमारी, प्रो उज्जवल कुमार, प्रो राहुल कुमार महतो, मदन मोहन पाठक, शिवपूजन सिंह, सुकुमार चक्रवर्ती, अनिल कुमार बाउरी, रूपा चक्रवर्ती, पुनम कुमारी, पुरन सिंह, सावित्री, बेबी देवी, राकेश कुमार महतो, गोपाल धीवर व जगदीश उपस्थित हुए।

## डॉ मुखर्जी की श्रीनगर में बलिदान को देश अभी भूला नहीं है : दिनेश सिंह



**सिंदरी।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 72 वीं बलिदान दिवस पर भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा का नेतृत्व कर रहे भाजपा जिला प्रबुद्ध प्रकोष्ठ संयोजक दिनेश सिंह सहित कई कार्यकताओं ने महान विभूति के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भाजपा नेता दिनेश सिंह ने कहा कि देश डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की श्रीनगर में बलिदान को देश अभी भूला नहीं है। उन्होंने शिक्षा के जगत में भी कई काम किए और देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने अल्पसंख्यकों, क्षेत्रीय भाषाओं के प्रभाव सहित कई बहसों में हस्तक्षेप किया। स्वतंत्रता के बाद डॉ मुखर्जी विपक्ष के एक प्रमुख सदस्य बन गए थे। श्रद्धांजलि सभा में कामेश्वर सिंह, रणधीर सिंह, मणि भूषण सिंह, बृजेश सिंह, सुनील सिंह, राज बिहारी सिंह, नकुल सिंह, कुंदन श्रीवास्तव मौजूद थे।

## प्रोत्साहन मिलने से विद्यार्थियों में और अच्छा करने की ललक बढ़ती है: प्राचार्य

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार में सोमवार को 11 वीं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाले विद्यार्थियों को बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की भूमिका एवं अतिथि परिचय उप प्राचार्य मनोज कुमार ने कराया। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने मीडिया कर्मियों को बताया कि अच्छा करने वाले विद्यार्थियों को जब प्रोत्साहन मिलता है तब उनमें और अच्छा करने की ललक बढ़ती है ,साथ ही वैसे बच्चे जो बहुत अच्छे अंक प्राप्त नहीं कर पा रहे उन्हें प्रेरणा भी मिलती है। प्राचार्य श्री मिश्रा ने बैंक ऑफ बड़ौदा के इस पहल की सराहना की। बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर राजेश कुमार ने मानसी , शौर्य झा, शुभ अग्रवाल, यशिका अग्रवाल, अनुष्का सरखेल को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह ,ब्रांच मैनेजर राजेश कुमार के अलावा बैंक के अन्य दो अधिकारी निरंजन कुमार एवं संतोष कुमार उपस्थित थे।



# बीआईटी सिंदरी में मादक पदार्थो के विरुद्ध जागरुकता रैली का आयोजन



**खबर मन्त्र संवददाता**

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी में मादक पदार्थों के विरुद्ध जन-जन को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली का आयोजन सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के नोडल पदाधिकारी डॉ निशिकांत किस्कू और समन्वयक प्रो प्रशांत रंजन ने किया।

रैली का शुभारंभ संस्थान के महाप्रतिपालक डॉ राजीव कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर प्रोफेसर जितेंद्र नाथ महतो, प्रो नरेश प्रसाद चौधरी, प्रो मनोज कुमार मिश्र, प्रो महेंद्र कुमार भगत, प्रो संग्राम हेंब्रम तथा प्रो राजेंद्र मुर्मू उपस्थित थे। साइकिल रैली संस्थान के प्रशासनिक भवन से आरंभ होकर विभिन्न विभागों, छात्रावासों और आसपास के क्षेत्र से गुजरते हुए बीआईटी के मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंची। प्रतिभागी हांथो में नशा विरोधी संदेशों से युक्त तख्तियां लिए हुए थे। तख्तियों पर लिखा था नशा छोड़ो, जीवन संवारो, स्वस्थ युवा, समृद्ध राष्ट्र। इस संदेश ने नशा के खिलाफ लोगों को जागरुक करने में सफलता पाई। रैली के समापन पर डॉ राजीव वर्मा ने मादक पदार्थों से दूर रहने तथा समाज मे सकारात्मक सोंच के प्रसार हेतु शपथ दिलाई।

## नीरज हत्याकांड, नही हाजिर हुए एसएफएसएल डायरेक्टर

# कोर्ट ने डायरेक्टर व डिप्टी डायरेक्टर को गवाही हेतू किया था सम्मन जारी

**खबर मन्त्र संवददाता**

**धनबाद।** नीरज सिंह हत्याकांड में सोमवार को एसएफएसएल के डायरेक्टर व डिप्टी डायरेक्टर आर एस सिंह एवं बी के ठाकुर गवाही हेतू अदालत मे उपस्थित नही हुए। वही दूसरी ओर अपर लोक अभियोजक सत्येंद्र राय ने आवेदन देकर समय देने की याचना की। अदालत ने सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है। 20 जून 25 को सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक सतेंद्र राय ने आवेदन दायर कर अदालत को यह बताया था कि 18 जून 25 को पारित आदेश को सूचक उच्च न्यायालय मे चुनौती देगी इस कारण उन्हे समय दिया जाए। उल्लेखनीय है कि 18 जून 25 को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चन्द्र अवस्थी की अदालत ने सागर सिंह द्वारा दायर अर्जी को स्वीकार करते हुए एसएफएसएल के डायरेक्टर व डिप्टी डायरेक्टर को गवाही हेतू हाजिर होने का आदेश दिया था। सागर की अर्जी पर दलील देते हुए अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने कहा था कि एसएफएसएल के द्वारा विभिन्न तरह के सामानों की जांच की गई थी। फिंगरप्रिंट, डीएनए भी जांच की गई थी, क्राइम सीन पर एसएफएसएल ने फोटोग्राफ्स भी बनाए थे परंतु उन्हें अभियोजन ने गवाही के लिए नहीं बुलाया। दोनों गवाह विशेषज्ञ गवाह है जिनकी गवाही इस मामले में आवश्यक है इसलिए एस एफ एस एल के डायरेक्टर व डिप्टी डायरेक्टर को गवाही देने हेतु नोटिस जारी किया जाए। वहीं अपर लोक अभियोजक सतेंद्र राय ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा था कि दोनों दस्तावेज पूर्व में ही प्रदर्श के रूप में अंकित किए जा चुके हैं इसलिए उन्हें बुलाने की आवश्यकता नहीं है। बताते हैं कि इस मुकदमे में आरोप पत्र में पुलिस ने कुल 70 लोगों को गवाह बनाया था जिसमें से अभियोजन ने 37 गवाहों का परीक्षण अदालत में कराया है। जबकि एसएफएसएल के डायरेक्टर व डिप्टी डायरेक्टर का परीक्षण नहीं कराया था।

21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम 4 हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी थी।

**स्पीड न्यूज**

## सड़क हादसा मे बच्चा गंभीर रूप से घायल

**गिरिडीह/बिरनी।** बिरनी प्रखंड के बाराडीह पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने एक बच्चे को ठोकर मार दी, जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान जमुनीयाटांड़ निवासी रसमणि साव के पुत्र के रूप में हुई है। बाइक चालक, करमबा निवासी, भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ। सूचना मिलते ही भरकट्टा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

## चार लेबर कोड़ रद्द करने एवं अन्य मांगों के समर्थन में अभियान



**कतरास।** चार लेबर कोड़ रद्द करने एवं अन्य मांगों के समर्थन में सोमवार को रामकनाली कोलियरी क्षेत्र से सिटू के द्वारा जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। मांगों के समर्थन में जम कर नारेबाजी किया। राजेन्द्र प्रसाद राजा-सचिव, संजय महतो, मनोज कुमार, संतलाल राम, बिजय भुइंया, छतीश भुइंया, सुनील सोरेन, समरेश बाउरी, बासुदेव भुइंया, सत्येंद्र कुमार, मिठु बाउरी, संतोष नोनियां, संतोष वीपी, वृहस्पति राय, रामबालक भुइंया, आकाश मुंडा,मनोहर भुइंया, प्रकाश भुइंया, सोमर भुइंया, अशोक कुमार, मनोज कुम्हार आदि कर्मचारी शामिल हुए।

## एग्यारकुण्ड प्रखंड कार्यालय में कृषकों का कार्यशाला आयोजित



**मैथन।** झारखंड नवीनीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा एग्यारकुण्ड प्रखण्ड सभागार में सोमवार को विभिन्न पंचायतों से आए कृषकों के लिये कार्यशाला का आयोजन किया गया। कृषकों को ऊर्जा का सही उपयोग, बिजली के न्यूनतम उपयोग से अधिक लाभ, ऊर्जा संरक्षण, नई समावेशी तकनीकी के प्रयोग से बेहतर कृषि विकल्प की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री श्रीकांत मंडल, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी बहादुर मूर्मू, प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी लालू रविदास, प्रधान सहायक प्रकाश चंद्र एवं कृषक उपस्थित थे।

## रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज में नशा मुक्ति पर संगोष्ठी



महुदा। रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज महुदा में सोमवार को नशा मुक्ति विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में छात्रा रूपा कुमारी, रितिका कुमारी, वीना कुमारी, सोनम कुमारी, राहुल कुमार छात्रों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव ने कहा कि आज पूरे समाज में मादक पदार्थों के सेवन की लत लग गई है, जिससे परिवार समाज का विकास अवरुद्ध हो गया है। नशा सेवन के कारण अपराध में बढ़ोतरी हुई है। यह एक समाजिक बुराई है। इसे नष्ट करने के लिए समाजिक चेतना, जागृति एवं एकजुट होकर प्रयास करने की जरूरत है। तभी इसपर सफलता पाई जा सकती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरुक होकर परिवार तथा समाज के प्रति जिम्मेदारियों को निभाना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. सजल बनर्जी, मंजू कुमारी, विजय कुमार महतो, रविकांत पांडेय, अजय शंकर महतो, त्रिलोकीनाथ बिंद पुष्पा कुमारी, सविता कुमारी, राजा गुप्ता, किशोर कुमार महतो, मोहन महतो आदि का योगदान रहा।

स्पीड न्यूज

## सेन्द्रा मे जमीन से गैस का रिसाव जारी



**लोयाबाद।** कनकनी कोलियरी के सेन्द्रा दो नंबर पंखा घर से मंगलवार को भी गैस निकलती रही। सोमवार को कोलियरी के मैनेजर धीरज सिन्हा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था। उन्होंने कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। गैस रिसाव रोकने के लिए पंखा घर को मिट्टी से भरने को कहा गया। हालांकि दोपहर बाद से हो रही बारिश के कारण मिट्टी भराई का काम शुरू नहीं हो सका। आसपास के लोगों ने बताया कि बारिश रुकने पर गैस का रिसाव कम हो जाता है। लेकिन जैसे ही बारिश का पानी रिसाव स्थल में जाता है, गैस का तेज रिसाव शुरू हो जाता है। गैस की तेज गंध से आसपास रहना मुश्किल हो गया है। मैनेजर ने कहा कि मिट्टी भराई की व्यवस्था की जा रही है।

## राणीसती दादी मंदिर समाज भवन प्रांगण में रक्तदान शिविर



**कतरास।** मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा पचगढ़ी बाजार स्थित राणीसती दादी मंदिर समाज भवन प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 40 से ज्यादा रक्तवीरों ने रक्तदान किया। जागो सामाजिक संस्था के राकेश रंजन उर्फ चुन्ना यादव रक्तदान किया। चिकित्सक डॉ विश्वनाथ चौधरी ने उन्हें स्मृति चिन्ह, सम्मानपत्र और पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। डॉ चौधरी ने कहा कि आप जैसे युवाओं पर समाज को गर्व है। चुन्ना यादव ने माड़वाड़ी युवा मंच के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। युवा मंच के अध्यक्ष मणि शर्मा, सचिव उमंग चौधरी, पीयूष साह, राजेश केडिया, प्रदीप सोनी, सुनील चौधरी, पप्पू राजगढ़िया, कर्ण अग्रवाल, नरेश शर्मा, भोलू केडिया, बुलबुल राजगढ़िया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## धरती आबा जनजातिय उत्कर्ष ग्राम के तहत शिविर का आयोजन



**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड अंतर्गत मोहलीडीह पंचायत में धरती आबा जनजातिय उत्कर्ष ग्राम अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा, मुखिया बुलू देवी, पंचायत सेवक विरेंद्र हांसदा, ने दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया। इसके तहत विभिन्न योजनाओं का शिविर लगाया गया था। जिसमें आधार कार्ड के लिए 33 एवं आयुष्मान भारत कार्ड के लिए 14 आवेदन जमा हुए तथा पेंशन योजना के 10 आवेदन प्राप्त हुआ। भिन्न-भिन्न योजनाओं के 126 आवेदन मिले। जिनमें 110 आवेदन का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड समन्वयक किशोर महतो, पंचायत समिति सदस्य मंटू मुर्मू, इफ्तिखार अहमद खान आदि उपस्थित थे।

# सरकारी आवास से अचानक हटाए जाने के विरोध में सफाई कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**पूर्व पार्षद ने मानवीय आधार पर आवास की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सदर अस्पताल परिसर में सरकारी आवास में रह रहे कर्मियों ने सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कर्मियों का कहना था कि यहां रहने वाले ज्यादातर लोग सफाई कर्मी है, जो वर्षो से यहां रह रहे है। अब स्वास्थ्य विभाग अचानक इन आवासों को जर्जर बताकर तोड़वाने का काम कर रहा है। हमलोग को नोटिस देकर जगह खाली करने का आदेश दिया गया है। लेकिन इसके एवज में कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। हमलोग कम पैसे में सरकारी विभागों में ही साफ सफाई का काम कर किसी तरह गुजर बसर करते है। यह क्वार्टर भी विभाग ने ही दिया था। हमलोग बस यही मांग करते है कि पहले हमे सुरक्षित घर दिया जाए, उसके बाद हटाया जाए। वहीं सफाई कर्मियों के समर्थन में पहुंचे पूर्व पार्षद कुमार अंकेश राज ने भी लोगों की मांगों को जायज ठहराया। उन्होंने कहा विभाग को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए। उसके बाद ही जगह खाली कराना चाहिए। इस संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजकुमार सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा कई बार चेतावनी देने के बावजूद कुछ लोग जर्जर क्वार्टरों में रह रहे है। अब विभाग कोई जोखिम नहीं ले सकता। इसलिए भवनों को ध्वस्त किया जा रहा है।

## बिलिंग एजेंसी के खिलाफ ऊर्जा मित्रों ने किया धरना प्रदर्शन

# आईडी चालू करने के एवज में पैसे मांगने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** आईडी बंद किए जाने को लेकर सोमवार को ऊर्जा मित्रों ने हीरापुर विद्युत सब डिविजन कार्यालय के समक्ष विरोध-प्रदर्शन किया।नेतृत्व कर रहे झारखंड ऊर्जा मित्र संघ के संस्थापक संतोष कुशवाहा ने कहा कि धनबाद और चास सर्कल में कुल 475 ऊर्जा मित्र कार्यरत हैं। तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए फ्यूजन बिलिंग एजेंसी ने इनकी आईडी बंद कर दी गई। लेकिन सच्चाई इससे भी बड़ी है। एजेंसी के लोग इनकी आईडी चालू कराने के एवज में पैसे की मांग कर रहे है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह अवैध वसूली बंद नहीं हुई और समस्या का शीघ्र समाधान नहीं निकला तो संघ पूरे धनबाद जिले में बिलिंग कार्य बंद कर दिया जायेगा।वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि ऊर्जा मित्र अपनी मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से बिजली विभाग का चक्कर काट रहे है। मुख्य अभियंता से भी मिल चुके है। लेकिन इनकी एक नहीं सुनी जा रही है। एजेंसी की लापरवाही और प्रशासनिक उपेक्षा ने इन्हें बुरी तरह परेशान कर रखा है। आए दिन इन्हे काम से निकालने की भी धमकी दी जाती है। लेकिन संघ अब बर्दाश्त नहीं करेगा। इनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो हमलोग आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होंगे।

## निदेशक डीआरडीए ने की धरती आबा जनभागीदारी अभियान की समीक्षा

# बीडीओ को अधिक से अधिक लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** डीआरडीए के निदेशक राजीव रंजन ने सोमवार को धरती आबा जन भागीदारी अभियान को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि इस अभियान का जिले में 30 जून तक इसका आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह एवं अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है।

शिविरों में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह एवं अनुसूचित जनजाति के योग्य लाभुकों को आधार कार्ड पंजीकरण, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम, पीएम आवास योजना सहित राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा अधिक से अधिक संख्या में लाभुकों को लाभ प्रदान करना है। निदेशक डीआरडीए ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अधिक से अधिक लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया।

वहीं प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद ने बताया कि 15 जून से 22 जून तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में 119 शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 30 हजार से अधिक लाभुकों ने भाग लिया। शिविरों में 976 लाभुकों को आधार कार्ड, 286 की टीबी जांच, 456 को आयुष्मान भारत कार्ड, 273 को जाति प्रमाण पत्र, 157 को किसान क्रेडिट कार्ड, 23 लाभुकों को पीएम जन धन योजना, 256 को पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, 26 को पीएम किसान सम्मन निधि योजना, 121 को पीएम मातृ वंदना योजना एवं एक लाभुक को पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना से जोड़ा गया है। इसके अलावा 1265 लाभुकों को राशन कार्ड, 1182 को मनरेगा, 4069 को घरेलू सामग्री, 192 को अधिवास प्रमाणपत्र (डोमिसाइल सर्टिफिकेट), 1146 का सिकल सेल परीक्षण, 110 को मिशन इंद्रधनुष, 46 को पीएम विश्वकर्म योजना तथा 15 लाभुकों को पीएम उज्जवला योजना का लाभ प्रदान किया गया है।

## भाजपा की बैठक में प्रखंड कार्यालय पर आहूत आक्रोश प्रदर्शन हुई चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** भाजयुमो के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के एग्यारकुण्ड स्थित आवासीय कार्यालय में सोमवार को धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर की अध्यक्षता में भाजपा की बैठक हुई। जिसमें एग्यारकुण्ड, मैथन एवं चिरकुण्डा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हेमंत सरकार की दमनकारी और भ्रष्टाचारी नीतियों के खिलाफ 24 जून को राज्य के प्रखण्ड कार्यालयों में होने वाली विशाल आक्रोश प्रदर्शन की सफलता पर खास चर्चा की गयी। एग्यारकुण्ड प्रखण्ड कार्यालय में भी विशाल आक्रोश प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। एग्यारकुण्ड मंडल अध्यक्ष सुरजीत चन्द्र, मैथन मंडल अध्यक्ष दीनबंधु महतो एवं चिरकुण्डा मंडल अध्यक्ष अरविन्द सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## औघड़ डंगाल मंदिर के विकास एवं पुजारियों की आपसी विवाद को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखंड के मेढ़ा पंचायत क्षेत्र में स्थित औघड़ डंगाल मंदिर के विकास व पुजारियों की आपसी विवाद को लेकर सोमवार को ग्रामीणों की एक आमसभा औघड डंगाल के प्रांगण में हुई। बैठक ग्रामीणों ने कहा कि औघड़ डंगाल मंदिर सैंकड़ों वर्ष पुराना है और यह सार्वजनिक स्थल है। जो कुल 12.5 बिगहा में फैला हुआ है।इस स्थल पर जगन्नाथ भगवान की पूजा, काली पूजा, महाशिवरात्रि पूजा व गोवर्धन पूजा होता आ रहा है, साथ ही यहां से भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा भी हर साल निकाला जाता है। लेकिन वर्षो गुजर जाने के बाद भी मंदिर का विकास नहीं हुआ। इसका कारण मंदिर कमिटी की लापरवाही व पुजारियों की मनमानी व आपसी विवाद बताया जाता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुरानी कमिटी की देखरेख में आगामी 29 जून को शाम 4 बजे ग्रामीणों की बैठक कर नई कमिटी की गठन की जायेगी।बैठक मेढा पंचायत के मुखिया मनोज राऊत, पंसस मैना बाउरी, माले नेता नागेन्द्र कुमार, कांग्रेस नेता टीके सिंह, धर्मराज यादव प्रोफेसर उदय यादव, यदुवीर गुप्ता, महंत लक्ष्मी दास, रामबाबू गिरि, नवल किशोर दास, वार्ड सदस्य सुखमय, सूरज पासवान, रणविजय सिंह, जितेंद्र शर्मा, शम्भु यादव, उत्तम यादव, प्रदीप पंडित, रवि सिंह, सत्येंद्र चौधरी, महेश विश्वकर्मा, केदार साव, पप्पू झा, राजेश सिंह सहित सैंकड़ों महिला-पुरूष उपस्थित थे।

## यह कार्यक्रम बाल-अनुकूल प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने में करेगा मदद : उपायुक्त

**बाल सुरक्षा कानून को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता




**गिरिडीह।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बाल सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने को लेकर सोमवार को नगर भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, बाल विवाह, बाल व्यापार, बाल मजदूरी, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण, पॉस्को, व्यक्तिगत और सामूहिक फोस्टर केयर, और आफ्टर केयर जैसी महत्वपूर्ण बाल संरक्षण संबंधी समस्याओं पर केंद्रित है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य, बाल संरक्षण से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों पर अद्यतित ज्ञान और कौशल प्रदान करना है, ताकि वे बच्चों के अधिकारों की बेहतर ढंग से रक्षा कर सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत, बच्चों के सर्वोत्तम हित को सुनिश्चित करने के लिए, बाल-अनुकूल प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा।

## अक्टूबर से सिंदरी वासियों को बिजली की समस्याओं से मिलेगा निजात

**सिंदरी।** सिंदरी में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से बदलाव कर रहा है। इसके अंतर्गत डीवीसी के पाथरडीह सब स्टेशन से 33 हजार किलो वाट का लाईन गौशाला सब स्टेशन तक लाया गया है। 33 हजार किलो वाट के लाइन को हर्ल के नवनिर्मित पावर सब स्टेशन तक ले जाया जाएगा। जेबीवीएनएल के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर एस के कश्यप ने बताया कि हर्ल के पावर सब स्टेशन में एक नया ट्रांसफर्मर लगाया जा रहा है। इस नये ट्रांसफर्मर से 33 हजार किलो वाट को 11 हजार वोल्ट में बदल दिया जाएगा और यही 11 केवीए शहर के विभिन्न ट्रांसफर्मरों तक पहुंचाया जाएगा। इस ट्रांसफर्मर से 220 वाट घरों तक आपूर्ति की जाएगी। इंजीनियर ने बताया कि पूरे शहर में बिजली के नये पोल लगा दिए गए हैं। अब पोलों पर तार लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। उन्होंने बताया कि पूरे शहर में निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए 200 केवीए का लगभग 100 ट्रांसफर्मर लगाए जाएंगे। जिससे ओवर लोड, केवल फाल्ट और जंफर टूटने की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

## एक नजर में

### सांसद ढुल्लू महतो की ओर से बहस पूरी, मामला डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने का

**धनबाद।** डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे की सुनवाई सोमवार को अदालत में हुई। इस दौरान सांसद ढुल्लू महतो हाजिर नहीं थे। धनबाद के एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत मे सांसद ढुल्लू की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ललन ओझा ने दलील पेश की। सांसद ढुल्लू की ओर से दलील पूरी होने के बाद अदालत ने अभियोजन को बहस करने का आदेश दिया है।डोमन महतो के शिकायत पर 29 अप्रैल 19 को प्राथमिकी ढुल्लू महतो, अजय गोराई, बूढ़ा राय, कृष्णा रविदास उर्फ विनय रविदास एवं बिट्टू सिंह के विरुद्ध गाली गलौज व जानलेवा हमला का आरोप लगाते हुए दर्ज की गई थी।

### वाहन की ठोकर से बाइक सवार तीन लोग घायल

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के बुधुडीह मुख्य सड़क पर भैयाडीह गाँव के समीप एक चार पहिया वाहन के टक्कर से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार दोपहर बाद की है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बरमासिया (मँझलाडीह) निवासी बिनोद हेब्रम अपनी अपनी पत्नी मखोदी मुर्मू और बहन रासमुनि हेमब्रम के साथ बाइक से अपने बहन घर लखनपुर जा रहे थे। इसी दौरान भैयाडीह गाँव के समीप वीपरित दिशा से आ रही चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दिया। इस घटना में बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नारायणपुर लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए धनबाद रेफर कर दिया।

### सुशांतो हत्याकांड , सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुशांतो सेन गुप्ता उनके भाई संजय सेन गुप्ता व कार्यकर्ता दुर्योधन पाल के हत्या के चर्चित मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में हुई। सीबीआई ने गवाह पेश करने हेतू समय की याचना की।कोर्ट ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है ! 5 अक्टूबर 2002 को सुशांतो अपने भाई संजय व कार्यकर्ता दुर्योधन के साथ कार से निरसा जा रहे थे। गोपालगंज के पास कार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई थी। जबकि प्रदीप तुरी एवं गणेश स्वर्णकार घायल हो गए थे। प्रदीप तुरी के फर्द बयान पर निरसा थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पुलिसिया जांच पर उंगली उठाते हुए सुशांतो की माँ ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई ने मामले को दर्ज कर उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था .अनुसंधान के बाद सीबीआई ने निरसा विधायक अरूप चटर्जी के खास माने जाने वाले हलधर महतो, ठाकुर माझी प्रशांत बनर्जी एवं सुशांत मुखर्जी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था।

### नीट परीक्षा में सफल होने पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने किया सम्मानित

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर प्रखंड के जीतपुर निवासी गौतम कुमार के नीट परीक्षा में सफल होने पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मोहन कुंभकार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सोमवार को उनके घर जाकर सम्मान प्रदान किया। वह अभिनंदन महतो का पुत्र है। उसने काफी मेहनत कर परीक्षा में सफलता पाई। श्री कुंभकार ने कहा कि गौतम पूरे क्षेत्र में नीट परीक्षा में सफलता हासिल करने वाला पहले विद्यार्थी है। उन्होंने कहा कि उसकी पढ़ाई में आर्थिक समस्या आने नहीं दी जाएगी। मौके पर सीताराम कुंभकार, लखन कुमार, शंकर महतो आदि मौजूद थे।

### चित्रकला एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के जरिये स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश

कतरास। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत ब्लॉक दो क्षेत्र द्वारा स्थानीय विद्यालयों में स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नेहरू नगर बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं के बीच चित्रकला एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता दो श्रेणियों में संपन्न हुई। प्रथम से पाँचवीं कक्षा तथा छठी से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने भाग लिया। 102 छात्राओं ने सहभागिता दर्ज की। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय था घटाओ, पुनः उपयोग करो, पुनर्चक्रण करो, जबकि पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का विषय रखा गया जल संरक्षण। सभी प्रतिभागी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता के संदेश को सृजनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।

### युवा कांग्रेस का नामांकन अभियान 27 जून से



लोयाबाद : झारखंड में युवा कांग्रेस ब्लॉक, विधानसभा, जिला और राज्य स्तर पर सदस्यता और संगठनात्मक चुनाव कराएगी। यह जानकारी सोमवार को लोयाबाद में बाघमारा युवा कांग्रेस की प्रेसवार्ता में जिला कोऑर्डिनेटर हसन जैदी ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस में पहले ही पार्टी के आंतरिक चुनाव का एक चरण हो चुका है। देश में कांग्रेस के अलावा कोई भी अन्य राजनीतिक दल ऐसा चुनाव नहीं कराता। जिला कांग्रेस के महासचिव राम रहीम, राजकुमार महतो और असलम मंसुरी ने कहा कि पार्टी में नेताओं को नामांकित करने के बजाय चुनावी प्रक्रिया से युवाओं को लाना बेहतर तरीका है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल महतो ने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा सदस्य धनबाद से बनाए जाएंगे। युवा कांग्रेस का नामांकन अभियान 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। प्रेसवार्ता में आदित्य आनंद, एस पी महतो, विकास सिंह, शुभम दास, सोनू महतो, गणेश महतो, रूपेश रवानी, विवेक महतो, सुमित महतो, घलटू महतो और उत्तम सिंह मौजूद रहे।

### आम की बागवानी लाभप्रद : संजीत यादव

जमुआ, गिरिडीह। सोमवार को प्रखंड परिसर जमुआ में आम बागवानी महोत्सव का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में आम बगान लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला कृषकों और महिला समूह की महिलाओं का जुटान हुआ। कृषकों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने कहा कि आम फलों का राजा है।

# बीबीएमकेयू में नवनियुक्त कुलसचिव प्रो.राधानाथ त्रिपाठी के साथ परिचयात्मक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में कुलपति प्रो. डॉ राम कुमार सिंह की अध्यक्षता में नवनियुक्त कुलसचिव प्रो. राधानाथ त्रिपाठी के साथ विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष , शिक्षक एवं विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ परिचयात्मक बैठक की गई। सभी ने कुलसचिव को अपना परिचय देते हुए शुभकामनाएं दी। कुलसचिव ने भी विश्वविद्यालय परिवार के साथ मिलकर सभी कार्यों को करने का आश्वाशन दिया और अपने जीवन में अकादमिक उपलब्धियों के बारे बताया। बीबीएमकुटा के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कुलसचिव का स्वागत करते हुए कहा कि सोलह वर्षों के बाद भी इस विश्वविद्यालय के शिक्षक असिस्टेंट प्रोफेसर ही है जबकि कब का प्रमोशन मिल जाना चाहिए। इस दिशा में पूर्व कुलसचिव के द्वारा किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने की जरूरत है तथा समय पर सभी कार्यों का निबटारा हो। आपके हरेक कार्यों में सभी शिक्षक आपके साथ है। कार्यक्रम में पूर्व कुलसचिव डॉ धनंजय कुमार सिंह ने अपने दो बार के अल्पअवधि के कार्यकाल में किए गए अनुभवों को न केवल साझा किए बल्कि समय समय पर कुलसचिव के कार्यों में मदद करने का आश्वाशन भी दिए। डॉ धनंजय कुमार सिंह इस विश्वविद्यालय में तीन महीना ओर आठ महीने कुलसचिव के पद पर कार्य किया है। कुलपति डॉ राम कुमार सिंह ने डॉ धनंजय कुमार सिंह को शॉल, बुके, स्मृति चिन्ह देकर विदाई दिया। कुलपति ने अध्यक्षीय संबोधन में पुनः नवनियुक्त कुलसचिव का विश्वविद्यालय परिवार में शामिल होने पर शुभकामनाएं दिया और साथ ही साथ उन्होंने कहा कुलसचिव दिल्ली जैसे बड़े विश्वविद्यालय से आए है उनका अनुभव का लाभ विश्वविद्यालय को ऊंचाई की ओर ले जाने की दिशा में भरपूर सहयोग मिलेगा। इस वक्त इस विश्विद्यालय से पास कर गए विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह करा कर उन्हें सर्टिफिकेट देना है ताकि उनका भविष्य उज्जवलमय हो। सभी पदाधिकारियों और विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों बीएड कॉलेज के प्राचार्यों को धन्यवाद दिया की आज हम सभी कुलसचिव के स्वागत में एक साथ आए है और आगे भी विश्वविद्यालय के विकास के लिए आप सभी का सहयोग मिलता रहेगा। विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, शिक्षक, विभिन्न कॉलेज के प्राचार्य इस बैठक में उपस्थित थे।

**स्पीड न्यूज**

## चोरी की मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अरसली दक्षिणी के चेरवाडीह गांव में छापामारी कर एक बड़ी सफलता हासिल की। चेरवाडीह निवासी विश्वकर्मा के पुत्र कमलेश विश्वकर्मा को चोरी के 28 मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार कमलेश पिछले दो महीनों से गढ़वा रेलवे स्टेशन के पास रहकर टेंपो चलाने के साथ-साथ मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। वह रात में स्टेशन परिसर में मोबाइल चुराता और फिर उसे बेचने की कोशिश करता। दो दिन पहले वह चोरी के मोबाइल लेकर चेरवाडीह पहुंचा था और बेचने की तैयारी में था, तभी गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। छापामारी टीम में एसआई दिनेश सिंह सहित पुलिस के अन्य जवान शामिल थे। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

## गोड्डा : संदिग्ध हालात में महिला की मौत ससुरालवालों पर हत्या का आरोप

**गोड्डा।** भतडिया राजकुमार नगर में रविवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक महिला खुशबू देवी (30) संदेहास्पद परिस्थितियों में जल गई। गंभीर रूप से झुलसी हालत में उसे पहले गोड्डा सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देखते हुए बोकारो रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही खुशबू देवी की मौत हो गई। घटना की जानकारी जब मायके वालों को मिली, तो उन्होंने खुशबू के पति पर हत्या का आरोप लगाया। मृतका के भाई ने दावा किया कि खुशबू को जानबूझकर जलाया गया है। उन्होंने कहा कि उसके बहनोई ने केरोसिन तेल छिड़क कर बहन को आग के हवाले किया। मायके वालों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे और खुशबू मानसिक तनाव में रहती थी। मृतका के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जो अब मां के साये से वंचित हो गए हैं। गांव में इस घटना को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। **क्या कहती है पुलिस :** नगर थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के आरोपों के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। **स्थानीय लोगों की मांग :** स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हत्या है तो आरोपी को सख्त सजा मिलनी चाहिए। साथ ही बच्चों के भविष्य को लेकर भी प्रशासन को पहल करनी चाहिए। ये मामला महिला सुरक्षा और घरेलू हिंसा पर फिर से सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि जांच में सच्चाई क्या सामने आती है।

## कबाड़ गोदाम की आड़ में नकली शराब के धंधे का गोमिया पुलिस ने किया उद्भेदन



**बेरमो।** बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के हजारी मोड़ स्थित कबाड़ गोदाम की आड़ में नकली शराब गोदाम का पुलिस ने उद्भेदन करने का दावा किया है। पुलिस ने उक्त कबाड़ गोदाम से नकली शराब से जुड़ी सामान बरामद किया है। पुलिस टीम लगातार अवैध धंधे के खिलाफ छापेमारी अभियान चला रही है। उक्त कबाड़ गोदाम जरिडीह बाजार निवासी कुख्यात सुरज साव द्वारा चलाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार गोमिया थाना क्षेत्र के हजारी मोड़ स्थित सूरज साव के कबाड़ गोदाम में 22 जून को पुलिस ने छापेमारी की। ज्ञात हो कि, बीते 19 जून को बोकारो पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जरीडिह बाजार के ऊपर बाजार स्थित कावेरी मैरिज हॉल में अवैध हथियार का निर्माण एवं बड़ी मात्रा में अवैध शराब निर्माण की सामग्री बरामद किया गया था। इसी कड़ी में गांधीनगर थाना एवं गोमिया थाना की संयुक्त टीम ने 22 जून को हजारी मोड़ के कबाड़ गोदाम में छापेमारी कर अवैध निर्माण से जुड़े सामग्री बड़े पैमाने पर बरामद किया। छापेमारी टीम का नेतृत्व गांधीनगर ओपी प्रभारी धनंजय कुमार सिंह एवं गोमिया थाना प्रभारी रवि कुमार मेहता संयुक्त रूप से कर रहे थे। इस दौरान हजारी मोड़ के सूरज साव के गोदाम से अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली रैपर, स्टीकर, खाली बोतल एवं अन्य सामग्री बरामद की गई, जिसका उपयोग नकली शराब बनाने में किया जाता है। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है, ताकि मुख्य सरगना को पकड़ कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके। पुलिस के लाख प्रयासों के बाद भी मुख्य सरगना अबतक पुलिस की पकड़ से दुर है।

## बोकारो जिला सॉफ्टबॉल संघ का हुआ गठन, प्रकाश कुमार बने अध्यक्ष



**बोकारो।** नगर के स्थानीय सेक्टर 11 सी स्थित सभागार में बोकारो जिला सॉफ्टबॉल संघ के गठन को लेकर एक आमसभा का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड राज्य सॉफ्टबॉल संघ के पर्यवेक्षक अमलेश कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रकाश कुमार को बोकारो जिला सॉफ्टबॉल संघ का अध्यक्ष चुना गया जबकि पुतुल कुमारी को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। दीपक कुमार को संयुक्त सचिव तथा अमित कुमार को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सभा में अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में राकेश कुमार सिंह राहुल कपरदार प्रवीण कुमार चंदा कुमारी अनुज कुमार और अजय कुमार को मनोनीत किया गया। अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने कहा कि कार्यकारिणी के विस्तार और भविष्य की योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह में एक और बैठक आयोजित की जाएगी। सचिव पुतुल कुमारी ने विश्वास जताया कि अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संघ जिले के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा।

# निर्माण कार्य में सुरक्षा को लेकर संवेदकों संग एसपी ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते एसपी अमन कुमार।

**गढ़वा।** जिले में जारी निर्माण कार्यों की सुरक्षा को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार की अध्यक्षता में संवेदकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई।

बैठक में निर्माण के दौरान सामने आ रही आपराधिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एसपी अमन कुमार ने स्पष्ट कहा कि गढ़वा पुलिस जिले के सभी निर्माण कार्यों को भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी आपराधिक समस्या की स्थिति में कार्यरत मुंशी या कर्मचारी तुरंत कंट्रोल रूम नंबर 6201261084 या 06561-222314 पर संपर्क करें, ताकि पुलिस तत्काल कार्रवाई कर सके और आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जा सके।

एसपी कुमार ने सभी संवेदकों से अनुरोध किया कि निर्माण स्थल पर सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाएं। खासकर बड़े प्रोजेक्ट वाले स्थानों पर ऐसे कैमरे भी लगाए जाएं, जिनसे मुख्य मार्गों की निगरानी की जा सके।

एसपी ने यह भी निर्देश दिया कि निर्माण में लगे सभी कर्मचारी अपने निकटवर्ती थाने के पेट्रोलिंग दल के संपर्क में रहें और अपना मोबाइल नंबर थाना को उपलब्ध कराएं। एसपी ने सभी संवेदकों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हर स्थिति में उनके साथ है और किसी भी आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## डॉ श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेराल।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ संख्या 60 पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने उन्हें महान राष्ट्रभक्त बताते हुए कहा कि उनका बलिदान देश की एकता और अखंडता के लिए था। विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने कहा कि मुखर्जी जी ने धारा 370 का विरोध करते हुए स्पष्ट कहा था देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। मौके पर रूपू महतो, अमित कुमार साह, रोहित कुमार, वीरेंद्र चौधरी, धनंजय चौधरी, रघुवीर साव, सुधांशु शेखर समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोयल नदी के छाड़न से युवक का शव बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कांडी।** थाना क्षेत्र के खरौंधा पंचायत अंतर्गत भुड़वा गांव के सामने कोयल नदी के छाड़न में सोमवार को एक युवक का शव बरामद हुआ। शव को सबसे पहले स्थानीय ग्रामीणों ने देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। शव की पहचान पलामू जिला के मेदिनीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव निवासी सतीश नारायण के 27 वर्षीय राकेश कुमार तिवारी के रूप में हुई है। परिजनों ने गढ़वा में शव देखकर उसकी पुष्टि की। मृतक पिछले 20 जून की रात से लापता था, जिसकी सूचना परिजनों ने सदर थाना, मेदिनीनगर को दी थी। राकेश मेदिनीनगर स्थित जीएलए कॉलेज के पास एक टाइल्स की दुकान में काम करते थे और अविवाहित थे। मृतक के शरीर पर सिर्फ जांघिया और टी-शर्ट थी, जिस पर बॉन्ड टाइट लिखा था। जीभ और बाईं आंख बाहर निकली हुई थी, लेकिन शरीर पर किसी अन्य चोट का निशान नहीं पाया गया है। एएसआई अरुण कुमार पासवान ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि राकेश नदी में खुद गया था या किसी ने उसे वहां लाकर फेंका।

## वज्रपात की चपेट में आने से पिपरीकला निवासी की मौत

**गढ़वा।** बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के पिपरीकला गांव में वज्रपात से 58 वर्षीय शिव कुमार चंद्रवंशी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वह अपने घर से कुछ दूरी पर बकरी चरा रहे थे, तभी अचानक बांस के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी और उसकी चपेट में आकर उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बिशुनपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मृतक मजदूरी कर और बकरी पालन से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## तेज रफ्तार कार पलटी, दो घायल



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ पर प्रखंड कार्यालय से आगे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों की पहचान चपरी के टीकर टोला निवासी अरविंद बैठा और सिंघीताली निवासी रंजन चौबे के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कार श्री बंशीधर नगर की ओर से तेज गति में आ रही थी और टर्निंग के पास असंतुलित होकर पलट गई। दोनों सवार नशे में धुत थे। हादसे में उन्हें हल्की चोटें आईं हैं। थाना पुलिस दुर्घटनाग्रस्त से वाहन को जब्त कर थाना ले गई है।

## मेराल : वज्रपात की चपेट में आकर मनरेगा मजदूर की मौत, चार घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के बाना गांव में सोमवार अपराह्न करीब 3 बजे हल्की बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से मनरेगा मजदूर स्व शिव महतो के पुत्र अशर्फी प्रजापति (50 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। सभी मजदूर मनरेगा योजना के तहत गांव के रामनाथ प्रजापति के सिंचाई कूप निर्माण में काम कर रहे थे। बारिश से बचने के लिए सभी पास के हरिहर पासवान के घर की ओर दौड़ रहे थे, इसी दौरान वज्रपात हुआ और सबसे आगे चल रहे अशर्फी प्रजापति की मौत हो गई। घायलों में रामनाथ प्रजापति, उसका पुत्र राजू प्रजापति, विकास प्रजापति और जवाहर प्रजापति शामिल हैं। सभी का इलाज मेराल सीएचसी में किया गया, जहां वे खतरे से बाहर बताए गए हैं। सीओ यशवंत नायक ने बताया कि मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग से 4 लाख रुपये की सहायता तथा घायलों को भी आर्थिक मदद दी जाएगी। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: एसईआर-ईपीसी-मूरी-आरएनसी-टीओआरआई-2x25 केवी, दिनांक: 19.06.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना), दक्षिण पूर्व रेलवे, 11 कॉन्वेंट रोड, बेलियाघाटा, कोलकाता-700015 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम और उसका स्थान:** ईपीसी मोड पर 3000 मीट्रिक टन लदायी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के मूरी-रांची-टोरी खंड पर 2x25 केवी सिस्टम में 132 केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन, सेक्शनिंग और पैरलेलिंग पोस्ट (एसपी) और सब सेक्शनिंग और पैरलेलिंग पोस्ट (एसएसपी) की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और शुरुआत। **कार्य पूरा करने की अवधि:** नियत तारीख से 540 दिन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 162,17,96,377.19। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 82,59,000। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तारीख से 180 दिन। **जिज्ञासाएं प्राप्त करने की अंतिम तारीख:** 03.07.2025। **बोली-पूर्व बैठक:** 07.07.2025 को सुबह 11.30 बजे। **निविदा दस्तावेजों की लागत:** शून्य। **क्लॉज संख्या 2.11.2 में सूचीबद्ध सभी दस्तावेजों का भौतिक प्रस्तुतीकरण:** 11.08.2025 (अपराह्न 3.00 बजे भा.मा.स.)। **निविदा बंद होने की तारीख:** 07.08.2025 (दोपहर 2:00 बजे भा.मा.स.)। वेबसाइट का विवरण हां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in। (PR-300)


## वन पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंधन समिति ने सांसद व डीएफओ को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/कसमार।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व बोकारो डीएफओ को पेटरवार स्थित वन सभागार में उत्तरी छोटानागपुर केंद्रीय वन व पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के संबंध में उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो ने बताया कि तत्कालीन बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के संकल्प संख्या 5244/ वप दिनांक 08/11/1990 के कण्डिका 17-18 एवं 19 के तहत ग्राम वन प्रबन्धन सह संरक्षण समिति को वन से आधारित वनोपजों का विपणन में 90 प्रतिशत अधिकार वर्णित है तथा वनों की संरक्षण का दायित्व ग्रामीणों (समिति) को दिया गया है। जिसके तहत समिति के अध्यक्ष तथा विभाग के वनपाल (सचिव) का संयुक्त खाता से वनों की विकास का कार्य करना है। आज झारखंड में 10000/ दस हजार से अधिक समिति गठित है तथा वनों की सुरक्षा का कार्य किया जा रहा है। किन्तु विभाग की अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने तथा सरकार की संकल्प का अनुपालन नही होने से संयुक्त ग्राम वन प्रबन्धन समिति निष्क्रिय होते जा रही है।

## डुमरी अनुमंडल में लगा रक्तदान शिविर

**बेरमो।** डुमरी अनुमंडल में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया है। जहां लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। इस दौरान सदर हॉस्पिटल गिरिडीह से आए टेक्नीशियन रंजीत कुमार ने बताया कि गिरिडीह डीसी के निर्देश पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया है। जहां डोनेट किया गया ब्लड सदर हॉस्पिटल गिरिडीह में जाएगा। मालूम हो कि जिले में थैलेसीमिया के मरीजों सहित जरूरत मंदों को ब्लड के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पडता था। जिसको देखते हुए डीसी रामनिवास यादव के निर्देश पर ब्लड डोनेशन कैंप अनुमंडल स्तर पर लगाया गया है।

## जारंगडीह बाजार में मोबाइल टॉवर खराब



बेरमो। प्रखंड के जारंगडीह उतरी पंचायत के जारंगडीह बाजार के मोबाइल उपभोक्ता भारी परेशानी से गुजर रहे हैं। पिछले चार दिनों से लोगो का मोबाइल लगभग काम करना बंद कर दिया है। जिस कारण यहां के लोग काफी परेशान दिख रहे हैं। कुछ मोबाइल उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले चार दिनों पूर्व भारी बारिश के दौरान वज्रपात हुआ था जिसके जद में जारंगडीह बस स्टैंड के छत पर लगे जीओ का मोबाइल टावर आ गया और वह खराब हो गया है। इसकी शिकायत लोगो ने कंपनी के दफ्तर में किया मगर चार दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक इस टावर की मरम्मती कंपनी द्वारा नही करवाई गई। अब तो आलम यह है कि ना तो लोग फोन कर पा रहे हैं और ना ही फोन आ रहा है। लोगों को अगर किसी को फोन करना होता है तो वे जारंगडीह से निकल ऐसे स्थान को ढूंढते है जहा जीओ का टावर उपलब्ध हो। अब सवाल उठता है कि कंपनी ऐसे मामले लापरवाही कैसे कर सकती है जबकि ग्रहकों की मोबाइल सेवा का वह पुरा पुरा किमत पहले वसुल करती है। लोग तरह तरह की बातें करते नजर आ रहे हैं। कुछ का कहना है कि कंपनी रिचार्ज के बाद एक मिनट की मोहलत नही देती और पैसे लेने के बाद अपनी मनमानी चलाती। लोगो का कहना है कि जीओ की सर्विस अब अच्छी नही रही इस लिए कुछ और सोचना ही पड़ेगा।

## नशा मुक्ति की अनोखी मिसाल 13 वर्षों से साइकिल से चल रहा है लतिप का अभियान

**गोड्डा।** जिले के पड़ौयाहाट प्रखंड स्थित एक छोटे से प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाने वाले पारा शिक्षक लतिप अंसारी समाज के लिए एक बड़ी प्रेरणा बन गए हैं। वे न सिर्फ बच्चों को अक्षर ज्ञान दे रहे हैं, बल्कि पूरे समाज को नशा जैसे सामाजिक बुराई से छुटकारा दिलाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं झ और वह भी साइकिल के माध्यम से। 2012 से शुरू हुई नशा के खिलाफ जंग लतिप अंसारी ने वर्ष 2012 में नशा विरोधी जागरूकता यात्रा की शुरूआत की थी। तब से अब तक उन्होंने झारखंड के 22 जिलों का साइकिल से दौरा किया है।

## नगर परिषद फुसरो के सभी शक्ति केंद्रों में मनाया गया बलिदान दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** नगर परिषद फुसरो के सभी शक्ति केंद्रों एवं बूथ नंबर 134,135 पर मनाया गया बलिदान दिवस जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 72वीं पुण्यतिथि सोमवार को सोलहवीं लोकसभा गिरिडीह सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के फुसरो कार्यालय मे भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलकर अखंड भारत बनाने का संकल्प लिया। रवींद्र कुमार पांडेय ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कहा कि आजादी के बाद देश की एकता एवं अखंडता के लिए बलिदान देने वाले योद्धा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का इसी दिन निधन हुआ था। उन्होंने भारतीय राजनीति को नई दिशा देने का कार्य किया था। इस दौरान जिला मंत्री विक्रम पांडेय ने उनके द्वारा किए गए देश हित में कार्यों पर पांडे ने प्रकाश डाला। मौके पर श्रमिक नेता रविंद्र मिश्रा, दिनेश पांडे, भाई प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, बृज किशोर उर्फ रामू तांती, संत सिंह, भरत वर्मा, मृत्युंजय पांडे, अनिल कुमार गुप्ता, नवल किशोर सिंह, गुड्डू आदि मौजूद हुए।

## अंजुमन शान-ए-वतन की बैठक संपन्न, मुहर्रम अनाथालय स्थापना आदि पर लिया गया निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मंचासीन अंजुमन शान-ए-वतन के पदाधिकारी।

**गढ़वा।** शहर के रंका मोड़ स्थित होटल ठाकुर महल में अंजुमन शान-ए-वतन की एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अंजुमन के मुख्य सलाहकार डॉ यासीन अंसारी जबकि संचालन केंद्रीय अध्यक्ष हाफिज तबीब आलम तबीब ने किया। बैठक में आपसी सहमति से कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए।

इसमें मुहर्रम के अवसर पर हूर स्थित हजरत अब्दुल लतीफ बियाबानी रह. के उर्स के दौरान जायरीनों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, जिले में एक अनाथालय की स्थापना, अंजुमन का सदस्यता अभियान चलाना और कमेटी का विस्तार शामिल है। साथ ही सवालात-जवाबात नामक कार्यक्रम को पूर्व की भांति फिर से आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ यासीन अंसारी, जिलाध्यक्ष अतहर अंसारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजीनियर ओबैदुल्लाह हक, झामुमो नेता फरीद खान, भारतीय समाजवादी पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष याकूब एकबात, कारी आशिकुर रहमान, पूर्व प्रत्याशी मुन्ना आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर केंद्रीय सचिव हाफिज मंसूर आलम, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष मकसूद अंसारी, मौलाना अकबर, मौलाना आसिफ, झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष तनवीर खान, सलीम जाफर, महबूब अंसारी, इरफान, रोस्तम अंसारी, रसीद अंसारी, मौलाना फैयाज नूरी, हाफिज असगर अली, अल्हाज गुलाम मुस्तफा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड रॉंची**
(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड)
कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, रॉंची,
email – scoranchi123@gmail.com

**अनुदानित दर पर "मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना" के लिए आवेदन करने हेतु सूचना**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 53 दिनांक 16.08.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहों, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, लैम्पस–पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों को "मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना"।

योजना विवरण एवं लक्ष्य :–

3.1 "मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना"–

(क) कृषक समूहों को अनुदान पर बड़े ट्रैक्टर का वितरण :– वित्तीय वर्ष वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहों, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, लैम्पस–पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों को "मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना" अन्तर्गत 34.0–40.0 max PTO HP ps एक बड़ा ट्रैक्टर एवं इस के साथ कम से कम दो कृषि यंत्रों के क्रय करने पर कुल पैकेज राशि रू0 10.00 लाख में बड़े ट्रैक्टर पर अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत एवं दो कृषि यंत्रों के क्रय करने पर अधिकतम अनुदान 80 प्रतिशत देय परन्तु कुल अधिकतम अनुदान रू0 5.00 लाख ही देय होगा।

(ख) कृषक समूहों को अनुदान पर कृषि यंत्रों का वितरण :– कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहों, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, लैम्पस–पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों को वैसे कृषक समूह जिनके पास पूर्व में बड़ा ट्रैक्टर उपलब्ध हो एवं मात्र सहायक कृषि यंत्र क्रय करना चाहेंगे या अतिरिक्त कृषि यंत्र चाहेंगें उनको भी एक या एक से अधिक बड़े ट्रैक्टर चालित कृषि यंत्रों के क्रय के लिए रू0 3.00 लाख तक के लागत के कृषि यंत्रों का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान रू0 2.00 लाख देय होगा।

3.2 वित्तीय वर्ष वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में "मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना" का पैकेज तैयार करने हेतु ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों की सूची एवं अनुदान निम्न प्रकार से होगी :–

| Sl No. | Details of Machines | Package Cost | Subsidy & Condition |
|---|---|---|---|
| 1 | Tractor (34.0-40.0 max PTO HP ps) approved model tested by FMTTI, with standard tool kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc, & 2 Agriculture Implements | Rs. 10.00 Lakh | One Tractor with Minimum two Implements from S.No. 02 to 12 have to be taken in tractor package Maximum Subsidy on Tractor @50% & on Agricultural Implements @80% of quoted L-1 prices as per EoI, Farmers Group Maximum Subsidy on Tractor package will be Rs. 5.00 lakh. |
| 2 | Rotavator (4'-6') | Rs. 3.00 Lakh | Any Farmers Group having tractor and need extra Implements they can get subsidy @ 80% of Maximum Rs.. 2.00 Lakh whichever is Minimum of quoted L-1 price as per EOI. |
| 3 | Cultivator (7-13 tyne) | | |
| 4 | Disc Harrow (11-18 disc) | | |
| 5 | Ridger/Trencher/Auger (Tractor Drawn) | | |
| 6 | Zero Tillage drill/Seed cum Fertilizer Drill | | |
| 7 | Cage wheel Pair (Compatible to above PTO HP Tractor) | | |
| 8 | Wheat Thresher (Tractor Drawn) | | |
| 9 | Multicrop Thresher (Tractor Drawn) | | |
| 10 | Paddy Thresher (Tractor Drawn) | | |
| 11 | Power Maize Thresher/Maize Dehusker cum sheller (T.D) | | |
| 12 | MB Plough (2 Bottom) | | |

**लाभुक का चयन**

- लाभुक कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहों, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, लैम्पस–पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों के विवरण एवं अनुशंसा हेतु विहित कार्यालय में प्रपत्र परिशिष्ट–1 एवं परिशिष्ट–2 प्राप्त किया जा सकता है एवं कार्यालय के अवधि सुबह 11:00 बजे से संध्या 04:00 बजे तक सूचना प्रकाशन की अवधि से दिनांक 05.07.2025 तक कार्यालय में जमा किया जाएगा।
- ट्रैक्टर पैकेज के भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत क्षेत्र के माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए "जिलास्तरीय समिति" द्वारा स्वीकृत किया जा सकेगा।
- ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों का वितरण में वैसे लाभुक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिसे समूह के सदस्यों के पास खेती योग्य कुल 10.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी। वैसे समूहों के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा।
- प्राप्त आवेदन–पत्रों को जाँचोपरान्त उपायुक्त या उनके द्वारा प्रधिकृत पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित "जिला स्तरीय समिति" के द्वारा तैयार सूची पर अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।
- जिन कृषक समूहों को कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य किसी कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
- पूर्व में **PR No. – 336051 (Agriculture)24-25(D)** के द्वारा विज्ञापन किया जा चूँका है परन्तु अप्रर्याप्त आवेदन रहने के कारण आवेदन आमंत्रित करने हेतु प्रकाशन की जा रही है।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।

**कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण कार्यालय, रॉंची**
**ई0टी0सी0 परिसर, हेहल, रॉंची–834005**

PR 355733 Agriculture(25-26)D

**भूमि संरक्षण पदाधिकारी, रॉंची**

## डेटा की चोरी?

दुनिया में डेटा में बड़ी सेंध लगने की खबर के बीच केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। सूत्रों के अनुसार सरकार यह पता करने के प्रयास में जुट गई है कि इनमें कितनी जानकारियां भारत के उपयोगकताओं से संबंधित थीं। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के अनुसार दुनिया में 16 अरब खातों के यूजर नेम, पासवर्ड और अन्य संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारियां चोरी हो गई हैं। वैश्विक स्तर पर डेटा में सेंधमारी की यह अब तक की सबसे बड़ी वारदात बताई जा रही है।इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सर्ट-इन) को कहा कि वह मध्यस्थों, डेटा सेंटर, कंपनी इकाइयों और सरकारी संगठनों से पता करें कि इस सेंधमारी में भारत के उपयोक्ताओं की कितनी जानकारियां चोरी हुई हैं। एक अधिकारी ने कहा, जितने बड़े पैमाने पर डेटा चोरी हुई है उससे इसकी पूरी आशंका है कि भारतीयों से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भी इनमें शामिल होंगी। सर्ट-इन इस पूरे मामले की पड़ताल में जुट गई है। कंपनियों को भी हरकत में आना होगा और हमारे सूचना सुरक्षा मानकों, प्रक्रियाओं, रोकथाम, प्रतिक्रिया और साइबर घटना की जानकारी देने से संबंधित नियमों के अनुरूप जानकारियां देनी होंगी। इस सप्ताह की शुरूआत में समाचार संगठन फोर्ब्स और साइबरन्यूज ने खबर दी थी कि ऐपल, फेसबुक, गूगल, गिटहब, टेलीग्राम और विभिन्न सरकारी सेवाओं से जुड़े लगभग 16 अरब खातों से संबंधित संवेदनशील जानकारियां चोरी हो गई हैं। विलियस पेटकॉसकस के नेतृत्व में साइबरन्यूज शोधकर्ता टीम ने जनवरी 2015 में एक जांच शुरू की थी। इस जांच में सामने आया कि नए रिकॉर्ड 30 विभिन्न डेटाबेस में बंटे हुए थे। ऐसी आशंका जताई गई है कि संवेदनशील सूचनाएं गलत लोगों के हाथ लग गई हैं।




**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यो में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# वैदिक परंपरा का वैश्विक प्रचार

**भारतीय** जीवन शैली में शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए योग को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। योग सदैव ही से भारतीयों की दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग रहा है । वेदों और उपनिषदों में योग की जड़ें पाई जाती हैं। इस प्राचीन परंपरा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक दिवस के रूप में स्थापित करने का श्रेय भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है, जिनके अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया।

**योग दिवस की स्थापना**

प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत का प्रस्ताव 27 सितम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में रखा था। इस प्रस्ताव को 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार किया और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया। इसके बाद पहला योग दिवस 21 जून, 2015 को मनाया गया। भारत की इस प्राचीन परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत और स्थापित करने में इसका विशेष योगदान है।

**प्रथम योग दिवस**

भारत की राजधानी दिल्ली में 21 जून, 2015 को प्रथम योग दिवस मनाया गया। इसकी थीम थी ₹सद्भाव और शांति के लिए योग।₹ यह भव्य कार्यक्रम राजपथ पर आयोजित किया गया। इसकी अगुआई प्रधानमंत्री मोदी ने की। इस आयोजन के नाम दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित हुए। पहला 35,985 लोगों द्वारा एक ही स्थान पर एक ही योग सत्र में भाग लेना और दूसरा अधिकांश राष्ट्रियताओं (84) का योग सत्र 2015 में भाग लेना। तब से हर वर्ष, एक नए विषय/थीम के साथ योग दिवस एक उत्सव, एक स्वस्थ्य पर्व की तरह देश-विदेश में मनाया जा रहा है।

**महत्व और उद्देश्य**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रमुख उद्देश्य समस्त विश्व में योग के लाभों के प्रति जागरुकता फैलाना और इससे जीवनशैली का हिस्सा बना कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ लेना है। योग शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमन्द है। भागदौड़ भरी दैनिक दिनचर्या में योग सर्वांगीण स्वास्थ्य का एक सहज, सरल साधन है। आज की तनावपूर्ण दिनचर्या में योग मानसिक संतुलन और शांति प्रदान करने का भी एक अचूक उपाय है। योग दिवस योगाभ्यास को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर सभी को



स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है।


भारतीय परंपरा की वैश्विक पहचान

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से योग जैसी विशिष्ट भारतीय प्राचीन परंपरा की वैश्विक पहचान और सम्मान बढ़े हैं। क्या सामान्य क्या विशेष, हर वर्ग के, हर राष्ट्र के लोगों ने योग को सहर्ष अपनाया है। इस प्रकार योग दिवस ने विभिन्न देशों, सभी धर्मों, जातियों और समाजों को जोड़ने का भी कार्य किया है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' का मंत्र देने वाले भारत ने योग के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व को सद्भावना के एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया है। अनुशासन, संयम और करुणा जैसे योग के मूल सिद्धांत हैं, जो वैश्विक स्तर पर सद्भावपूर्ण वातावरण बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तिगत प्रयास और रुचि ने योग को एक वैश्विक आंदोलन बना दिया है जिस से हर देश, हर समाज, हर व्यक्ति लाभान्वित हो रहा है।

**हर साल अलग थीम**

हर वर्ष योग दिवस का एक विशिष्ट विषय या थीम रखी जाती है। पिछले वर्ष (2024) की थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग₹ (योग फॉर वीमेन एम्पावरमेंट) था। इस वर्ष, 2025 में इसकी थीम है -योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ (एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग)। इसका उद्देश्य है कि योग के माध्यम से हम न केवल अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बेहतर बना सकें, बल्कि पृथ्वी और पर्यावरण के स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ कर सकें। यह थीम शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आपने कहा कि योग ने दुनिया को एकजुट किया है। इस वर्ष की थीम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में घोषित किया था। आपने कहा था कि इस दिन का उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को हेल्दी बनाना है, ताकि वे लंबे समय तक फिट रह सकें। वैश्विक एकता और समग्र कल्याण की दिशा में भी योग दिवस एक खास कदम है।



**- बसुधा कणुप्रिया**

> इस वर्ष, 2025 में इसकी थीम है –योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ (एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग)। इसका उद्देश्य है कि योग के माध्यम से हम न केवल अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बेहतर बना सकें, बल्कि पृथ्वी और पर्यावरण के स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ कर सकें। यह थीम शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**योग के लाभ**

शारीरिक स्वास्थ्य : नियमित योगाभ्यास से शरीर में स्फूर्ति, शक्ति, संतुलन और लचीलापन आता है। योग हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मोटापे जैसी व्यापक बीमारियों के जोखिम को कम करता है। नियमित व्यायाम से ऐसी कई बीमारियों से योग साधक अपने को बचा सकता है, या इन्हें पूर्णतः 'रिवर्स' कर निरोग हो सकते हैं।

मानसिक शांति : मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में योग अत्यंत सहायक है। योग साधना ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से मानसिक दृढ़ता और शांति प्रदान करता है। योग करने से चित्त शांत और मन एकाग्र होता है जो योग साधक को पढ़ाई, नौकरी आदि में पूर्ण समर्पण से कार्य करने के लिए भी तैयार करता है।

आध्यात्मिक विकास : योग सहज रूप से आत्म ज्ञान और आत्म विकास की ओर साधक को प्रेरित करता है, जिससे व्यक्ति अपने भीतर की शांति और संतुलन प्राप्त करता है। जीवन की कठिनाइयों को एक योग साधक अपने आत्मबल से सहज ही पार करने का प्रयास कर सकता है।

योग का प्रचार-प्रसार

आज योग केवल एक शारीरिक व्यायाम के रूप में नहीं, अपितु एक जीवन शैली के रूप में लोगों के द्वारा अपनाया जा रहा है। सरकार के प्रयासों से स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर योग सत्र आयोजित किए जाते हैं। भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन के संयुक्त प्रयासों से 'ॐ' और 'नमस्ते योग' जैसे ऐप्स के माध्यम से लोगों को योग की जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

-भारत सरकार ने इस वर्ष भी अपनी वेबसाइट के माध्यम से कई गतिविधियां और ऑनलाइन आयोजन संचालित किए हैं, जिससे सभी नागरिक बढ़-चढ़ कर इनमें हिस्सा ले सकें।

-संकल्पः स्वास्थय और पर्यावरण के लिए योग संकल्प (योगा फॉर हेल्थ एन्ड एनवायरनमेंट प्लेज)

-क्विजः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 क्विज (इंटरनेशनल डे ऑफ योगा क्विज)

-इनोवेट इंडियाः योग मेरा गर्व 2025 फोटोग्राफी प्रतियोगिता (योगा माय प्राइड फोटोग्राफी कांटेस्ट 2025)

-थीम सुझावः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस थीम का सुझाव देना (सजेस्ट ए थीम फॉर इंटरनेशनल डे ऑफ योगा)

-इनोवेट इंडियाः प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2025 (प्राइम मिनिस्टर्स अवाड्र्स फॉर योगा 2025)

लेटर टू एडिटर

## ग्लोबल वार्मिंग का असर

**यह** तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी।

**– जीवीएस शास्त्री, रांची**

## ट्वीट

**तमिलनाडु** के माननीय मुख्यमंत्री एमके स्टालिन जी द्वारा परिसीमन से संबंधित मुद्दे को लेकर बुलायी गयी बैठक का मैं स्वागत करता हूं। परिसीमन सिर्फ जनसंख्या के आधार पर सीमित करना निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकता है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड**

**यूपी सरकार** की 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति' के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी का अवलोकन कर जनपद के विकास हेतु विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया । मां विंध्यवासिनी के आशीर्वाद और डबल इंजन की भाजपा सरकार के प्रयासों से जनपद के विकास की स्पीड कई गुना बढ़ चुकी है।

**–योगी आदित्यनाथ**

# युवाओं में मोबाइल चलाने का न अक्ल है और न बुद्धि



**अजयदीप बाधवा**

मोटिवेशन

आजकल आप ट्रेन या बस में यात्रा करें तो प्रायः आप पाएंगे कि आपके अगल बगल वाला अपने मोबाइल पर वीडियो देख रहा है या गाने सुन रहा है पर उसने ईयर फोन नहीं लगा रखे हैं । इस का तात्पर्य है कि वह अपने मोबाइल का स्पीकर प्रयोग कर रहा है जिस कारण उसके वीडियो या ऑडियो की बातें या गाने बहुत जोर से आपके कानों तक पहुंच रहे हैं । अगर आप सोना भी चाहे तो आपकी नींद में बार बार खलल उसके मोबाइल से आ रही बातों से हो जाता है। अगर कोई छोटा बच्चा या बुजुर्ग यात्रा कर रहा है और उसके बगल में मोबाइल में कोई जोड़ से गाने सुन रहा है तो आप उस बच्चे या बुजुर्ग को हो रही तकलीफ का अंदाजा लगा सकते हैं । बात अब ट्रेन या बस तक ही सीमित नहीं रह गई है; अब तो हवाई जहाज में ऐसा देखने को मिल जाता है , जहाँ ज्यादातर तथाकथित शिक्षित लोग यात्रा करते हैं।

ऐसे लोग आजकल आपको सार्वजनिक स्थलों, अस्पतालों एवम बाजारों में भी मिल जाएँगे जो अपने मोबाइल में गाना सुन रहे हैं और ईयर फोन का प्रयोग नहीं कर रहे हैं । सुबह की सैर के दौरान भी कई लोग ऐसे मिल जाते हैं । पर वास्तव में अपने मोबाइल पर स्पीकर का उपयोग कर सार्वजनिक स्थलों पर गाने सुनना या वीडियो देखना एक छिछोरी आदत है । यह एक अशिष्ट व्यवहार है और सामान्य शिष्टाचार के विरुद्ध है ।

हमें अपना मनोरंजन करने का पूर्ण अधिकार है, पर शोर कर के दुसरों को परेशान करने का कोई अधिकार नहीं है । हमें सदैव ऐसा करते समय ईयर फोन का प्रयोग करना चाहिए ताकि अन्य लोगों तक फोन की आवाज ना पहुँचे और वे परेशान ना हों ।

अभी भारत में कई निर्णयों में सार्वजनिक रूप से जोर से लाउडस्पीकर को बजाना गलत पाया गया और कई धार्मिक स्थलों से भी उनको इसी कारण हटाया गया क्योंकि उनके कारण अगल बगल के रिहाइशों इलाकों के लोगों को तकलीफ हो रहीं थी। बल्कि ऐसा ना सिर्फ.बच्चों, बुजुर्गों या मरीजों के लिए ही किया गया, बल्कि ऐसा ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए भी किया गया । एक सर्वेक्षण के अनुसार अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण मानसिक रोगों को जन्म देती है । इसी कारण हमें सार्वजनिक स्थलों पर शांति बनाये रखनी चाहिए ।



हम जब अपने मोबाइल पर गाने सुनते या वीडियो देखते हैं तो यह हमारे अधिकार है व हम ऐसा कर सकते हैं । पर इस कारण अन्य लोगों को परेशान करना हमारे अधिकार नहीं है । यह गलत है । भारतीय कानून भी किसी को तंग करने का अधिकार नहीं देता है । साथ ही यह मयार्दा के विरुद्ध भी है । हम अपने मनोरंजन के लिए दूसरों को तंग नहीं कर सकते हैं । फिर यह शिष्टाचार के विरुद्ध भी है । आप किसी भी सभ्य देश, जैसे जापान, सिंगापुर आदि, में जायें तो ऐसा नहीं मिलेगा । वहाँ लोग मेट्रो, ट्रेन, बस या सार्वजनिक स्थल पर बिना ईयर फोन के प्रयोग के मोबाइल का प्रयोग करते नहीं मिलेंगे । वे सदैव मोबाइल का प्रयोग अपने ईयर फोन के साथ करते मिलेंगे ताकि सामने वालों को कोई परेशानी ना हो । सामान्य शिष्टाचार का वे हमेशा पालन करते हैं । इसके विपरीत हमारे देश में कई टेम्पो या ट्रक वाले भी अपनी गाड़ी में लाउडस्पीकर लगाकर जोर से गाने बजाते मिल जाएँगे । कई बार इन गानों का स्तर इतना निम्न होता है कि राह चलती महिलाओं को शर्मिंदगी महसूस होती है ।

भारतीयों को अब अपनी इन गलत आदतों से बचना चाहिए अन्यथा हम सभ्यता की विकास की दौड़ में पीछे छूट जाएँगे ।

(कॉस्ट अकाउंटेंटेंट / मोटिवेटर)

# क्या समय हर घाव भर देता है?

***एक मनोवैज्ञानिक का दृष्टिकोण**

**लक्ष्मी भारती**

मोटिवेशन




**समय** हर घाव भर देता है–यह वाक्य हम अक्सर सुनते हैं। जब कोई व्यक्ति किसी गहरे भावनात्मक दर्द से गुजरता है, तो उसे दिलासा देने के लिए कहा जाता है, ₹बस समय दो, सब ठीक हो जाएगा।₹ लेकिन क्या सच में केवल समय देना ही काफी होता है? अगर ऐसा होता, तो कोई भी व्यक्ति अपने दुख में सालों तक न फँसा रहता। असलियत यह है कि समय तभी घाव भरता है जब हम सही तरीके से अपने दर्द को समझें, स्वीकार करें और उससे निपटने के प्रयास करें।

अगर किसी के शरीर पर चोट लग जाए और वह उसका इलाज न करे, तो क्या वह चोट खुद ठीक हो जाएगी? शायद नहीं, बल्कि वह और बिगड़ सकती है। ठीक वैसे ही, मानसिक और भावनात्मक घाव भी होते हैं। केवल समय बीतने से वे अपने आप नहीं मिटते, बल्कि हमें उनके लिए सही देखभाल करनी पड़ती है। जब तक हम अपने दर्द, गम, या आघात को समझने की कोशिश नहीं करेंगे, तब तक समय के साथ भी वे पूरी तरह ठीक नहीं हो सकते।

कई बार लोग अपने दुख को नजरअंदाज करने की कोशिश करते हैं, यह सोचकर कि समय के साथ सब ठीक हो जाएगा। लेकिन जब हम अपनी भावनाओं को दबाते हैं, तो वे भीतर ही भीतर बढ़ती जाती हैं और कई बार तनाव, चिंता, या अवसाद का रूप ले सकती हैं। कुछ लोग खुद को ही दोष देने लगते हैं, जिससे उनकी तकलीफ और गहरी हो जाती है। वहीं, कुछ लोग मदद लेने में झिझकते हैं और खुद को अकेला कर लेते हैं, जिससे वे अपने दर्द से बाहर नहीं निकल पाते।

अगर हम सच में अपने घाव भरना चाहते हैं, तो हमें अपनी भावनाओं को स्वीकार करना होगा। यह मानना जरूरी है कि जो कुछ हुआ, उसने हमें प्रभावित किया है। इसे अनदेखा करने की बजाय, हमें इसे समझने और इससे सीखने की कोशिश करनी चाहिए। अपने दर्द को खुद तक सीमित रखने के बजाय किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा करना भी जरूरी है। कई बार बात करने से ही मन हल्का हो जाता है और चीजें पहले से बेहतर लगने लगती हैं।


इसके अलावा, हमें अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना चाहिए। ध्यान, व्यायाम, सही खान-पान और पर्याप्त नींद मानसिक शांति लाने में मदद कर सकते हैं। अगर दर्द लंबे समय तक बना रहता है और हमें लगने लगे कि हम उससे अकेले नहीं निपट पा रहे हैं, तो किसी मनोवैज्ञानिक से परामर्श लेना भी एक समझदारी भरा कदम हो सकता है।

समय अपने आप कुछ नहीं करता, बल्कि हम जो करते हैं, वह मायने रखता है। सही प्रयास, सही सोच और सही सहायता के साथ समय जरूर घाव भरने में मदद करता है। इसलिए, यदि आप या आपका कोई अपना किसी तकलीफ से गुजर रहा है, तो उसे बस समय पर छोड़ने के बजाय सहारा दें, समझें और मदद के लिए आगे बढ़ें। यही असली उपचार है।




**रांची गौशाला स्थित यह सूचना बोर्ड हमारी गौ माता की सुरक्षा की गुहार लगा रहा है। प्लास्टिक खाकर देश में लाखों गौ संसाधन मौत का शिकार हो जाती हैं। तस्वीरः जीवीएस शास्त्री**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### चरही थाना प्रभारी से राष्ट्रवादी कांग्रेस नेताओं ने की शिष्टाचार भेंट, पुष्पगुच्छ भेंटकर किया स्वागत



**चरही।** चरही थाना में नवनियुक्त थाना प्रभारी कुंदन कुमार विमल से शनिवार, 22 जून 2025 को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट की। चूरचू प्रखंड अंतर्गत बरही थाने में पदस्थापित नए थाना प्रभारी को रामगढ़ जिला अध्यक्ष संजय चौबे, वरिष्ठ नेता मनोज कुमार साह, मांडू जिला परिषद सदस्य भोला तुरी सहित पार्टी के अन्य सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर नेताओं ने थाना प्रभारी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पार्टी नेताओं ने स्थानीय समस्याओं एवं जनता की अपेक्षाओं को भी थाना प्रभारी के समक्ष रखा। थाना प्रभारी कुंदन कुमार विमल ने आगंतुकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा और कानून का राज स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। वे जनसहयोग से क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने का हरसंभव प्रयास करेंगे। यह मुलाकात एक सकारात्मक संवाद की शुरूआत मानी जा रही है, जिससे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय की उम्मीद जगी है।

### कटकमसाड़ी में सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन



**कटकमसाडी।** कटकमसाडी में 64वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन शिक्षक प्रकाश अग्रवाल ने किया। अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रतिभागियों ने जबरदस्त खेल भावना का परिचय दिया। अंडर-15 वर्ग में फाइनल मुकाबले में +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय छड़वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय डांटो को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वहीं अंडर-17 वर्ग में +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय कटकमसाड़ी की टीम ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए फाइनल में जीत दर्ज की। रेफरी की भूमिका में संजय कुमार, संतोष महतो, और भोला राणा मौजूद थे। आयोजन में बीपीओ गजाला प्रवीण, नोडल शिक्षक कुंवर प्रसाद, अविनाश कुमार, लेखापाल मनोज कुमार, सीआरपी देवानंद, और अन्य शिक्षकगण शामिल रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक भी मौजूद रहे। यह आयोजन न केवल छात्रों में खेल भावना को प्रोत्साहित करने में सफल रहा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। आयोजकों और प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम बेहद सफल और प्रेरणादायक रहा।

### ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र भुरकुंडा में मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती की 60वीं पुण्यतिथि मनी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शास्त्री चौक स्थित सेवा केंद्र में संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) की 60वीं श्रद्धांजलि दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी रोशनी ने मातेश्वरी जी के प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका तथा ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम आध्यात्मिक विद्यार्थी थीं। मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती मां गुणों की खान थीं। उन्होंने लगभग तीन दशकों तक राजयोग की गहन साधना कर मानवता के लिए एक प्रेरणास्त्रोत का कार्य किया। रोशनी ने बताया कि परमात्मा से प्राप्त ज्ञान को उन्होंने निष्ठा और समर्पण के साथ सभी ब्रह्मा वत्सों को सिखाया। आज उनकी शिक्षाओं पर चलते हुए लाखों बीके भाई-बहन समाज सेवा में समर्पित हैं। मौके पर राजयोग प्रशिक्षक बीके रामदेव ने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए राजयोग का अभ्यास भी करवाया। उन्होंने बताया कि सेवा केंद्र पर नि:शुल्क राजयोग मेडिटेशन प्रशिक्षण नियमित रूप से उपलब्ध है और अधिक से अधिक लोगों से इसमें सहभागी बनने की अपील की।

### तिलैया सांडी में मंडा पर्व में 121 शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर दिया आस्था का परिचय



**कुजू।** तिलैया सांडी सोमवार को श्री श्री शिव मुंडा पूजा समिति द्वारा आयोजित मंडा पूजा धूमधाम से संपन्न हो गया। मंडा पूजा को लेकर छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवं वार्ड पार्षद मंजू देवी, हेमनी देवी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान सोनाली महतो पुरुलिया बंगाल एवं कल्पना महतो बिंदु डीह की महिला कलाकारों ने गीता - रामायण से जुड़े प्रसंगों पर अपना मंचन करते हुए लोगों को रात भर मनोरंजन कराया। जबकि सुबह में 121 शिवभक्त और सोखताईनों ने स्नान करते हुए दहकते अंगारों पर चलकर व बनस झुल झुलकर शिव भक्ति का परिचय दिया। मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### हाइवा की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के बीआरएल गेट के समीप सोमवार को हाइवा से टकराकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि बाइक संख्या जेएच24एल-5701 पर सवार होकर तिलैया सांडी निवासी नरेंद्र बेदिया रांची रोड से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान बीआरएल गेट के समीप विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा संख्या जेएच02एपी-5196 से टक्कर हो गई। घटना में नरेंद्र बेदिया गंभीर रूप से घायल हो गया।

# हजारीबाग में बदलाव की आहट नहीं, धमक सुनाई दे रही है!

- उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली से जनता प्रभावित

**अभय कुमार सिंह**



**हजारीबाग।** हवा वही है, इमारतें भी वही, लेकिन हजारीबाग की जमीन अब कुछ और कह रही है। यहां अब आहट नहीं, बदलाव की धमक सुनाई दे रही है। प्रशासन की कुर्सियों पर बैठे चेहरे भले सीमित हों, पर अब उनमें जनता की उम्मीदों की झलक दिखने लगी है। हजारीबाग में एक नई प्रशासनिक क्रांति की शुरुआत हो चुकी है और इसकी कमान संभाली है उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने। अभी चंद दिन ही बीते हैं इन दोनों अधिकारियों की तैनाती को, लेकिन उनकी सक्रियता ने वर्षों से जमी सुस्ती की परतें चीर दी हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हालिया अफीम तस्करी केस है, जिसमें पुलिस ने 14.9 किलो अफीम के साथ छह तस्करों को दबोच लिया था। ये अफीम झारखंड से बिहार-बंगाल भेजी जानी थी, लेकिन समय रहते इनपुट और ताबड़तोड़ एक्शन ने इस सिंडिकेट की रीढ़ तोड़ दी।

#### नया निजाम, नई धार...

इतना ही नहीं, नाकामी की गंध आते ही चरही और कोर्रा थाना प्रभारी को लाइन हाज़िर कर दिया गया। संदेश साफ था, काम नहीं तो कुर्सी नहीं। आज वही पुलिस, जिस पर कल तक जनता का भरोसा डगमगाता था, अब सड़कों पर भरोसे की मूरत बनकर खड़ी है। हां, इस बीच कल के श्री ज्वेलर्स दुकान पर हुए गोलीकांड ने जरूर अपराध को लेकर पुलिस पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। लेकिन पुलिस कप्तान का ट्रैक रिकॉर्ड ऐसा है ये भी कंट्रोल हो जाएगा। अभी तो इनको आये बस कुछ ही दिन हुए हैं। कुछ थाना अभी भी पुराने ही ढर्रे पर चल रहे हैं, उन्हें कोर्रा थाना और चरही थाना से सबक लेकर अपनी कार्यशैली में सुधार करना होगा। अभी सिर्फ पुलिस नहीं, जिला प्रशासन भी अब पूरे रंग में है। डीसी शशि प्रकाश सिंह के जनता दरबार में नजारा बदला हुआ है। पहले लोग आते थे, रोते थे और लौट जाते थे। अब शिकायत के साथ समाधान भी साथ लेकर लौट रहे हैं। लोग कह रहे हैं पहले अफसर सुनते नहीं थे, अब बिना कहे सुन भी रहे हैं और तुरन्त कार्रवाई भी कर रहे हैं। पीडीएस (जन वितरण प्रणाली) दुकानों में पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने हेतु उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। वे खुद अभियान में शामिल हैं और अधिकारियों के साथ रहते हैं। औचक निरीक्षण अभियान चला रहे हैं। इस अभियान में संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचलाधिकारी (सीओ) की संयुक्त जांच टीम बनाकर जांच अभियान चलाया। साथ ही बरही प्रखंड के रसोई धमना पंचायत में दीवार गिरने से दम्पति की मौत पर उपायुक्त ने पीड़ित परिवार को जितनी तेजी से सहायता दी वो काबिले-तारीफ है। यह बदलाव अचानक नहीं आया है। यह बदलाव लंबे इंतजार की उपज है, एक ऐसी व्यवस्था की जो कुर्सी पर नहीं, जमीन पर दिखे। अफसर अब फाइलों में नहीं, फील्ड में नजर आ रहे हैं। जनता को लगने लगा है कि उनका डरने का दौर गया, अब अफसरशाही को डरने का वक़्त है। हजारीबाग में नया निजाम कायम हो चुका है। यह निजाम चाय पीते अफसरों का नहीं, माफिया की गर्दन पर शिकंजा कसते कमांडरों का है। यह बदलाव की शुरुआत है। यह सिर्फ सत्ता का नहीं, सोच का भी क्रांतिकाल है।

## पप्पू पांडेय हत्याकांड: हेसाकुदर में ब्राह्मण महासंघ का प्रदर्शन, न्याय की मांग तेज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसाकुदर गांव में 30 मई को हुई पप्पू पांडेय उर्फ चितरंजन पांडेय की जघन्य हत्या मामले में अब समाजिक संगठनों ने सक्रियता तेज कर दी है। रविवार को अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडेय, प्रदेश संरक्षक नकुल पांडेय, जिला अध्यक्ष प्रवेश पांडेय, आचार्य पुरेंद्र, पवन जिगर पांडेय, रोशन पांडेय, बीरेंद्र पांडेय, ओमकार नाथ शर्मा, मिथिलेश पांडेय, महेश पाठक, युगल किशोर पांडेय, बीरेंद्र शास्त्री समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व समाजसेवी हेसाकुदर पहुंचे। इन सभी ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी व कठोर कार्रवाई की मांग की। ब्राह्मण महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने इसके बाद कटकमसांडी थाना पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से औपचारिक मुलाकात की और पूरे मामले की गंभीरता से जानकारी ली। थाना प्रशासन ने भी परिजनों को हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिया। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों में घटना को लेकर गहरी नाराजगी है और वे जल्द न्याय की मांग कर रहे हैं।

## सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट : बालक में खोड़ाहार और बालिका में कस्तूरबा विजेता

**बरही।** प्रखंड मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट में बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार और बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरही की टीम विजेता बनी। फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने किया। इस मौके पर बीपीएम अरुण कुमार, संजय दुबे, मथुरा प्रसाद, डॉ सुनील यादव, रविकांत ओम, विजय कुमार दास, किशोरी महतो, तुलसी कुमार दास, दीपक कुमार यादव, रंजीत कुमार सिंह, मनोज घोष, बम बम कुमार राम, मुनिलाल राम, शारीरिक शिक्षक अश्वनी श्रीवास्तव, विजय कुमार दास, किशोर कुमार, रोशन कुमार समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद थे।

## मादक पदार्थ के दुरुपयोग पर जागरूकता के लिए चित्रांकन व स्लोगन प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** स्थानीय पुलिस -प्रशासन द्वारा बरही नगर भवन में रविवार को मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत चित्रांकन व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अनुमंडल स्तरीय इस प्रतियोगिता में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहीडीह, प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर, मध्य विद्यालय बरही, आरएन प्लस टू उच्च विद्यालय पदमा, डिवाइन पब्लिक स्कूल बरकट्ठा, उच्च विद्यालय सरैया आदि विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। बताया गया कि इस चित्रांकन और स्लोगन प्रतियोगिता का उद्देश्य आम जनों व विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से अवगत कराना और इसके दुरुपयोग से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। वहीं स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक स्लोगन व पेंटिंग के माध्यम से नशा मुक्ति के खिलाफ संदेश दिया। निर्णायक मंडली में मुख्य निर्णायक के रूप में आरके आर्ट के प्रोपराइटर रवि केशरी शामिल हुए। प्रथम पुरस्कार विजेता को साइकिल दिया गया। वहीं अन्य को कई आकर्षक उपहार और प्रशस्ति पत्र दिए गए। प्रतिभागी बच्चों के उत्साहवर्धन करने एसडीओ जोहन टुडू, डीएसपी अजीत कुमार बिमल, बरही सीओ अमित किस्कू, बरही अंचल पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार समेत बरही महिला थाना और अनुमंडल के विभिन्न थाना के पुलिस पदाधिकारी पहुंचे। एसडीओ ने कहा कि नशा किसी भी परिवार के नाश की जड़ बन सकता है। इसलिए नशे से हमेशा दूर रहें। डीएसपी ने मादक पदार्थों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों व रोकथाम के लिए जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे बरही अंचल के पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार की उक्त कार्यक्रम की सफलता में अहम योगदान रही।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा

- मधुपुर से भी जुड़ी हैं ऐतिहासिक यादें



**कटकमदाग।** एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले राष्ट्रवादी चिंतक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर रविवार को कटकमदाग प्रखंड के शक्ति केंद्र सलगांवा में बूथ संख्या 121, 123 और 124 पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, बूथ अध्यक्ष गणेश प्रसाद, विनय कुमार कुशवाहा, नारायण साव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गंगा साव, पूर्व प्रखंड मंत्री महेश प्रसाद, रामलखन कुशवाहा, बूथ संयोजक विकास कुमार व कौलेश्वर प्रसाद समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में इंद्र नारायण कुशवाहा ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का झारखंड के मधुपुर (देवघर) में भी गहरा नाता था। उनके पिता जस्टिस आशुतोष मुखर्जी ने वहां 12 बीघा जमीन पर एक भव्य बंगला बनवाया था–ह्यगंगा प्रसाद हाउसह्न। 1942 में प्रसिद्ध बांग्ला कवि काजी नजरुल इस्लाम भी उस घर में स्वास्थ्य लाभ हेतु ठहरे थे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन और उनके कश्मीर को लेकर बलिदान को याद करते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। 23 जून 1953 को उनका बलिदान आज भी प्रेरणा है।

## बरही में दीवार गिरने से दंपति की मौत, प्रशासन की तत्परता से राहत कार्य जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत रसोई धमना पंचायत में बीती रात भारी बारिश के चलते एक मकान का छज्जा गिरने से दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें हदीस अंसारी एवं उनकी पत्नी जुमेरा खातून की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बरही के अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने पीड़ित परिजनों से भेंट कर ढांढस बंधाया और हर संभव सरकारी सहायता का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन द्वारा मृतकों के आश्रितों को अब तक कई महत्वपूर्ण राहतें उपलब्ध कराई गई हैं। अबुआ आवास योजना के तहत पीड़ित परिवार के लिए आवास का ढलाई कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसमें अब तक ?1.80 लाख की राशि दी जा चुकी है। साथ ही ?10,000 नगद व 50 किलो चावल की तात्कालिक सहायता दी गई है।

दंपति की दो बेटियों का नामांकन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरही में कराया जा रहा है, और मिशन वात्सल्य योजना के तहत ?4,000 मासिक छात्रवृत्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। साथ ही आपदा प्रबंधन मद से ?4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया भी प्रगति में है। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़ा रहेगा।

## एक नजर में

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यतिथि जिला कार्यालय में बलिदान दिवस के रूप में मनाया



**कुजू।** हथमारा पोचरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय दिगवार एवं रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यततिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा युवा नेता प्रमोद यादव व संचालन सुनीता रविदास ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन नरेश यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ नगर परिषद भाजपा अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरि शामिल हुए। इस दौरान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मौके पर मंजू देवी, संगीता रविदास, आशा देवी, विनोद प्रसाद, श्याम प्रसाद, अनिल यादव, दिलेश्वर कुशवाहा, रोहन लाल, रवि कुशवाहा, जय नारायण कुशवाहा, राजेश प्रजापति, बबीता देवी, सुरेश करमाली, अनीता देवी, संतोष शर्मा, जगत नारायण, मुरली कुशवाहा, राकेश पांडेय, अंशु कुमार आदि मौजूद थे।

### नशा न सिर्फ शरीर को कमजोर करता है बल्कि यह समाज व परिवार को भी खोखला करता है : थाना प्रभारी



**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। रजरप्पा थाना के स्थानीय प्रभारी कृष्ण कुमार ने इस जागरूक एवं संवेदनशील भरे कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्रझ्छात्राएँ उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण से हुई। रजरप्पा के थाना प्रभारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा हर मनुष्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि नशा न सिर्फ शरीर को कमजोर करता है बल्कि यह समाज व परिवार को भी खोखला करता है। आज की युवा पीढ़ी को इस मोर्चे के लिए सजग रहना है और दूसरों को भी जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना है। डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करते हैं। कार्यक्रम में तरहझ्तरह से बच्चों को जागरूक किया गया। छात्रझ्छात्राओं ने नशा से दूर रहने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के ऑफिस स्टॉफ उपस्थित थे।

### चारो श्रम कोड मजदूरों और उद्योग दोनों के लिए घातक : रमेंद्र कुमार




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उरीमारी चेक पोस्ट स्थित यूसीडब्ल्यूयू क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में सोमवार को बरका-सयाल संयुक्त ट्रेड यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड रमेंद्र कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चारो श्रम कोड पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह नया श्रम कोड मजदूरों और उद्योग दोनों के लिए घातक है। सरकार इसे अविलंब रद्द करे। सभी ट्रेड यूनियनों को एकजुट रहते हुए 9 जुलाई 2025 को प्रस्तावित हड़ताल को हर हाल में सफल बनाना होगा। बैठक में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, श्रम कोड के खिलाफ रणनीति और आगामी आंदोलन की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में संजय वर्मा, अर्जुन सिंह, देवेंद्र सिंह, अशोक गुप्ता, दशरथ कर्मी, संजय मिश्रा, लालो महतो, जेपीएन सिन्हा, शशि भूषण सिंह, जगरनाथ पासवान, भोला प्रसाद, रमाकांत दुबे, मो. नईम, सुभाष चंद्र यादव, राजेश सिंह, परदेसी नोनिया, वासुदेव उरांव सहित दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आनंद साईं दरबार का 15वां स्थापना दिवस समारोह आज से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- तीन दिनो तक चलनेवाले कार्यक्रम के पहले दिन भव्य पालकी यात्रा का होगा आयोजन
- राजू हलचल टीम पालकी यात्रा में करेगी साई बाबा पर आधारित कथा की प्रस्तुति



**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साई दरबार का 15वां स्थापना दिवस समारोह भव्य पालकी यात्रा के साथ 24 जून को आरंभ होगा। तीन दिनो तक चलनेवाले स्थापना दिवस समारोह के पहले दिन आनंद साईं दरबार से भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। पालकी यात्रा के दौरान राजू हलचल टीम द्वारा साईं बाबा पर आधारित कथा की प्रस्तुती साई भक्तों के बीच की जाएगी। वहीं, पालकी यात्रा में विमल शर्मा साईं बाबा का वेष धारण कर शामिल होंगे।

आनंद साईं दरबार के प्रबंधक अमित कुमार सिन्हा ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह के पहले दिन मंगलवार को भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पालकी यात्रा आनंद साईं दरबार से आरंभ होकर चट्टी बाजार, लोहार टोला, सुभाष चौक, मेन रोड, थाना चौक होते हुए वापस आनंद साईं दरबार पहुंचकर संपन्न होगी। पालकी यात्रा 3:30 बजे से आरंभ होगी। वहीं, बुधवार को मंदिर परिसर में पूजन का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को भव्य भंडारे के साथ स्थापना दिवस समारोह का समापन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इधर, स्थापना दिवस समारोह को लेकर आनंद साईं दरबार की साफ सफाई विद्युत बल्बों से आकर्षक तरीके से सजाया गया है। जिससे मंदिर भव्य दिख रहा है।

## कुजू वन कार्यालय में रखे सैकड़ों टन कोयला को उठाने की तैयारी

- दो दिन से वाहन के ब्रेकडाउन होने से नहीं हो रहा है उठाव

**कुजू।** करीब एक दशक पूर्व लोहागेट फोरलेन डायवर्सन सड़क निर्माण के दौरान निकासी सैकड़ों रखे टन कोयले को वन परिसर कार्यालय कुजू से सीसीएल न्यू कुजू साइडिंग को वन विभाग द्वारा सुपुर्द करने का तैयारी किया जा रहा है। जिसे लेकर वन परिसर कार्यालय में पड़े कोयले को जेसीबी के माध्यम से इकट्ठा किया जा रहा है। मौके पर फोरेस्टर आनंद कुमार ने बताया कि कोयला को रविवार से उठाना था, लेकिन वाहन के ब्रेकडाउन होने के कारण उठाव नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि रेंजर बटेश्वर पासवान को इसकी जानकारी दी गयी है, आगे की कार्रवाई उनके दिशा निर्देश में होगा। बताया जाता है कि कोयला को हटाकर उक्त भूमि पर भवन बनाया जायेगा।

## सांस्कृतिक-धार्मिक परंपराएं आज भी लोगों के दिलों में जीवंत हैं : रोशन लाल

- उचरिंगा में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मंडा पूजा मेले का विधायक ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री शिव मंडा पूजा समिति उच्चरिंगा द्वारा आयोजित मंडा पूजा महोत्सव का उचरिंगा में भव्य आयोजन किया गया। मंडा पूजा में भोगता और सोकताईनो ने दहकते अंगारो पर चलकर और बनस झुला झुलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया। इसके पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मंडा मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चैधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, छोटानागपुर प्रमंडली प्रभारी योगेश दांगी और रामेश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान पूजा समिति ने अतिथियों को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चैधरी ने संस्कृति, परंपरा और लोक कला के संरक्षण के प्रति समिति की सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर है, इसे संजोए रखना हमसबों का दायित्व है। मेला में झारखंड की सभ्यता और संस्कृति झलकती है। विधायक श्री चैधरी ने कहा कि पूरे आयोजन में ग्रामीणों की भारी भागीदारी ने यह साबित किया है कि क्षेत्र में ऐसी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराएं आज भी लोगों के दिलों में जीवंत हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंग-बिरंगे पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूजा के साथ-साथ मेले में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था। मेला में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए जमकर खरीदारी की। आयोजन को सफल बनाने में श्रीश्री मंडा पूजा समिति के संरक्षक छोटन महतो, संरक्षक चितरंजन सिंह, अध्यक्ष प्रकाश महतो, उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, सचिव सुमन कुमार मुंडा, सह सचिव शंकर मुंडा, कोषाध्यक्ष राजकिशोर सिंह, सह कोषाध्यक्ष बालेश्वर सिंह सहित कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## गलत तरीके से मो. गुलजार को जिलाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर राजद कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुजू।** दिगवार फोरलेन स्थित वृंदावन होटल के सभागार में राजद नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से युवा राजद के प्रदेश सचिव ललन यादव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बताया कि गत 10 जून को रामगढ़ में जिलाध्यक्ष चयन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस बीच कार्यकर्ताओं के भारी आक्रोश के बाद जिलाध्यक्ष चयन कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। 11 जून को असंवैधानिक तरीके से राजद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी आबिद अली द्वारा मो. गुलजार को जिलाध्यक्ष मनोनीत कर एक प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों से जांच करते हुए सबकी सहमति से जिलाध्यक्ष का चयन करने की मांग की। कहा इसके बाद अगर ऐसा नहीं हुआ तो राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद से मिलकर मामले को रखने काम किया जायेगा। इधर प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल जिला अध्यक्ष के दावेदार जितेंद्र यादव, राजकुमार केसरी, बद्री विश्वकर्मा ने भी विरोध जताया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में फिरोज अहमद, दिलीप यादव, चिंटू कुमार, कुलदीप यादव, सतीश कुमार, संदीप कुमार, गोपाल यादव, राज सिंह, संजय कुमार समेत अन्य लोगों शामिल थे।

## कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

# कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शिता पूर्वक समय पर पूर्ण करें

- राज्य और केंद्र सरकार की संचालित योजनाओं को आपस में समन्वय स्थापित कर प्रगति का मूल्यांकन करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला सहकारिता, कृषि, आत्मा, मत्स्य, गव्य, पशुपालन और सहायक निबंधक सहयोग समितियों आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा विभागवार करते हुए उपायुक्त ने योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति और जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों की विस्तार से जानकारी ली और विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित अवधि के अंदर पूर्ण करें तथा सभी योग्य लाभुकों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करने, नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करने आदि का निर्देश दिया। वहीं किसानों और पशुपालकों से सीधा संवाद करने पर बल दिया ताकि योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। आत्मा की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार लाने, सहकारी समितियों के सशक्तिकरण, मत्स्य पालन को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में आवश्यक पहल करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त के अलावे जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर वर्णवाल, डीसीओ रूमा झा, जिला मत्स्य पदाधिकारी विजय कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीख प्रसाद आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### प्रेम कुमार राणा ने मुंबई में टेनिस क्रिकेट एसोशिएशन ऑफ इंडिया की अंपायरिंग परीक्षा पास की



गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के निवासी खेल प्रेमी कहे जाने वाले प्रेम कुमार राणा ने मुंबई में टेनिस क्रिकेट एसोशिएशन ऑफ इंडिया द्वारा लेवल वन अंपायरिंग की परीक्षा में मीनाताई ठाकरे स्टेडियम नासिक महाराष्ट्र में सफलता हासिल की है। बताते चलें कि इस परीक्षा में भारत के कई राज्य से अंपायर के लिए परीक्षार्थी अपना-अपना भाग्य अजमाए थे। जिसमें झारखंड राज्य के चतरा जिला के गिद्धौर प्रखंड से प्रेम कुमार राणा पिता स्व. कुलदीप राणा ने सफलता हासिल की है। वहीं मुंबई, मध्य प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र व अन्य राज्यों से प्रतिभागियों ने भी भाग लिया था। इस सफलता से गिद्धौर प्रखंड में खेल प्रेमियों में अत्यधिक खुशी देखी जा रही है एवं प्रखंड के लोग प्रशंसा कर रहे हैं। चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष सह चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ (बिरजू) ने भी प्रशंसा की है। परीक्षा प्रतियोगिता में टेनिस क्रिकेट एशोशिएशन के अध्यक्ष कन्हैया गुर्जर, सचिव मीनाक्षी गिरी तथा उनकी पूरी टीम मौजूद थी।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नारी की उड़ान विषय पर जागरूकता शिविर आयोजित



गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड क्षेत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव महोदय के निदेर्शानुसार सोमवार को नारी की उड़ान बंदिशें से आजादी तक एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम के तहत थाना प्रखंड पी एल बी पवन कुमार और कुमारी शारदा भारती के द्वारा नारी सशक्तिकरण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नारी सशक्तिकरण और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के विषय पर लोगों को जागरूक किया गया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए उत्प्रेरित किया गया। साथ ही महिलाओं को सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरुक किया गया। वही इस मौके पर मौजूद अभिभावकों को बेटियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए उन्हें उत्प्रेरित किया गया। इस मौके पर नालसा के द्वारा जारी पंपलेट का वितरण भी लोगों के बीच किया गया। जागरूकता शिविर में साथी कार्यक्रम के तहत जिसका मुख्य उद्देश्य अठारह वर्ष से कम उम्र के अनाश्रित बच्चों का सर्वेक्षण कर आधार पंजिकरण एवं सरकार द्वारा दिए जा रही सुविधाओं को लाभ दिलवाने हेतु उत्प्रेरित किया गया ।

### 18 वर्षीय नव विवाहिता ने जहर खाकर की आत्महत्या

कुंदा (चतरा)। कुंदा थाना क्षेत्र के खुटेर गांव में नवविवाहिता ने जहर खाकर रविवार को आत्महत्या कर ली। मृतका धर्मेंद्र साव के पुत्र राजा की पत्नी थी, जिनका विवाह लगभग एक महीने पूर्व ही हुआ था।वही मामले मे कुंदा पुलिस शव को अपने कब्जे कर पोस्टमास्टम रिपोर्ट होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। कुंडा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि घरेलू विवाद को लेकर नव विवाहित जहर खाकर आत्महत्या कर ली है ।इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही मामला को उद्वेदन किया जाएगा।।

# कोडरमा थाना के मुंशी को एसपी ने किया निलंबित

- थाना प्रभारी व ओडी पदाधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह सोमवार को कोडरमा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोडरमा थाना के मुंशी शशिकांत कुमार बिना वर्दी ड्यूटी करते पाए गए। एसपी ने वर्दी नहीं पहनने व अनुशासन हिनता के आरोप में निलंबित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मुंशी बिना वर्दी के ही ड्यूटी पर तैनात रहा करते थे।

इस दौरान एसपी ने ससमय प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर थाना प्रभारी एवं ओडी पदाधिकारी हेमा कुमारी द्वारा पीड़ित के आवेदन देने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं करने की शिकायत पर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। साथ ही थाना में आए फरियादियों से अच्छा व्यवहार करने, पीड़ितों के साथ न्यायसंगत कार्रवाई की बात कही है।

## पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का किया गया स्वागत

- पुलिसकर्मियों का हक दिलाने का काम करूंगा : करण सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवारा (कोडरमा)।** झारखण्ड के केंद्रीय पुलिस मेंस एसोसिएशन चुनाव प्रचार प्रसार के लिए पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष पद के उमीदवार करण सिंह, महामंत्री रमेश उरांव, बिनोद पाण्डेय की टीम 21 जून देर रात लगभग 9:30 बजे चंदवारा पुलिस लाईन पहुंची, जहां लोगों ने माला पहनाकर गाजे बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं चंदवारा पुलिस मेंस एसोसिएशन कार्यालय में एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष प्रशांत कुमार एवं संचालन मुकेश कुमार रवि ने किया। इस दौरान अध्यक्ष पद के उम्मीदवार करण सिंह को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। वहीं अध्यक्ष पद के उम्मीदवार करण सिंह ने कहा कि आज झारखंड में जनता की सुरक्षा की जिम्मेवारी निभा रहे हमारे सिपाहियों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है, उच्च अधिकारियों की तानाशाही से कनीय पुलिसकर्मी परेशान हैं। पुलिसकर्मी अपनी परेशानियों को कहीं साझा नहीं कर पाते हैं, उन सभी पुलिसकर्मियों को हक दिलाने का काम मैं करूंगा। जबकि एसोसिएशन के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान उपस्थित लोगों से अपनी पूरी टीम के लिए समर्थन मांगा एवं वोट करने की अपील की। वहीं डेलीगेट की टीम ने अध्यक्ष पद के उम्मीदवार करण सिंह की पूरी टीम को समर्थन देने की बात कही। मौके पर नंदलाल महतो, पंकज सिंह, राजेश महतो, अर्जुन महतो, नरसिंह राणा, अमिताभ सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुनील ठाकुर, प्रवीण कुमार, मुनेश महतो, दीपक सिंह, दिनेश दास, कृष्णा मुंडा, अवधेश कुमार एवं पुलिस जवान मौजूद थे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया



सतगावां (कोडरमा)। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि पर भाजपा प्रखंड इकाई के द्वारा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को महेश्वरधाम स्थित विवाह भवन में डॉ. मुखर्जी के पुण्यतिथि को भाजपा कार्यकताओं ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान कार्यकताओं ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंली दी और नमन किया। पुण्यतिथि के मौके पर मंडल अध्यक्ष ने उनके जीविनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी महान शिक्षाविद, देशभक्त के साथ-साथ प्रखर वक्ता थे। उन्होंने देश की एकता व अखंडता के लिए लगातार काम किया। डॉ. मुखर्जी धारा 370 के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने नेहरू की तुष्टीकरण के खिलाफ आवाज उठाते हुए नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कश्मीर में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान को लेकर आंदोलन किया था। उन्होंने राष्ट्रीय एकता के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। उनका जीवन हम सभी कार्यकताओं के लिए अनुकरणीय है। साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से उनके बताये गए मार्ग पर चलने की अपील की। मौके पर नरेश प्रसाद यादव, सुबोध सिन्हा, रंजीत सिंह, कौशल सिंह, अविनाश यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डोमचांच और झुमरीतिलैया में चलाया गया सफाई अभियान

कोडरमा। बरसात के मौसम को देखते हुए उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर झुमरीतिलैया नगर परिषद, कोडरमा और डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र में सोमवार को व्यापक रूप से साफ सफाई अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान तीनों शहरी क्षेत्रों के विभिन्न वार्डों में साफ सफाई की गयी। उपायुक्त ने शहरवासियों से अपने आस पास के क्षेत्रों को साफ सुथरा रखने में सहयोग करने की अपील किया।

### नशा मुक्त अभियान को लेकर झुमरीतिलैया में चलाया गया जागरूकता अभियान



कोडरमा। जिला समाज कल्याण विभाग और स्वयं सेवी संस्था जीवन ज्योति के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत झुमरीतिलैया शहर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों, बस स्टैंड, टेम्पू स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गयी और आमजनों से नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग करने की अपील किया गया। मौके पर मुकेश कुमार, मधु गुप्ता, विनय कुमार, विकास कुमार, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### कोडरमा नगर पंचायत में भी चला जागरूकता कार्यक्रम



**कोडरमा।** नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा के निर्देश पर कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र में मादक पदार्थों के खरीद बिक्री और इस्तेमाल के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के वार्ड संख्या 15 बरसोतियाबर और वार्ड एक बोनकाली में स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों के सहयोग से मानव श्रृंखला बनाकर मादक पदार्थो कर विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया गया और आमजनों से नशा का सेवन नही करने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील किया गया। मौके पर नगर मिशन प्रबंधक संजीत कु साहू, रश्मि कुमारी सिन्हा, निरंजन कुमार, बसंत कुमार आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त खेल संघों के साथ बैठक कर दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में जिले के सभी खेल संघों के प्रधान सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त ने सभी खेल संघों के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उनका परिचय लिया। उन्होंने जिले में खेलों के सर्वांगीण विकास को लेकर सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा जताई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी खेल संघ आगामी दो माह के भीतर अपने-अपने संघों का निबंधन कराएं तथा निबंधन प्रमाण पत्र की प्रति जिला खेल कार्यालय, कोडरमा में जमा करें।

बैठक में जिले में खेल स्पर्धाओं के माध्यम से सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने हेतु सभी खेल संघों से सुझाव आमंत्रित किए गए। इसके साथ ही झुमरी तिलैया स्थित गुमो में नगर परिषद् द्वारा निर्माणाधीन खेल मैदान का अधिकतम प्रचार-प्रसार करने तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत वहां नियमित खेल आयोजनों की योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। जिले के प्रत्येक प्रखण्ड में खेल संघों द्वारा एक-एक टीम का गठन एवं प्रत्येक प्रखण्ड के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करने की बात कही गई। साथ ही इन टीमों के साथ नियमित बैठकों के आयोजन पर बल दिया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था के लिए सभी खेल संघों से प्रस्ताव मांगे गए, ताकि राज्य स्तर पर जिले के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

बैठक में तीरंदाजी संघ के सचिव द्वारा यह अवगत कराया गया कि जिले के कई खेल संघों के पास प्रमाणित प्रशिक्षकों की सूची उपलब्ध नहीं है, जिससे प्रतियोगिताओं के आयोजन में बाधा उत्पन्न होती है। इस पर उपायुक्त ने सभी संघों को प्रशिक्षकों की अद्यतन विवरणी शीघ्र तैयार करने का निर्देश दिया।

### सर्पदंश से चैकीदार की हालत गंभीर, रेफर

सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी में रविवार की रात्रि चौकी से उतरकर शौच जाने के दौरान चैकीदार को सांप ने डंस लिया। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम डुमरी निवासी 32 वर्षीय चैकीदार दिनेश यादव रोजमर्रा की तरह अपने घर के बाहर चौकी पर बैठे थे। इसी दौरान चौकी से उठकर लघुशंका करने के लिए गये इसी दौरान करैत सांप ने डंस लिया। सांप के डंसने के बाद चौकीदार ने शोर मचाया। शोर सुनकर दौड़कर परिजन पहुंचे और सांप को देखकर उनके होश उड़ गए। चौकीदार ने परिजनों को बताया कि सांप ने डंस लिया है। परिजन आनन फानन में चौकीदार को लेकर प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने एंटीवेनम का इंजेक्शन लगाकर चौकीदार को उपचार दिया। उसके बाद बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन परिजन अपनी मर्जी से सदर अस्पताल ना ले जाकर अपने घर में ही रखे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 2025 पर खेल प्रतियोगिताओं एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन



**चतरा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर चतरा जिला के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भव्य खेल प्रतियोगिताओं और जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओलंपिक दिवस का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। इस अवसर पर जिले के प्रतिभागियों के बीच साइकिल रेस, मैराथन दौड़, एथलेटिक्स, एवं फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। सभी खेलों में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे ओलंपिक मूल्यों झ उत्कृष्टता, सम्मान और सहभागिता झ का प्रभावी प्रदर्शन हुआ। खेल आयोजनों के साथ-साथ एक नशा विरोधी जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसके अंतर्गत स्टेडियम परिसर में बैनर और पोस्टर लगाए गए। इन माध्यमों से युवाओं एवं दर्शकों को यह संदेश दिया गया कि नशे से दूरी और खेलों से जुड़ाव ही एक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज की नींव है। सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया गया कि वे इस संदेश को अपने परिवार, मित्रों और सामाजिक माध्यमों पर साझा कर समाज में नशा मुक्त वातावरण निर्माण में भागीदारी निभाएं। इस आयोजन में आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों के साथ-साथ डे बोर्डिंग केंद्र के बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने में आवासीय फुटबॉल कोच श्रीमती प्रेरणा मिश्रा एवं डे बोर्डिंग फुटबॉल कोच श्री वासुदेव उरांव की अहम भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अनुशासन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा की भावना को आत्मसात किया। कार्यक्रम की संपूर्ण देखरेख और सफल क्रियान्वयन में जिला खेल पदाधिकारी श्री तुषार राय की नेतृत्वकारी भूमिका रही। इसके अतिरिक्त श्री लालू, श्री कमरान, डी एल टी एस अंकित कुमार, एवं अन्य कार्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। यह आयोजन चतरा जिले में खेलों के विकास एवं युवाओं के सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है, बल्कि सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता भी पैदा होती है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में ओलंपिक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्रों को ओलंपिक मूल्यों, उत्कृष्टता और सम्मान से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 5वीं से 9वीं तक के छात्रों के लिए निबंध, लेखन प्रतियोगिता तथा कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं कक्षा 10वीं के छात्रों में खुशी कुमारी और वैष्णवी शिवप्रिया ने ओलंपिक दिवस पर एक प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने भारतीय ओलंपिक पदक विजेताओं की उपलब्धियों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता (कनिष्ठ वर्गः कक्षा 3 से 8) के विजेताओ में प्रथम स्थान मानवी कुमारी, द्वितीय आकर्ष कुमार व तृतीय स्थान रूही झा रही। वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता (वरिष्ठ वर्गः कक्षा 9 से 12) में विजेताओ में प्रथम स्थान प्रीतम अवध्या, द्वितीय स्थान शुभम कुमार सिंह तथा तृतीय स्थान मंजीत कुमार एवं (मध्य वर्ग कक्षा 5 से 7) के निबंध लेखन प्रतियोगिता, अंग्रेजी माध्यम में प्रथम स्थान प्रत्युषा शर्मा, द्वितीय स्थान अवंतिका तथा हिंदी माध्यम में प्रथम स्थान नितिका कुमारी, द्वितीय स्थान साक्षी रजक को विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व ओलंपिक दिवस केवल खेलों का उत्सव नहीं है, यह एकता, संकल्प और वैश्विक सौहार्द का प्रतीक है। मुझे गर्व है कि हमारे छात्र इस दिवस को पूरी निष्ठा और रचनात्मकता के साथ मना रहे हैं। हमें जीवन के हर क्षेत्र में ओलंपिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए, चाहे वह शिक्षा हो, खेल हो या हमारा आचरण।

मौके पर प्रवीन कुमार, शगुफ़्ता प्रवीण, अशुतोष गौतम, सतीश कुमार, अभिलाषा सिंह, मनोज पांडेय, कुंदन राणा, कुंतल जेटवा, अनुष्का शर्मा आदि की सक्रिय सहभागिता रही। यह आयोजन छात्रों के लिए न केवल प्रेरणादायक रहा, बल्कि उन्हें खेल और शारीरिक फिटनेस के महत्व को समझने और आत्मविकास की दिशा में प्रेरित करने का अवसर भी प्रदान किया।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसाबाद में शिविर का आयोजन



मरकच्चो (कोडरमा)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत प्रखंड मरकच्चो के डगरनवां पंचायत के ग्राम परसाबाद स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवार को केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं का लाभ उनके गांवों में प्रदान किया जाना है। शिविर में 10 आधार कार्ड, 06 मनरेगा जॉब कार्ड, 64 आयुष्मान कार्ड, 18 जन धन खाता, 18 पेंशन, 46 सिकल टेस्ट, 6 जाति प्रमाण पत्र, 69 राशन से संबंधित, 6 आवासीय प्रमाण पत्र, 07 लाभुकों को इंद्रधनुष योजना का लाभ दिया गया, 8 मुद्रा आदि योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया गया। शिविर का आयोजन कर सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। शिविर में ओपीडी के तहत 53 लाभुकों का स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त दवा का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, मुखिया शोभा देवी, डा. राकेश कु सिंह, मिथलेश यादव, राजेश कुमार, लेखराज दास, दीपक कुमार, कमल कुमार, श्यामसुंदर प्रसाद, किशोर यादव, दिलीप महतो, सकलदेव यादव आदि मौजूद रहे।

## सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में लिटिल चैंप प्रतियोगिता का आयोजन

# बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की टीम रही विजेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में सोमवार को प्रथम लिटिल चैंप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्क्रमित मिडिल स्कूल बरियारडीह बनाम अपग्रेड प्लस टू उच्च विद्यालय जगदीशपुर के बीच खेला गया, जिसमें जगदीशपुर ने 1-0 से विजय प्राप्त किया। अंडर 15 बालक वर्ग में पहला मैच जगदीशपुर बनाम बरियारडीह के बीच खेला गया, जिसमें जगदीशपुर ने 2-0 से मैच को जीत लिया और फाइनल में जगह बना लिया। फाइनल मैच जगदीशपुर बनाम सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें पेनल्टी शूटआउट में जगदीशपुर ने तीन एक से विजय रहा। वहीं 64वें सुब्रतो मुखर्जी का फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 17 बालक का पहला मैच सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय मरकच्चो बनाम परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर के बीच खेला गया, जिसमें सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय ने एक गोल से विजय प्राप्त किया। दूसरा मैच उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जगदीशपुर और उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डगरंवा के बीच खेला गया, जिसमें डगरांव ने 3-0 से जगदीशपुर को हराया। अंडर 17 बालक वर्ग का फाइनल मैच सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय मरकच्चो बनाम डगरनवां के बीच खेला गया, जिसमें डगरांव पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से मरकच्चो को हराया। अंडर 17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मरकच्चो की टीम विजेता रही। मैच का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो व प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने बॉल को कीक कर उद्घाटन किया। पूरे प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका संजय कुमार यादव, हरीश राम, संतोष सोरेन, अरविंद सोरेन ने निभाई।

प्रतियोगिता का सफल संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभुदेव यादव, बीपीएम आनंद कुमार, एमआईएस अचिंतो राय, संतोष कुमार, सत्य प्रकाश, बीरेंद्र यादव, विकाश यादव चंदन व मंच संचालन गगन दास द्वारा किया गया। मौके पर साकिब महमूद, आशुतोष कुमार, विद्यासागर पासवान, सीताराम रजक, रीना कुमारी ललिता कुमारी, विजय कुमार यादव, रवि कुमार, मनु कुमार पांडे उपस्थित थे।

# 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल में निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) होगा शामिल

- निर्माण कामगार यूनियन का जिला सम्मेलन 6 जुलाई को
- ब्लॉक परिसर में सीटू यूनियन की बैठक में शामिल हुए निर्माण श्रमिक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** केन्द्र सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए सीटू से सम्बद्ध झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन की बैठक ब्लॉक परिसर झुमरीतिलैया में नागेश्वर दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए सीटू और झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि आज निर्माण मजदूरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, मजदूरों के रजिस्ट्रेशन के लिए श्रमाधान पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा है और जिसके कारण उनका लेबर कार्ड नहीं बन रहा है। उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है और उनको अधिकार नहीं मिल रहा है। इसलिए देशव्यापी हड़ताल में निर्माण मजदूर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। बैठक में यूनियन का एक हजार सदस्य बनाने और 6 जुलाई को जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में शंभु पासवान, नागेश्वर दास, बालेश्वर राम, सहदेव दास, बद्री तुरी, सहदेव राम, बीरेंद्र दास, मोहन दास, बसंती देवी, यशोदा देवी, लीला देवी, फूलो देवी, मीना देवी आदि मौजूद थे।

# नशे की राह पर जाने वालों को रोकिये, न रूके तो संगति तोड़िये : कुमार शिवाशीष

■ एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में सिटी एसपी ने छात्र-छात्राओं को किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार को नशा मुक्ति सप्ताह के अंतर्गत जिला प्रशासन की ओर से एस. डी. एस. एम. स्कूल फॉर एक्सीलेंस की प्रेक्षागृह में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि सिटी एसपी कुमार शिवाशीष , अतिथि सिटि डीएसपीसीसीआर. मनोज ठाकुर, सिद्गोड़ा पुलिस थाना प्रभारी गुलाम रबानी , महिला थाना प्रभारी मंजू कोंकल, सिटी पुलिस इंस्पेक्टर नित्यानंद प्रसाद, एनजीओ मिराकी संस्था के सदस्य रीता पात्रो व जितेन्द्र तिवारी, विद्यालय के चेयरमैन दिवाकर सिंह, विद्यालय



कार्यक्रम में उपस्थित सिटी एसपी कुमार शिवाशीष एवं अन्य अतिथियों संग चेयरमैन दिवाकर सिंह।

प्राचार्या मौसमी दास, शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ नशा से संबांति विभिन्न पहलुओं व बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए नशीले व मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले हानियों के दुष्प्रभाव से छात्रों में जागरूकता फैलाने के लिए नशे की लत छोड़े, जीवन से नाता जोड़े स्लोगन के साथ किया गया।

मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का अभिवादन करते हुए प्राचार्या मौसमी दास ने छात्रों को संबोधित करते हुए नशा के प्रकार के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी चीज की अकिता ही नशा है जो हमारे शारीरिक, मानसिक व आयात्मिक विकास में बााक सिद्ध होती है। ईमानदार रहे और सदैव सीखने को तैयार रहें।

इस कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थी और शिक्षकगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि एवं सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने नशे के दुष्प्रभाव के बारे बताया कि शुरूआत जितना आसान है अंत उतना ही खतरनाक है। इसलिए से नो ड्रग्स में अपने आपको व्यस्त रखिए। इस ओर आगे जाने वाले को रोकिए न रूके तो संगति तोड़िए।

विद्यालय अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने इस अभियान के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान आष्ट करते हुए बताया कि हमें अपने विवेक का प्रयोग स्वयं व समाज के निर्माण के लिए करना चाहिए। जिसके लिए हमें अपने अधिकार ही नहीं कार्व्यो पर भीध्यान देना चाहिए। नषा से संबंधित किसी भी समस्या को घर परिवार को बताना चाहिए।

महिला थाना प्रभारी मंजू कोंकल जी ने छात्रों को बताया कि नशा एक बुरी लत है जो हमारे लक्ष्य प्राप्ति में बाधक है, इससे मुक्ति के लिए हमें यथा संभव प्रयासरत रहना चाहिए।

सीटी डीएसपीसीसीआर मनोज कुमार ने नशा मुक्ति अभियान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जान बूझकर की गई अपराध अक्षम्य है, अतः उन राष्ट्र विरोाी, समाज विरोाी लोगों से युवा पीढ़ी को मजबूत बनाना है। आज की युवा पीढ़ी को अपनी ऊर्जा को बचाना चाहिए व सकारात्मक कार्यों में लगाना चाहिए ज़ो व्यक्तित्व का निर्माण व लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक ठोस कदम है।

सिद्गोड़ा थाना प्रभारी गुलाम रबानी ने नशीले पदार्थों का मन व शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए हमे नशा मुक्त होना चाहिए व पढ़ाई में यान देना चाहिए।

पुलिस इंस्पेक्टर नित्यानंद प्रसाद ने छात्रों को नशा मुक्त होने का संदेश देते हुए कहा कि ''मन व मैं, को एक करना'' नशा से मुक्त होने की ओर का सार्थक कदम है। जिसके लिए हमें दूसरों की देखा देखी न कर अपने जीवन को अनुशासित करना व आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहिए।

प्राचार्या मौसमी दास ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी के निर्देशों व प्रेरित करने वाले व्यक्तव्यों को प्रकाष में लाते हुए सभी का आभार प्रकट किया।

## स्पीड न्यूज

### चारों प्रखंड कार्यालय पर भाजपा का प्रदर्शन आज

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश ने राज्य की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार में ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, गरीबों के पेंशन, किसानों के बकाए राशि, बेरोजगारी, पेसा कानून लागू कराने, भाषा विवाद को ठीक करने, स्थानीय नीति, नियोजन नीति जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर 24 जून को पूरे राज्यभर के प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन की घोषणा की है। इस निमित्त, जमशेदपुर महानगर में आक्रोश-प्रदर्शन की सफलता और तैयारी को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्षगण शामिल हुए। इस दौरान जमशेदपुर महानगर अंतर्गत चारों प्रखंड मुख्यालयों पर आक्रोश-प्रदर्शन की सफलता के निमित्त विभिन्न पहलुओं को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ता जमशेदपुर अंतर्गत करनडीह प्रखंड कार्यालय, पोटका प्रखंड कार्यालय, बोड़ाम प्रखंड कार्यालय एवं पटमदा प्रखंड कार्यालय पर सुबह 11 बजे से पूरे राज्य में सत्ता संरक्षित भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, बेरोजगारी, खनिज संपदाओं की खुली लूट को उजागर करते हुए जोरदार विरोध-प्रदर्शन करेंगे। सुधांशु ओझा ने बताया कि आक्रोश-प्रदर्शन में पटमदा एवं कमलपुर मंडल के कार्यकर्ता पटमदा प्रखंड कार्यालय, बोड़ाम मंडल के कार्यकर्ता बोड़ाम प्रखंड कार्यालय एवं पोटका, कौवाली और आसनबनी मंडल के कार्यकर्ता पोटका प्रखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। इसके साथ ही, सीतारामडेरा, गोलमुरी, टेल्को, बारीडीह, बिरसानगर, बर्मामाइंस, साकची पूर्वी, साकची पश्चिम, कदमा, सोनारी, बिस्टुपुर, मानगो, उलीडीह, आजादनगर, जुगसलाई, गोविंदपुर, परसुडीह, घोड़ाबांधा, एम जी एम, सुंदरनगर, बागबेड़ा एवं प्रखंड कार्यालय पर ये नेतागण होंगे शामिल: जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पोटका में पूर्व विधायक मेनका सरदार, बोड़ाम में प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, पटमदा में पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

### 312 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा थाना अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान के दौरान गुप्त सुचना के आधार पर जादूगोड़ा पुलिस ने सघन छापामारी कर अवैध रूप से गांजा का खरीद-बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी दिलखुश गोप, पे. सुनील गोप, ग्राम दुड़कु थाना जादुगोड़ा जिला पूर्वी सिंहभूम को निवासी है व उनके घर से करीब 312 ग्राम गांजा बरामद करने में पुलिस की सफलता मिलीस जिसके आधार उसके खिलाफ जादूगोड़ा थाना कांड 37/25 दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार एक घाटशिला जेल भेज दिया गया।

### 72 घंटे की बारिश में कई बिजली पोल उखड़े

**जादूगोड़ा।** 72 घंटे की हुई बारिश में जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के मुर्गाघुटू से डोमजूडी जानी वाली मुख्य सड़क किनारे कई बिजली के ढलाई पोल उखड़े गये। जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। यह बिजली के पोल जहां दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है व कार्यों में भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही है।

### मुक्ति फाउंडेशन ने किया दवा का छिड़काव

**जादूगोड़ा।** बरसात शुरु होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इधर जमशेदपुर के कदमा स्थित मुक्ति फाउंडेशन की ओर से जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के धर्मडीह , इंचडा में दवा का छिड़काव किया गया ताकि लोगों की डेंगू और मलेरिया से मुक्ति मिल सके।

## बागबेड़ा कॉलोनी की बदहाल सड़कों का शीघ्र होगा कायाकल्प

# सांसद विद्युतवरण महतो ने किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने सोमवार को बागबेड़ा के रामनगर में बागबेड़ा कलोनी के सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। उल्लेखनीय की मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीत इस योजना में बागबेड़ा फिल्टर हाउस से लेकर बागबेड़ा के रोड नंबर 1 से लेकर 6 तक के सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य संपन्न होगा।इस अवसर पर सांसद श्री महतो ने कहा इस कार्य के लिए काफी पहले से प्रयास किया जा रहा था। चुनाव आदि के कारण इसमें विलंब हुआ। बागबेड़ा वासियों के लिए यह एक सौगात है। जल्द ही एक गुणवत्ता युक्त सड़क का निर्माण शुरू हो जाएगा जिससे आवागमन सुलभ होगा।


सड़कों की सुदृढीकरण एवं चौड़ीकरण का शिलान्यास करते सांसद विद्युतबरण महतो।


सांसद श्री महतो ने कहा कि बागबेड़ा वायरलेस मैदान को नया स्वरूप दे दिया गया है। जल्द ही इसका लोकार्पण किया जायेगा। इस मैदान के सौंदर्यीकरण से बड़ी संख्या में बालक, युवा महिला एवं वरिष्ठ नागरिक गण इससे लाभान्वित होंगे।

मौके पर सांसद के अतिरिक्त पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार, जिला पार्षद कविता परमार, हरेंद्र सिंह, धनंजय उपाध्याय, संजय सिंह, आनंद कुमार, विमलेश उपाध्याय, झरना मिश्रा, अंकलेश गिरी, सुनील तिवारी, विनय सिंह, दिलीप पाठक, कमल पांडे, धीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं जनता उपस्थित थे।

## नारायण आइटीआई में जनसंघ के संस्थापक को दी गयी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नारायण प्राइवेट आईटीआई में भारत माता के सच्चे सपूत, महान राष्ट्रभक्त, शिक्षाविद एवं जनसंघ के संस्थापक ड.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. जटाशंकर पांडेय सहित समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डा . मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी पावन स्मृति को नमन करते हुए की गई। कॉलेज के निदेशक डा जटाशंकर पांडेय ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी न केवल एक महान नेता थे, बल्कि उन्होंने राष्ट्र की एकता और



अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके विचार आज भी युवाओं को देशसेवा की प्रेरणा देते हैं। निदेशक ने आगे कहा कि ड. मुखर्जी का यह कथन द एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। आज भी हर देशभक्त के हृदय में गूंजता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में एडवोकेट निखिल, प्रो सुदिष्ठ कुमार, जयदीप पांडेय, पवन महतो, अजय मंडल, कृष्णा महतो, गौरव महतो थे।

## भाजपा ने बलिदान दिवस के रूप में मनायी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

■ मंडल कार्यालय और बूथों पर भी मनायी गयी पुण्यतिथि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72वीं पुण्यतिथि को भाजपा जमशेदपुर महानगर ने जिला एवं मंडल स्तर पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया। सोमवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्षगण, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं उपस्थित



महानगर भाजपा कार्यालय में बलिदान दिवस मनाते भाजपाई।


कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के बलिदान को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके बताये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद अमर रहे, जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है एवं भारत माता की जय के नारे लगाकर भावनाएं व्यक्त की।

मौके पर जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि आज हम ऐसे महापुरुष का बलिदान दिवस मना रहे हैं, जिन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देकर जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए अनुच्छेद 370 और 35 ए को समाप्त करने की प्रेरणा का बीजारोपण किया था। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे मायनों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे।

## आरवीएस एकेडमी ने उत्साहपूर्वक मनाया अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर आरव़ीएस. एकेडमी ने एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर ओलंपिक भावना का उत्सव मनाया। इसका उद्देश्य छात्रों को ओलंपिक आंदोलन के मूल्यों खेल भावना, मित्रता और सम्मान के प्रति जागरूक और प्रेरित करना था। इस अवसर की शोभा बढ़ाई विद्यालय



के चेयरमैन बिन्दा सिंह, प्राचार्या वीशा मोहिन्द्रा, उप-प्राचार्या पूजा सुमन, शिक्षकों एवं छात्रों ने। सभा में कई रोचक गतिविधियां हुईं, जिनमें ओलंपिक खेलों के इतिहास और महत्व पर भाषण, छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रश्नोत्तरी, और ओलंपिक खेलों के महत्व पर विचार-विमर्श शामिल थे। कक्षा 8 के छात्रों के लिए 'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का महत्व' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का भाजपा कार्यालय में स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अपने निजी दौरे पर जमशेदपुर पहुंचे केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह का आगमन सोमवार को जमशेदपुर महानगर के साकची स्थित कार्यालय में हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और



संगठन से संबंधित गतिविधियों एवं कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठनहित में कार्य करने और संगठन मजबूती पर बल दिया। जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का कार्यालय आगमन सभी कार्यकर्ताओं के लिए हर्ष, उत्साह और गर्व का क्षण रहा।

## आइएससी टॉपर आदर्श काबरा को गोल्ड कॉइन देकर किया सम्मानित

**डीबीएमएस इंग्लिस स्कूल**

■ आईसीएसई और आईएससी में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल में 23 जून को उनके स्कूल के सभागार में आईसीएसई और आईएससी बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तर देने वाले कक्षा दसवीं और कक्षा बारहवीं के छात्रों के शानदार प्रयासों को पुरस्कृत करने के लिए एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया था।

आईएससी बैच के 139 छात्रों


पुरस्कृत किये गये छात्र-छात्राएं अतिथियों संग।

में से 78 छात्रों ने एकल अंक हासिल किये और उन्हें नकद पुरस्कार, बधाई कार्ड और उपहार देकर सम्मानित किया गया। 22 छात्रों ने आईएससी बोर्ड परीक्षाओं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये और उन्हें रजत पदक से सम्मानित किया गया।

आईएससी बैच के टॉपर आदर्श काबरा ने आईएससी (कमर्स स्ट्रीम) में 99 प्रतिशत अंक हासिल किए और वह स्कूल टॉपर, सिटी टॉपर और स्टेट टॉपर रहे। उन्हें स्वर्ण पदक मिला।

**आइएससी- साइंस स्ट्रीम 2025**

| रैंक | छात्र का नाम | % | पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| 1 | निकुंज अग्रवाल | 99 | सिल्वर कॉइन |
| 2 | भूमि कुमारी | 97. 5 | सिल्वर कॉइन |
| 3 | मुस्कान सोना | 96. 75 | सिल्वर कॉइन |
| 4 | अनुष्का कुमारी | 96. 5 | सिल्वर कॉइन |
| 4 | वाई बी सिद्धार्थ | 96. 5 | सिल्वर सिक्का |
| 5 | असमीत कौर | 96.25 | सिल्वर सिक्का |
| 5 | प्रथम संधू | 96. 25 | सिल्वर सिक्का |
| 6 | सृष्टि रानी | 95. 75 | सिल्वर सिक्का |
| 6 | सैकत सेन | 95. 75 | सिल्वर सिक्का |
| 7 | अदिति झा | 95. 25 | सिल्वर सिक्का |
| 7 | केशव अग्रवाल | 95.25 | सिल्वर सिक्का |
| 7 | अविनाश झा | 95. 25 | सिल्वर सिक्का |
| 7 | रिशव राजदीप | 95. 25 | सिल्वर सिक्का |
| 7 | अनिमेष प्रसाद | 95. 25 | सिल्वर सिक्का |

**आईएससी - कॉमर्स स्ट्रीम 2025**

| रैंक | छात्र का नाम | % | पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| 1 | मृदुल अग्रवाल | 98.5 | सिल्वर सिक्का |
| 1 | हर्षित केडिया | 98.5 | चांदी का सिक्का |
| 2 | पलक गोयल | 97. 5 | चांदी का सिक्का |
| 3 | देवांशी जवानपुरिया | 97.25 | चांदी का सिक्का |
| 4 | ख्याति श्री पेंटाकोटा | 96.75 | चांदी का सिक्का |
| 5 | उत्कर्ष कुमार | 95 | चांदी का सिक्का |
| 5 | मानवी सिंह | 95 | चांदी का सिक्का |
| 6 | मयंक अग्रवाल | 94. 5 | चांदी का सिक्का |

आईसीएसई बैच के टॉपर वंश जवानपुरिया ने आईसीएसई 2025 में 994 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, जो स्कूल टॉपर, दूसरे सिटी टॉपर और दूसरे स्टेट टॉपर थे। उन्हें सिल्वर मेडल मिला।

## एक नजर में

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का नाम बदलने का भाजपा ने किया जोरदार विरोध




**जमशेदपुर।** विगत दिनों झारखंड की हेमंत सरकार ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी को बदल दिया। जिसके विरोध में बलिदान दिवस पर मंडल अध्यक्ष रवींद्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में भाजपा उलीडीह मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा के माध्यम से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष को एक ज्ञापन पत्र लिखकर यह राष्ट्रवाद जैसे महत्वपूर्ण विषय को सड़क से सदन तक रखने का माँग किया गया, इस अवसर पर उलीडीह मंडल से अनिमेष सिन्हा, प्रसन्नजीत महापात्रा, मुन्ना मोहंती, राकेश प्रसाद सहित जिला पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### आदिवासियों के दिलों में आज भी बसते हैं दिशोम गुरु



**जादूगोड़ा।** भले ही झामुमो के संस्थापक दिशोम गुरु स्वास्थ्य व उम्र को लेकर राजनैतिक हाशिये पर चले गये हैं, लेकिन आज भी आदिवासियों के दिलों में बसते हैं दिशोम गुरु शिबू सोरेन। इसका जीवंत उदाहरण देखने को मिला पोटका प्रखंड के एक गांव माटकू में। यहां के एक आदिवासी परिवारों के घरों की दीवारों पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन पेंटिंग देखने को मिल जायेगी। यह पेंटिंग लोगों को आकर्षित कर रही है व उन्हें आज आदर्श के तौर पर आदिवासी बहुल गांव उन्हें याद करती है। इस गांव से गुजरने वाले लोग शिबू सोरेन की तस्वीर को नमन कर आगे बढ़ जाते हैं व भगवान के रूप में पूजते हैं लेकिन इस पंचायत का अन्य टोला समस्याओं के अंबार में जकड़ा हुआ है जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है।

### आज कुदी मोहंती सभागार, कदमा में चेंबर के सदस्यों को संबोधित करेंगे टीवी नरेंद्रन



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चौम्बर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा अपने प्लेटिनम जुबिली वर्ष के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों के तहत 24 जून को संध्या 4.15 बजे से कुडी मोहंती अडिटोरियम, जुस्को स्कूल, रंकिनी मंदिर के सामने, कदमा में टाटा स्टील के सीईओ सह प्रबंध निदेशक टीव़ी.नरेन्द्रन कोल्हान के व्यवसायी उद्यमियों को संबोधित करते हुये अपने अनुभवों को साझा करेंगे। इस दौरान उनके साथ टाटा स्टील के अन्य वरीय पदाधिकारी उपाध्यक्ष कर्पोरेट सर्विसेज डीबी सुंदर रामम एवं टाटा स्टील के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि सिंहभूम चैम्बर ने अपने प्लेटिनम जुबिली समारोह के तहत विभिन्न राजनैतिक, औद्योगिक एवं व्यवसायिक तथा जमशेदपुर एवं इसके आसपास के इलाकों के साथ ही झारखंड राज्य के विकास के कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। जिसका उद्घाटन समारोह 25 मई को लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला जी कर कमलों से संपन्न हुआ था। इस कार्यक्रम में देश के विकास में पूर्वी भारत की मजबूत स्थिति जिसका प्रमुख केंद्र जमशेदपुर पर विस्तृत चर्चा भी होगी और टाटा स्टील के सीईओ सह प्रबंध निदेशक टीव़ी. नरेन्द्रन इस विषय पर अपने ज्ञान एवं अनुभवों से कोल्हान के व्यवसायी उद्यमियों को रूबरू करायेंगे। यह एक महत्वपूर्ण विषय है जब भारत में व्यापार और उद्योग का जोरशोर से चहुंमुखी विकास हो रहा है और भारत के हर मेहनतकश व्यापारी और उद्यमी बुलंदियों को छू रहा है परंतु उसके अनुरूप प्रातिक संसाधनों, मानव प्रतिभा और औद्योगिक विरासत से समृद्ध यह क्षेत्र जमशेदपुर में विकास की रफ्तार को विकास देने पर चर्चा होगी। उपाध्यक्ष पुनीत कांवटिया एवं सचिव अंशुल रिंगसिया ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान चौम्बर के दिवंगत पूर्व अध्यक्षों जिनकी बदौलत चौम्बर आज इस पड़ाव तक पहुंचा है के परिवार के प्रमुख सदस्य को भी सम्मानित किया जायेगा।

### अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 2025 पर पूर्वी सिंहभूम में भव्य आयोजन



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 2025 के अवसर पर पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड रांची एवं जिला प्रशासन (खेल शाखा), पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त तत्वावधान में जिले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विभागीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को ओलंपिक के मूल मूल्यों, श्रेष्ठता, मित्रता एवं सम्मान से अवगत कराना तथा खेलों के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाना था। आयोजित प्रतियोगिताओं में क्रस कंट्री रेस, हैंडबल, वॉलीबल एवं फुटबल मैच प्रमुख रहे। हैंडबल प्रशिक्षण केंद्र, रामदास भट्टा, बिस्टुपुर में आयोजित हैंडबल मुकाबले में चार टीमों ने भाग लिया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किये गये। वॉलीबल प्रशिक्षण केंद्र, डीबीएमएस कदम उच्च विद्यालय में चार टीमों के बीच वलीबल मुकाबले आयोजित हुए। विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। खेलो इंडिया सेंटर, चांपी, पोटका में आयोजित फुटबल मैच में तीन टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

## स्पीड न्यूज

### आज प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा का प्रदर्शन

पाटन पलामू। प्रदेश भाजपा के निर्देश पर सभी प्रखंड मुख्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन 24 जून को किया जायेगा। इसी के तहत पाटन प्रखंड मुख्यालय पर भी प्रदर्शन होगा। जानकारी भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन में सभी मंडल भाजपा के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, पदाधिकारी, सभी पंचायत संयोजक, सह संयोजक, सभी बूथ अध्यक्ष, मंडल में निवास करने वाले प्रदेश जिला के पदाधिकारी एवं भाजपा समर्थक प्रबुद्धजन 24 जून को 10 :30 बजे पाटन ब्लॉक गेट के पास उपस्थित होंगे।

### यौन शोषण करने का आरोपी गया जेल

तरहसी पलामू। तरहसी थाना पुलिस ने युवती के साथ यौन शोषण करने का युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता के लिखित शिकायत पर आरोपी गंगाधारी राम के खिलाफ तरहसी थाना में कांड संख्या 50/2025 के तहत मामला दर्ज किया था, पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए, आरोपी भालूगाड़ी निवास अन्कू राम के पुत्र है। तरहसी थाना प्रभारी आनंद राम ने बताया कि पीड़िता के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है आगे की करवाई की जा रही है।

### गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर 100 बोतल देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



विश्रामपुर (पलामू)। गढ़वा रोड आरपीएफ ने रविवार की देर शाम गुप्त सूचना पर प्लेटफार्म परिसर से दो व्यक्ति को 100 बोतल देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए इसकी लिखित जानकारी उत्पाद विभाग को दे दी है। आरपीएफ के एएसआई लक्ष्मण सिंह ने बताया कि प्लेटफार्म ड्यूटी के दौरान दो व्यक्तियों को संदेह के आधार पर सर्च किया गया तो उनके पास से देशी शराब (टनौका) की 100 बोतल (प्रति बोतल 300 एमएल) बरामद किया गया है।

### भाजपा ने बलिदान दिवस के रूप में मनायी डॉ श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि



विश्रामपुर (पलामू)। भाजपा नगर व ग्रामीण मंडल ने सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनायी। दोनों मंडलों के सभी शक्ति केंद्रों पर एक साथ कार्यक्रम कर डॉ मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। तोलरा शक्ति केंद्र पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। अमरेश तिवारी ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने देश में दो विधान, दो प्रधान व दो संविधान संविधान का विरोध में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। मौके पर उपेंद्र तिवारी, किरण देवी, सतीश्वर प्रसाद सिंह, बबन राम, शिवबंश मिश्रा, संजय ठाकुर भी थे।

### हिंडाल्को के सहयोग से सेसा ने लगाया नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर



मेदिनीनगर। सोमवार को स्वयंसेवी संगठन सेसा ने वन साइट एसिलर लक्जॉटिका फाउंडेशन संपोषित एवं हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के विशेष सहयोग से एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर लगाया गया। शिविर पड़वा प्रखंड क्षेत्र के बटसारा मध्य विद्यालय परिसर में लगा। उद्घाटन सेसा के महासचिव डॉ कौशिक मल्लीक व कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। नेत्र जांच दल के श्याम सुंदर साहू एवं राजकुमार ने 165 लोगों की नि:शुल्क नेत्र जांच की जिसमें 140 को चश्मा दिया गया। जबकि 25 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सलाह दिया गया। मौके पर सुहानी कुमारी, अनीता भगत, ज्योति टोप्पो, अजय कुमार, रविंद्र सिंह, प्रिंस सिंह,रेणु देवी का सराहनीय योगदान रहा।

### हाइवा ने दर्जनों पोल-तार को तोड़ा



पाटन पलामू। रविवार की रात तेज रफ्तार हाइवा ने पाटन पड़वा मुख्य पथ पर बिजली के दर्जनों पोल एवं तार को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे नावाडीह डुमरी छेछौरी डुमरी बरवाडीह टांड़ पतरा लामी सहित कई गांव में बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी। रविवार को हाइवा छ्पी गिराकर नावाडीह क्रेशर प्लांट पर आ रहा था। चालक नशे में धुत था जिससे हाइवा का हाइड्रोलिक ऊपर उठा हुआ छोड़ दिया था जिससे पाटन पड़वा मुख्य पथ किनारे स्थित बिजली पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी पड़वा थाना एवं विजली विभाग को ग्रामीणों ने दी तो पड़वा पुलिस ने हाइवा को जब्त कर थाना ले गयी।

### नावा जयपुर पुलिस ने की छापेमारी



पाटन पलामू। नावा जयपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। नावा जयपुर थाना के भुइयांडीह, नावा अखाड़ा में छापामारी में करीब 120 लीटर जावा महुआ को उसी स्थान पर विनष्ट किया गया। थाना प्रभारी सतीश गुप्ता ने बताया कि पुलिस को अवैध शराब बनाने के बिक्री करने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना का सत्यापन पर पुलिस छापामारी करने गयी थी। इसी दौरान भुइयांडीह, नावा अखाड़ा में कार्रवाई कर शराब बनाने के लिए जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया। नशा समाज को बर्बाद कर रहा है।

### प्रखंड स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन



चैनपुर पलामू। प्रखंड स्तरीय फर्स्ट लिटिल चैंपियन टूर्नामेंट एवं सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन बीडीओ प्रदीप दास, बीइइओ हरि ठाकुर और सचिव झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ आलोक तिवारी ने किया। टूर्नामेंट का आयोजन सहोदय उच्च विद्यालय शाहपुर के मैदान में किया गया। बीडीओ ने कहा कि खेल, खेल की भावना से खेलना चाहिए हार–जीत कोई मायने नहीं रखता। खेल से बच्चों को प्रेरणा मिलती है और खेल का आयोजन होते रहना चाहिए। खेल में प्रखंड के सभी विद्यालयों के द्वारा बच्चों को भाग लिया गया। इसमें नीरज कुमार, चैनपुर शारीरिक शिक्षक पवन कुमार, संजय कुमार, अविनाश तिवारी, साकेत शुक्ला थे।

# दीनदयाल मार्ग खुलवाने के लिए वित्त मंत्री को बधाई: अरुणा शंकर

■ चैनपुर - नेउरा मार्ग प्रशासन और प्रशासक दोनों के लिए चिंता का विषय

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को अंबेडकर पार्क (बड़ा तालाब) के बीचोबीच वर्षों से बंद पड़े दीनदयाल मार्ग को खुलवाने के लिए बधाई दी है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं हमेशा से चाह रही थी इस रास्ते को खुलवाई जाए पर टेक्निकल प्रॉब्लम के चलते मैं खुलवा नहीं सकी फिर चुन्नू भैया के मंत्री बनने के बाद मैंने चैनपुर नेउरा मार्ग को बनवाने और दीनदयाल मार्ग को खुलवाने के लिए हमेशा आग्रह करती रही। जिसमें आज दीनदयाल मार्ग खुल गया जिसकी खुशी मुझे जितनी है उससे कही ज्यादा जेलहाता से आने जाने वाले लोगों को है।





प्रथम महापौर ने स्वयं जाकर उस मार्ग के आने जाने वाले लोगों से मिली। साथ ही वहां के व्यवसाईयों के चेहरे में खुशी देखकर कहा कि मैं इतना दिन बंद पथ नहीं खुलवा पाई थी जिसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूं। आज वित्त मंत्री जी के कारण यह रास्ता फिर से एक बार गुलजार हो गया जिसके लिए मैं आप सबों की तरफ से उन्हें बधाई देती हूं। उन्होंने कहा कि मंत्री जी से एक बार फिर अनुरोध करूंगी कि चैनपुर नेउरा की जनता भी बहुत ही कष्ट में हैं अगर रोड बनने में विलंब हो तो उसे डीएमएफटी फंड से रिपेयर करवा दिया जाए क्योंकि उस मार्ग में सबसे ज्यादा खनिज संपदा की गाड़ियां चलती है। उस मार्ग के अगल-बगल बसे लोग या व्यवसाई जहां धूल से बीमार पड़ रहे हैं वही स्कूल जाने वाले बच्चे बरसात में स्कूल नहीं जा पाते जो प्रशासन के लिए और प्रशासक के लिए चिंता का विषय है। श्रीमती शंकर को वहां के स्थानीय लोगों ने बुके देकर सम्मानित किया और सभी लोगों ने अनुरोध किया कि वित्त मंत्री जब शहर में आए तो उन्हें लेकर इस मार्ग में आएं हम सब उन्हें सम्मानित करेंगे।

# विधवा महिलाओं को सामाजिक रूप से जागरूक और सशक्त करने की दिशा में पहल के लिए ट्रस्ट प्रयासरत: अविनाश देव

■ अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस पर पवन-पूजा की शादी बनी मिसाल

■ विधवा विवाह को सामाजिक सम्मान दिलाने की पहल

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला के पोलपोल निवासी पवन कुमार ने समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में पवन ने गढ़वा जिले के सोनेहारा गांव की रहने वाली विधवा पूजा देवी से विवाह कर सामाजिक सोच को नई दिशा दी है। पूजा देवी के पति का निधन वर्ष 2020 में हो गया था। 2018 में विवाह और 2019 में मां बनने के बाद 2020 में पति के निधन ने उनके जीवन को पूरी तरह बदल दिया था, वहीं पवन कुमार अविवाहित हैं और एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने बीए तक की शिक्षा प्राप्त की है। इस विवाह से दोनों ने यह सिद्ध किया है कि सच्चे रिश्ते समाज की रूढ़ियों से ऊपर होते हैं।



यह विवाह पलामू में पहल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुआ, जिसमें प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन, झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य सह पहल ट्रस्ट के प्रतिनिधि अविनाश देव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा विधवा विवाह को दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बताया कि जिले में वर्ष 2025 के लिए पांच विधवा विवाह का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में उपस्थित कई विधवा महिलाओं ने अपने जीवन के संघर्ष साझा किए। चैनपुर प्रखंड के सेमरटांड़ की एक महिला ने कहा कि पति की मृत्यु के बाद समाज उन्हें दोषी ठहराता है, बेटों से वंचित कर देता है और चरित्र पर सवाल उठाता है। उनके पास केवल बेटियां हैं और कोई मदद के लिए आगे नहीं आता।

# खामडीह : बलिदान दिवस के रूप में मनी डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि

जीवन कुमार

सतबरवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र के खामडीह गांव में सोमवार को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप मे मनाया गया। यह कार्यक्रम पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद बीडी राम ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी 23 जून को कश्मीर में बलिदान हुए थे। वे आधुनिक भारत के महामानव थे। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था तथा 23 जून 1953 को उन्होंने देश के लिए बलिदान दिया। सांसद श्री राम ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक भारतीय बैरिस्टर, शिक्षाविद, राजनीतिज्ञ और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। वे 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद नेहरू सरकार में उद्योग और आपूर्ति मंत्री थे, लेकिन बाद में उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और भारतीय जनसंघ की स्थापना की। मौके पर भाजपा नेत्री स्मिता आनंद, पलामू सांसद के सतबरवा प्रतिनिधि मनीष कुमार मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, संदीप कुमार, प्रखंड संयोजक संयोजक महेश्वर सिंह , संत ज्ञान उर्फ गुड्डू शुक्ला, आशीष सिंहा, सोनू शाह, उदयनाथ चौधरी, आनंद साव, सुशील सिंह, निर्मल सिंह, कृष्णा मेहता, अशोक साव, दरबारी साव समेत कई लोगों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर अर्पित की।



बलिदान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सांसद व अन्य।

## उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# गुड सेमेरिटन योजना अंतर्गत लोगों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव से मई महीने में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। बताया गया कि मई में 29 सड़क दुर्घटनाएं हुई है जिनमें 28 लोगों की मृत्यु व 25 लोग घायल हैं। समाहरणालय सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण सड़क जागरूकता कार्यक्रम पर समीक्षा करते हुए विभिन्न अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने ऐसे स्थानों जहां अधिक दुर्घटनाएं हो रही है, वहां रंबल स्ट्रिप व रिफ्लेक्टिव टेप लगाने पर बल दिया। इस दौरान पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन की भी समीक्षा की गयी।



**कंडा घाटी में रिफ्लेक्टर एवं रंबल स्ट्रीप बेहद जरूरी : एसपी**

बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने नवा बाजार के कंडा घाटी के एरिया में अनिवार्य रूप से रिफ्लेक्टर एवं रंबल स्ट्रीप लगवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं का रेशियो अधिक है, जिससे सड़क दुर्घटना में बचाव करने वाले उपकरणों के उपयोग से कम किया जा सकता है। इसी तरह सतबरवा बाजार में भी रिफ्लेक्टर एवं रंबल स्ट्रीप लगाने की बात कही गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त, तीनों एसडीओ, जिला परिवहन पदाधिकारी समेत सड़क सुरक्षा समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। इस दौरान डीटीओ को गुड सेमेरिटन योजना का अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देश दिये गये।

## बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

■ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर संकल्प लिया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि के अवसर पर भाजपा के आवासीय कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई। हुसैनाबाद स्थित पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के आवासीय भाजपा कार्यालय में इस अवसर पर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने की। उन्होंने उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सर्वोच्च बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि एवं गोष्ठी में भाजपा के प्रदेश जिला एवं मंडल के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रामप्रवेश सिंह ने कहा कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।



## युवाओं के भविष्य के दुश्मन हैं नशा के सौदागर : एसपी रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता

■ पलामू पुलिस का संदेश : नशा नहीं, शिक्षा हमारा नारा




मेदिनीनगर। पलामू पुलिस ने नशे के खिलाफ एक सशक्त जनजागरूकता अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। एक संवादात्मक संदेश के जरिए यह बताया गया कि सिगरेट जैसी आदतें नशे की दुनिया का पहला दरवाजा होती हैं, जो धीरे-धीरे शराब, गांजा, और फिर खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स की ओर ले जाती हैं और अंततः मौत या जेल तक। इसे लेकर जिले के एसपी रीष्मा रमेसन ने इस पहल की जानकारी देते हुए कहा कि नशे के सौदागर युवाओं के भविष्य के सबसे बड़े दुश्मन हैं। हम सिर्फ कार्रवाई नहीं, चेतना का भी अभियान चला रहे हैं। पलामू पुलिस हर हालत में युवाओं को बचाना चाहती है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार का नशा रखना, बेचना या इस्तेमाल करना कठोर दंडनीय अपराध है जिसमें 10 से 20 साल की सजा और लाखों का जुर्माना हो सकता है। इस अभियान में दिखाया गया कि एक बार ट्राय करो जैसी बातें असल में सबसे खतरनाक झूठ है।

### छतरपुर से तीन फरार वारंटी गिरफ्तार, जेल



छतरपुर पलामू। एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर छतरपुर थाना पुलिस ने वर्षों से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिनमें सत्येंद्र यादव पिता मुखदेव यादव, कैलाश यादव पिता लालजीत यादव व जनेश्वर यादव पिता लालजीत यादव सभी ग्राम मनहु छतरपुर थाना का नाम शामिल है।

### विद्यालय परिवार और अभिभावकों की बैठक कल



मोहम्मदगंज। राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा पलामू में सचिव स्कूली एवं साक्षरता विभाग के आदेश पर शिक्षक अभिभावक बैठक 25 जून को प्रात: 8 बजे से रखी गयी है। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने सभी नियमित छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता समेत विद्यालय के SMC के सदस्यों की बैठक में उपस्थिति अनिवार्य बताते हुए उन्हें आमंत्रित किया है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, एक घायल

हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज शहर के बेलौदर मोड़ के समीप एनएच 139 पर रविवार रात करीब 9.30 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार औरंगाबाद की ओर जा रहे थे। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को सीएचसी केंद्र लाया। पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मृतक राजकुमार साव बिहार के औरंगाबाद जिला के कुटुंबा थाना क्षेत्र के बहेरा गांव का रहने वाला था। वहीं घायल राजू साव कुटुंबा का है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### हुसैनाबाद के जेनरल फिजिशियन डॉ अरुण मेहता का पुत्र नीट यूजी की परीक्षा में सफल



हुसैनाबाद पलामू। शहर के पानी टंकी के समीप जेनरल फिजिशियन डॉ अरुण मेहता का पुत्र अंकित कुमार ने ऑल ओवर इंडिया नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा में 566अंक प्राप्त किया एवं ऑल ओवर इंडिया रैंकिंग में 6522 एवं ओबीसी कैटिगरी की बात करें तो 2634 अंक प्राप्त किया और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनके सफलता पर पिता डॉ अरुण मेहता एवं माता कमला कुमारी समेत घर के लोगों काफी उत्साहित है। उनके पिता ने काफी कठिनाई को सामना कर मैं अपना पुत्र को शिक्षा दिया जिसका परिणाम स्वरूप आज सफलता मिला। वहीं पुत्र अंकित ने अपने सफलता का श्रेह माता पिता व गुरु को दिया है। अंकित ने बताया कि हर किसी व्यक्ति सफलता के पीछे कोई न कोई पथ प्रदर्शक व मार्गदर्शन करता है। मेरे सफलता में मेरे माता पिता की मेहनत व मेरा आत्मविश्वास ने यह साबित कर दिया है मेहनत कभी बेकार नही होता, बस श्रद्धा व परिश्रम की आवश्यकता है।

## नशा मुक्ति के लिए शिक्षा सशक्त माध्यम : अभिषेक

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन तथा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के प्रस्तावित रूपरेखा के अंतर्गत सोमवार को राजकीयकृत सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय सतबरवा में सोमवार को नशा मुक्त जागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी और साइकिल रैली निकाला गया। इसका प्रमुख उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्रभात फेरी की शुरूआत विद्यालय प्रांगण से की गई, जिसमें छात्र, शिक्षक और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में जागरूकता संदेश पोस्टर और बैनर लेकर सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया। इस दौरान नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो और स्वस्थ समाज, उज्ज्वल भविष्य जैसे नारे पूरे इलाके में गूंजते रहे।

### आहर में डूबने से गंगातु के अर्जुन भुइयां की मौत

पाटन पलामू। प्रखंड के गंगातु गांव में अर्जुन भुइयां (12) पिता मुकेश भुइयां की आहर में डूबने से हो गयी। अर्जुन भुइयां अपने दोस्तों के साथ गंगातु ग्राम के नावा आहर में नहाने गया था उसी क्रम में वह गहरे पानी में चला गया। जिससे उसकी मौत हो गई तथा उसके दोस्तों ने घटनास्थल से फरार हो गये। परिजनों के द्वारा जब खोज बीन किया जाने लगा तो अर्जुन भुइयां का शव आहर में पाया गया। ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला तथा इसकी सूचना पाटन पुलिस को दिया गया।

## एसपी के निर्देश पर हुसैनाबाद पुलिस का नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

■ बक्शी स्कूल समेत कई स्कूली बच्चे हुए शामिल



हुसैनाबाद पलामू। झारखंड पुलिस व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर सोमवार हुसैनाबाद पुलिस ने नशा मुक्ति के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली, जिसका नेतृत्व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी एवं महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी पुअनि पार्वती कुमारी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत हुसैनाबाद थाना परिसर से की गयी, जिसमें शहर के बक्शी स्कूल समेत कई स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए, जो शहर के अंबेडकर चौक, मुख्य बाजार, जेपी चौक, पटेल चौक होते हुए थाना परिसर पहुंचा। थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने कहा यह कार्यक्रम नशा मुक्ति एवं कम उम्र के युवा आज विभिन्न नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे हैं उसे रोकने के उद्देश्य किया जा रहा है।

# मनातू नौडीहा में 11000 वोल्ट तार टूटने से हड़कंप, लाइनमैन की लापरवाही से आक्रोश

■ लाइनमैन श्रवण यादव के प्रति ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

मनातू (पलामू)। जिले के मनातू प्रखंड अंतर्गत ग्राम नौडीहा, टोला भुइयां टोली में रविवार सुबह करीब 7 बजे एक भीषण घटना ने ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया। आंगनबाड़ी केंद्र के समीप 11 हजार वोल्ट का हाई-वोल्टेज तार अचानक टूटकर जमीन पर गिर पड़ा। तार के जमीन पर पटकाने और छटपटाने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। यह तार किसी बड़े खतरे का संकेत दे रहा था, जिसे देखकर ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय लाइनमैन श्रवण यादव को सूचित करने से कोई जवाब नहीं मिली ग्रामीणों ने उनसे तार को ठीक करने की गुहार लगाई, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया ने सभी को हैरान कर दिया। लाइनमैन श्रवण यादव ने कहा कि अभी मेरे पास समय नहीं है, समय मिलने पर देखेंगे। उनकी इस लापरवाही और मनमानी रवैये से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि श्रवण यादव सरकारी नियमों का पालन नहीं करते और अपने मनमाने तरीके से काम करते हैं। इस घटना ने मनातू क्षेत्र में विद्युत विभाग की कार्यशैली और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विद्युत आपूर्ति विभाग के अधिकारी संजय खलखो को दी। श्री खलखो ने बताया कि वे मामले की जानकारी लेकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि मनातू के लिए गठित विभागीय टीम जांच करेगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।



बिजली तार का हाल।

ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के आश्वासन पहले भी मिल चुके हैं, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। मनातू प्रखंड में विद्युत संबंधी समस्याएं कोई नई बात नहीं हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मनातू प्रखंड के कई सुदरवर्ती क्षेत्र जैसे बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग द्वारा दलालों के माध्यम से छापेमारी तो की जाती है, लेकिन जब लाइन में खराबी या तार टूटने जैसी गंभीर घटनाएं होती हैं।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत निकाली गयी भव्य प्रभातफेरी

■ नशा के कारण कई घर हो रहे बर्बाद : एएसआई पंकज तिवारी



प्रभात फेरी को रवाना करते प्राचार्य व एएसआई पंकज तिवारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित बालिका उच्च विद्यालय चियांकी में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एएसआई पंकज तिवारी व प्राचार्य अविनाश तिवारी ने हरि झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया। मौके पर स्कूल शिक्षक, विद्यार्थी शामिल थे। प्रभात फेरी स्कूल से निकल कर मिशन मोड़, चियांकी, रजवाडीह मोड़ व कई टोला मुहल्ले का भ्रमण किया। प्रभात फैरी के माध्यम से लोगों को नशा नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। स्कूली के विद्यार्थी प्रभात फेरी में साईकिल से चल रही थी। नशा मुक्ति संबंधित कई नारे भी लगा रही थी। एएसआई पंकज तिवारी ने कहा कि सरकार व प्रशासन नशा के खिलाफ कई अभियान चला रही है। नशा से युवा वर्ग बर्बाद हो रहे हैं। इससे समाज व कई लोगों के घर नाश हो रहा है। नशा से लोग कई रोग से ग्रसित हो रहे हैं। नशा से वाहन दुर्घटना व झगड़ा कलह बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि लोग नशा का आज से ही त्याग करें। उन्होंने सभी लोगों से नशा का त्याग करने का आह्वान किया। मौके पर चंदन कुमार, दिनेश सिंह, विजय बिहारी पांडेय, मुन्नी कुमारी, पूजा प्रसाद, प्रमिला कुमारी, अरविंद सिंह आदि भी थे।

# बीएसएल, आम लोगों से संवाद स्थापित कर समस्याओं का करे समाधानः बोकारो



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** विस्थापित परिवार के युवाओं को रोजगार और आजीविका से जोड़े जाने हेतु जिला प्रशासन और बीएसएल प्रबंधन मिलकर संयुक्त रूप से एक वृहद अभियान चलाएं। बीएसएल प्रबंधन-आम लोगों के साथ खुले मन से संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं को सुनें और समाधान निकालने की दिशा में सकारात्मक पहल करें। उक्त बातें डीसी अजय नाथ झा ने जिले के विकास और स्थानीय लोगों व विस्थापितों के उत्थान के लिए गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में एक बैठक के दौरान कहीं। बैठक में बीएसएल प्रबंधन डीपीएलआर पंचायती राज पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले के 20 गांवों को पंचायत से जोड़ वहां रहने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त कराना एवं रोजगार उपलब्ध कराना रहा। उन्होंने इस दिशा में सभी संबंधित विभागों एवं बीएसएल प्रबंधन से तालमेल कर रोजगारपरक योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध हो। इसके लिए बीएसएल प्रबंधन व जिला प्रशासन और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के संयुक्त प्रयासों से आजीविका की दिशा में वृहद एकीकृत योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा-एक कदम बीएसएल बढ़े और एक कदम प्रशासन हर समस्या का समाधान मिलकर निकलेगा। बैठक में खुशहाल बोकारो की परिकल्पना को साकार करने पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग और कंपनियां आपसी समन्वय और सहयोग से विकास के कार्य करें। बैठक में डीपीएलआर मेनका डीटीओ वंदना शेजवलकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो शफीक आलम जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह बीएसएल प्रबंधन से अविनाश कुमार एके सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# गोड्डा भाजपा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** भाजपा कार्यालय गोड्डा में सोमवार को जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा की अगवाई में, जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मिश्रा ने उनके जीवन काल के संघर्षों एवं उनकी शहादत पर विस्तार से चर्चा करते हुए श्रद्धांजलि दी। मिश्रा ने कहा कि भारत की एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों के बलिदान देने वाले प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं शिक्षाविद करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा पुंज डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देना है उनका विचार एक विधान एक प्रधान एक निशान के विचार धाराओं को हम सभी भारतीय को राष्ट्र की उन्नति के लिए डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलकर उनके अधूरे सपने को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर जिला के उपाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय शाह लक्ष्मी चक्रवर्ती, भाजपा के जिला महामंत्री मुरारी चौबे एवं राजेश टेकरीवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश झा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोनू झा, जिला के मंत्री नितेश सिंह, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन, जीतू सिंह, पूर्व जिला महामंत्री कृष्ण कन्हैया, सुभाष यादव, संजीव टेकरीवाल, डब्लू भगत, राजेश भगत, रविंद्र महतो, रिंकी शाह, नगर अध्यक्ष शिवराम जयसवाल, नागौरी देवी, बबलू सिंह, नूनबट्टा मंडल अध्यक्ष मणिकांत महतो, आशीष यादव, राजेश पाल, रामानंद कुशवाहा, मिथिलेश कुमार, आदि कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एक नजर में

### दुमका : बेटी की डोली से पहले उठी मां की अर्थी



दुमका। जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के पत्ताबड़ी के पास रविवार की दोपहर भतीजे के साथ बेटी की शादी का कार्ड देने मसानजोर जा रही 45 वर्षीर्या पांचू देवी चलती बाइक से गिरकर घायल हो गई। उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रात को इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। 30 जून को उसकी इकलौती बेटी की बरहेट से बारात आनी थी। मौत के बाद शादी के घर में खुशी की जगह मातम पसर गया। सोमवार को नगर थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। शहर के रसिकपुर केवटपाड़ा की रहने वाली पांचू देवी चौका बर्तन कर किसी तरह से बेटी का पालन पोषण करते थी। उसके पति की काफी समय पहले मौत हो गई। इकलौती बेटी के अलावा उसका कोई नहीं था। दूसरों के घर में काम करके किसी तरह से बरहेट में बेटी की शादी तय की। 30 जून को बारात आने वाली थी। कोई बेटा नहीं होने के कारण भतीजे के साथ कार्ड बांट रहीं थी। रविवार की दोपहर भतीजे के साथ अपने ससुराल मसानजोर के राजबांध गांव जा रही थी। पत्ताबड़ी पहुंचने से पहले तेज बारिश शुरू हो गई। बचने के लिए भतीजे ने बाइक की गति बढ़ा दी। इसी क्रम में पत्ताबड़ी के पास बने ब्रेकर में बाइक उछल गई और महिला गिरकर घायल हो गई। तत्काल एंबुलेंस की मदद से महिला को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रात को उसकी मौत हो गई। मृतका के रिश्तेदार अजय केवट ने बताया कि महिला की ससुराल राजबांध है। उसने काफी परेशानी उठाकर बेटी की शादी के लिए पैसा जमा किया था। वह शादी का कार्ड बांटने के साथ कुछ मदद की उम्मीद लेकर ससुराल जा रही थी। ब्रेकर पर ध्यान नहीं देने की वजह से बाइक उछल गई और महिला चलती बाइक से गिरकर घायल हो गई। बताया कि बेटी की शादी नहीं टूटे, इसके लिए उसने होने वाले ससुराल से बात की जा रही है।

### करगली मे संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा की बैठक मे हड़ताल की सफलता को लेकर बनी रणनीति



**बेरमो।** संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा बीएण्के, ढोरी क्षेत्र यूनियन प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आफिसर्स क्लब करगली में हुई। जिसमें 9 जुलाई की कोल इंडिया की एकदिवसीय हड़ताल को सफल बनाने पर विशेष चर्चा हुई। सोमवार को महिला मंडल करगली में संयुक्त कन्वेंशन करने एवं 08 जुलाई को पुराना बीडीओ औफिस से बैंक मोड़ फुसरो तक मशाल जुलूस एवं सभी कोलियरी में पीट मिटिग गेट मीटिंग कर मजदूरों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी देना की 4 मजदूर संहिता से बहुत बड़ा नुक्सान कोयला मजदूर जगत को होगा। बैठक की अध्यक्षता एटक नेता सुजीत कुमार घोष ने किया।बैठक में आरसीएमयू, एटक, सीटू,एचएमएस से जुड़े यूनियन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आर उनेश, सुबोध सिंह पवार, दिगंबर महतो, राजेश्वर सिंह,आभाष गांगुली,बृज बिहारी पाण्डेय, सत्यनारायण सतनामी, सुरेश शर्मा, कुंज बिहारी प्रसाद, जवाहरलाल यादव, गोवर्धन रविदास, मनोज पासवान, जयनाथ मेहता, नागेंद्र गुप्ता ,शैलेंद्र कुमार आदि लोग मुख्य रूप उपस्थित हुए।

### बोकारो : मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान, महिलाओं ने बनाई मानव श्रृंखला



**बोकारो।** डीसी अजय नाथ झा के निर्देशानुसार निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के तहत चास नगर निगम क्षेत्र में मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में महिला स्वयं सहायता समूह की लगभग 70 से 80 महिलाओं ने हनुमान मंदिर से जोधाडीह मोड़ तक मानव श्रृंखला बनाकर हाथों में मादक पदार्थों के खिलाफ संदेश लिखी तख्तियां थामीं और मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने की शपथ ली। इस दौरान महिलाओं ने स्वयं एवं अपने परिवार को मादक पदार्थों से दूर रखने का संकल्प लिया और आम नागरिकों को भी इस दिशा में जागरूक करने का प्रण लिया। इस कार्यक्रम में नगर प्रबंधक नगर मिशन प्रबंधक सीआरपी दीदी पीआईयू एवं चास नगर निगम के अन्य पदाधिकारी व कर्मी भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। यह जागरूकता कार्यक्रम चास नगर निगम की ओर से मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बोकारो : पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने स्वतंत्रता सेनानी जगबंधु की याद में किया पौधरोपण



**बोकारो।** जिला के चास प्रखंड स्थित सतनपुर ग्राम निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्व जगबंधु भट्टाचार्य जी के घर से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा पावन मिट्टी एकत्र की गई और उनकी याद में आम का एक वृक्ष रोपित किया गया। स्वतंत्रता सेनानी के भतीजा राखो हरि भट्टाचार्य ने अपने परिजनों तथा प्रमुख ग्रामीणों की उपस्थिति में पावन मिट्टी भरा कलश संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल को प्रदान किया। यह कार्यक्रम संस्थान के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पांडेय जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा झारखंड में जन्मे सभी स्वतंत्रता सेनानियों के घर जाकर उनके जन्मस्थल की पावन मिट्टी एकत्र की जा रही है और इस मिट्टी के ऊपर ही इनके नाम पर बोकारो और रांची में एक एक वृक्ष लगाया जाएगा। सतनपुर में आयोजित स्वतंत्रता सेनानियों के घर की पावन मिट्टी संग्रह कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों और ग्रामवासियों ने एक स्वर में सरकार और जिला प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व जगबंधु भट्टाचार्य जी के परिजनों की कोई न सुध लेने कभी आता है न कभी स्वतंत्रता सेनानी की ही याद में कोई कार्यक्रम किया जाता है। लोगों ने मांग किया कि फोर लेन सड़क से बहराबेड़ा होते हुए सतनपुर तक की सड़क का नाम स्वतंत्रता सेनानी जगबंधु भट्टाचार्य पथ किया जाए और फोर लेन के पास इनके नाम का तोरण द्वार बनाया जाय। सरकार इस स्वतंत्रता सेनानी द्वारा निर्मित गीता आश्रम का कायाकल्प करते हुए उनके नाम पर एक बड़ा स्मृति भवन बनवाए। कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार पांडेय शशि भूषण ओझा मुकुल अधिवक्ता रमण ठाकुर लक्ष्मण शर्मा रखो हरि भट्टाचार्य मिट्टू भट्टाचार्य तरुण कुमार मल्लिक उत्पल ठाकुर फाल्गुनी भट्टाचार्य उदय परीरा दुलाल ठाकुर और हराधन भट्टाचार्य के साथ कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### चास के आस्था ज्वेलर्स में दिन दहाड़े हुई लूट

बोकारो। जिला के चास उपनगर में प्रभात कॉलोनी के मोड़ पर स्थित आस्था ज्वेलर्स में पिस्तौल के बल पर चार लुटेरों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया। शाम के लगभग छह बजे चार लड़के दुकान में आये और चांदी की अंगूठी दिखाने की मांग की। दुकानदार के मना करने पर पिस्तौल निकालकर सटा दिया और काउंटर पर उपलब्ध सारे जेवरात समेत लिए। दुकान मालिक जीतेन्द्र कुमार के अनुसार नगदी 60000 लगभग और काउंटर के सारे जेवरात लेकर बाइक से वे फरार हो गए। एक अभियुक्त दुकान के गेट पर हथियार के साथ तैनात था जिसने गेट पर खड़े दुकान कर्मचारी को कब्जे में रखा था। पुलिस को सुचना मिलने पर सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए अनुसन्धान जारी है।

### गरीबों का सेवा सबसे बड़ा धर्म : अजय



बेरमो। सेवा भाव को लेकर कृत संकल्पित स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति विचार मंच हमेशा साथ और सहयोग प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है क्षेत्र में निर्धन असहाय लोग हो अथवा निर्धन मेघावी बच्चे एवं जरूरतमंदों के बीच ठंड से राहत प्रदान के लिए हमेशा मंच की ओर से सहयोग प्रदान किए जाने का कार्य होता है। इस कड़ी में मंच के द्वारा सेवा भाव के माध्यम से हुए आकस्मिक निधन चार नंबर झोपड़पट्टी की महिला के श्राद्ध क्रम में मंच की ओर से खाद सामग्री और आर्थिक सहयोग प्रदान करने का कार्य हुआ। मंच के संरक्षक अजय कुमार सिंह ने कहा की आवश्यक और जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान कर मन को शांति और सुकून प्राप्त होता है मंच द्वारा सेवा भाव से कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर है। मंच के अध्यक्ष विजय यादव ने कहा मजदूर मसीहा की सोच जिस प्रकार से रही है उनके पद चिन्ह पर चलकर मंच हमेशा सहाय और निर्धनों का सहयोग करने के लिए कार्य करेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय कुमार सिंह विजय यादव सुजीत मिश्रा देवाशीष आश साधु तुरी अर्जुन करमाली मुन्नी कुमारी सावित्री देवी रामेश्वरी देवी अन्य शामिल थे।

### सर्पदंश से काठीकुंड के किशोर की मौत



दुमका। जिला के काठीकुंड थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव में रविवार की दोपहर घर में सो रहे 15 साल के अनिल देहरी को किसी सांप ने कान के पास काट लिया। अनिल को इसका पता ही नहीं चला। शाम को जब जहर ने असर दिखाना शुरू किया तो घरवाले इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर आए। जहां रात में उसकी मौत हो गई। सोमवार को घर के लोग पोस्टमार्टम कराए बगैर ही शव को लेकर चले गए। दरअसल अनिल दोपहर को घर के अंदर जमीन पर सोया था। तभी एक सांप ने कान के पास काट लिया। दंश के बाद अनिल को इसका आभास तक नहीं हुआ। उसने घरवालों को कुछ नहीं बताया और घर से निकल गया। दोपहर बाद वापस लौटा तो शरीर नीला पड़ने लगा। उसने पिता को बताया कि लगता है कि कान के पास किसी ने काट लिया है। इसके बाद घरवालों ने घर में तलाश की तो कोने में बैठा सांप दिखा। घरवालों ने सांप को प्लास्टिक की बाल्टी में डाला और अनिल के साथ उसे भी अस्पताल लेकर पहुंच गए। देर रात को इलाज के क्रम में अनिल की मौत हो गई। स्वजन ने बताया कि अनिल की सांप काटने से मौत हुई है, इसमें पोस्टमार्टम की क्या जरूरत है। लोगों के काफी समझाने के बाद स्वजन पुलिस को सूचित किए बगैर शव को लेकर चले गए।

## जिला समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक कर दुमका डीसी ने अधिकारियों को दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश

# सरकारी योजनाओं का तेजी से करें कार्यः अभिजीत



बैठक करते डीसी अभिजीत सिन्हा व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने किया। बैठक में डीसी ने विभागवार समीक्षा की एवं योजनाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए डीसी ने कहा कि राशन का वितरण निर्धारित मात्रा में लाभुकों के बीच किया जाय। राशन का उठाव एवं वितरण ससमय हो, इसे सुनिश्चित करें। कहा प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं एमओ पीडीएस दुकानों का निरीक्षण करें एवं राशन वितरण की जांच करें। इस दौरान उन्होंने ई-केवाईसी के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवास के निर्माण कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही योजना के तहत दी जाने वाली राशि के किश्तों का भुगतान ससमय करने का निदेश दिया। कहा कि सभी प्रखंड प्राथमिकता के आधार पर आवास के निर्माण कार्य को पूर्ण कराएं। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) एवं पीएम जनमन के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया है। कूप निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कुआं का निर्माण निर्धारित मापदंड के अनुरूप हो इसे सुनिश्चित करें। निर्माण के बाद कुआं धसना नहीं चाहिए इसे सुनिश्चित करें। कहा कि हर प्रखंड में औसतन 100 एकड़ में स्ट्रॉबेरी की खेती की जाय। जहां कुआं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है खेती के लिए वैसे स्थानों का चयन करें। इस दौरान डीसी ने पशुधन विकास योजना, पशुपालन एवं गव्य विकास की समीक्षा करते हुए लाभुकों का चयन करते हुए योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया। कहा कि विभाग द्वारा दिये गए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें साथ ही प्राप्त लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय टीम द्वारा योजना का लाभ लाभुकों को मिल रहा है अथवा नहीं इसकी जांच की जाएगी। जेएसएलपीएस के कार्य की समीक्षा करते हुए डीसी अभिजीत सिन्हा ने प्रत्येक टोला में दीदी की दुकान खोलने का निर्देश दिया। कहा कि दीदी की दुकान हेतु लाभुकों का चयन करते हुए दुकान खोलने का कार्य किया जाय। उन्होंने दीदी का ढाबा हेतु लाभुकों का चयन करने का निर्देश दिया।इस दौरान डोकरा आर्ट के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिया। उधोग विभाग की समीक्षा करते हुए पीएम विश्वकर्मा योजना से योग्य लाभुकों को जोड़ने का निर्देश दिया।कहा कि वैसे प्रखंड जहां पीएम विश्वकर्मा योजना से संबंधित आवेदन लंबित उक्त आवेदनों की जांच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाय। डीसी ने कहा कि पंचायत ज्ञान केंद्र का निर्माण पंचायतों में किया गया है। यह भवन शोभा की वस्तु नहीं बने इसका ध्यान रखा जाय। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों को पत्र लिखकर इस भवन का उपयोग सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में पंचायत भवन बंद नहीं रहे, इसका ध्यान रखा जाय। पंचायत भवन बंद रहने की स्थिति में सभी संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कहा कि 15वीं वित्त आयोग की राशि से खराब चापानलों की मरम्मती की जाय। अगर इसके बावजूद खराब चापानल से संबंधित शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित पंचायत सचिव के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी, सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इस्कॉन रथयात्रा की तैयारी को लेकर हुई बैठक, 28 से होगा भागवत कथा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** इस्कॉन रथयात्रा भव्यता निकालने को लेकर सोमवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता स्वामी सत्यवाक ने किया। यह रथयात्रा 27 जून को दोपहर 12 बजे राधा माधव मंदिर, गिलनपाड़ा से निकलेगी। रथयात्रा राधा माधव मंदिर से निकल मौसीबाड़ी गुंडिचा (डॉ राजेन्द्र प्रसाद स्मारक स्थल, पोखरा चौक) तक पहुंचेगी। जहां रथ 7 दिनों तक विश्राम करेगा। अगामी 28 जून से 4 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह साढे 4 बजे मंगला आरती से कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ होगी। जिसमें राजभेष दर्शन, श्रीमद्भागवतम कक्षा, मध्यान आरती, गीता प्रवचन, संध्या आरती और मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी। विशेष रूप से गीता श्लोक पाठ, नृत्य और नाटक भक्तों को आत्मिक आनंद से भर देंगे। कार्यक्रम के लिए विशाल वाटरप्रूफ पंडाल की व्यवस्था की गई है। जिसमें भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम जी के भव्य विग्रह के दर्शन होंगे। पंडाल में भगवद गीता पुस्तकों की स्टॉल भी होगी। जहां से भक्त ज्ञानार्जन के लिए पुस्तकें प्राप्त कर सकेंगे। इस्कॉन की प्रसिद्ध खिचड़ी का निःशुल्क वितरण सभी श्रद्धालुओं को किया जाएगा। इस अवसर पर स्वामी सत्यवाक ने दुमका वासियों से रथयात्रा एवं सात दिवसीय कार्यक्रम में सपरिवार भाग लेकर भक्ति और आत्मिक शांति की अनुभूति का आग्रह किया है।

# बेरमो जनता मजदूर संघ एएडीओसीएम के अध्यक्ष आशीष झा व सचिव बने सूर्यभान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** हिन्द मजदूर सभा से संबंद्ध जनता मजदूर संघ ढ़ोरी क्षेत्र अंतर्गत एएडीओसीएम (अमलो) के एकसाभेशन परिसर स्थित कैंटीन मे कमिटि का पुनर्गठन कार्यक्रम आयोजित की गई। अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष धीरज पांडेय और संचालन क्षेत्रीय सचिव विकास सिंह ने की। प्रवेक्षक के रुप मे यूनियन के बीएंडके एरिया अध्यक्ष राहुल कुमार के अलावे ढ़ोरी कल्याण समिति के सदस्य ओमशंकर सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। यहा जमसं एएडीओसीएम परियोजना समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष आशीष कुमार झा व सचिव सूर्यभान सिंह आदि का चयन किया गया। इस अध्यक्ष आशीष झा ने कहा की संगठन के द्वारा जो जिम्मेवारी दी गई हैं उसका अपने पुरे लगन से निर्वहन करूंगा! सचिव चंद्रभान सिंह ने अमलो परियोजना के कामगारों एवं संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताया और कहा की मै मजदूरों की सेवा के लिए मै हमेशा तत्पर था और आगे भी रहूंगा! ढोरी क्षेत्र के कल्याण समिति के सदस्य ओम शंकर सिंह ने कहा की मजदूरों के क्वार्टर मरम्मत के मरम्मत के लिए क्षेत्रीय प्रबंधन सहित एएडीओसीएम के प्रबंधन से सकारात्मक वार्ता हुई हैं! क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य सह जनता मजदूर संघ के अध्यक्ष धीरज कुमार पाण्डेय ने कहा की आप लोग सुरक्षा के साथ संगठित होकर कार्य करें। कहा कि हमारी संगठन पर मजदूरो का विश्वास बढ़ रहा है। दूसरे यूनियन छोड़कर लोग शामिल हो रहे है। सदस्यता बढ़ाये निःसंदेह हमलोग ढोरी क्षेत्र में भी नंबर वन होंगे! विकास सिंह ने कहा की अमलो परियोजना के नव नियुक्त पदाधिकारी मजदूरों की समस्याओं का समाधान करें और क्षेत्रीय स्तर पर हमलोग निराकरण करेंगे! उपस्थित लोगो ने अपनी-अपनी मूलभूत समस्याओ को रखा। धन्यवाद ज्ञापन शशि रंजन सिंह नें किया। मौके पर नवीन श्रीवास्तव, रितेश कुमार सिंह, मुकेश सिंह, समरेश सिंह, विनय मिश्रा, जितेंद्र ठाकुर, गोपाल नायक, मोहम्मद जिलानी अंसारी, दीपक कुमार, तिलकघारी सिंह, विभा सिंह, प्रेमलता देवी, नामित देवी, खेमिया देवी आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद हुए।

# झाकोमयू बीएंडके का एरिया अध्यक्ष बन्नु महतो और सचिव बने पंकज कुमार महतो

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का 8वां क्षेत्रीय सम्मेलन सम्पन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के केन्द्रीय समिति के निर्देश पर सीसीएल बीएण्डके क्षेत्र मे संगठनात्मक पुर्नगठन हेतु मजदूर सम्मेलन शहीद निर्मल महतो भवन करगली मे बैठक किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जोनल सचिव जयनारायण महतो एवं प्रवेक्षक शंकर पासवान के देखरेख मे संपन्न हुआ। अध्यक्षता बिन्देश्वर रविदास व रंजीत महतो ने किया। संचालन पंकज कुमार महतो, अवनीत कुमार व गोपाल प्रसाद ने किया। वही बीएण्डके क्षेत्र के कमिटि का पुनगठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष बन्नु महतो, उपाध्यक्ष बिन्देश्वर रवि दास, अरविन्द्र कुमार, रंजीत महतो, दिनेश प्रसाद अभिमन्यु कुमार, सचिव पंकज कुमार महतो, सहायक सचिव विश्वजीत सिंह, अजय कुमार, दिपक महतो, संगठन सचिव अवनित कुमार, सोखलाल मांझी संयुक्त सचिव, सुमित चौहान, गोपाल प्रसाद गुप्ता, बंजरंगी कुमार, कोषाध्यक्ष सुमित कुमार को बनाया गया। जयनारायण महतो ने कहा कि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन हमेशा मजदूरों के हित की बात करती है। संगठन का पुनर्गठन किया गया है। सभी लोगों को एक नई जिम्मेदारी दी गई है। केंद्र सरकार के नीति के कारण मजदूरों का शोषण हो रहा है। डीएमएफटी फंड का केंद्र की नीति कारण विस्थापित क्षेत्र में काम नहीं हो पा रहा है।

# बोकारो : जमीन पर रैयत को दिलाई दखल-दिहानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत पोंडा पंचायत के कमलापुर मौजा के बनगजरा स्थित भारतीय खाद्य निगम गोदाम की एक एकड़ जमीन पर कोर्ट के आदेश के बाद डुगडुगी बजाकर रैयतों को दखल कब्जा दिलाया गया। इस दौरान सिविल कोर्ट के जूनियर डिवीजन के जज के आदेश पर दंडाधिकारी की उपस्थिति में जमीन पर दखल-दिहानी दिलाई गई। बताया गया कि जमीन का मामला बीते 12 वर्षों से कोर्ट में लंबित था। इस मामले में बालीडीह निवासी राम स्वरूप सिंह सहित अन्य रैयतों ने जमीन के दखल पर कोर्ट में मुकदमा दायर किया था। जिसके आलोक में कोर्ट में दूसरे पक्ष के कसमार निवासी संजय चौबे द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा करने की बात कही गई। मुकदमे की सुनवाई के बाद तेनुघाट कोर्ट के सिविल जज ने राम स्वरूप सिंह व अन्य रैयतों की जमीन को सत्य पाया और दखल दिहानी करने के लिए दंडाधिकारी बहाल कर सोमवार को दखल दिहानी की गई। इस दौरान स्वरूप सिंह सहित अन्य रैयतों की एक एकड़ दो डिसमिल भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों से मुक्त कराकर जमीन पर कब्जा दिलाया गया। दखल कब्जा के पूर्व सभी विपक्षी गण को भी नोटिस देकर सूचित कर दिया गया था। साथ ही कोर्ट से नोटिस भी भेजा गया था। मौके पर राम स्वरूप सिंह के पुत्र नवीन सिंह सावन सिंह नरसिंह सिंह महेश सिंह समेत कसमार थाना के एसआई रंजन कुमार व अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# केन्या में भारत-अफ्रीका स्मारक स्तंभ का अनावरण



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और केन्या की उनकी समकक्ष सुश्री रोजलिंडा सोइपन तुया ने सोमवार को केन्या की ताइता तवेता काउंटी में भारत-अफ्रीका स्मारक स्तंभ का अनावरण किया।

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पूर्वी अफ्रीका में प्राणों की आहुति देने वाले अज्ञात भारतीय और अफ्रीकी सैनिकों की वीरता तथा सर्वोच्च बलिदान को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस पहल की परिकल्पना केन्या में भारत के उच्चायोग ने की थी और इसे भारतीय रक्षा मंत्रालय से वित्तीय सहायता के साथ साकार किया गया। इस परियोजना को केन्या रक्षा बलों और ताइता तवेता काउंटी के अधिकारियों के साथ घनिष्ठ समन्वय में क्रियान्वित किया गया। यह स्तंभ न केवल शहीदों की स्मृति का सम्मान करता है, बल्कि दोनों देशों के समृद्ध और परस्पर जुड़े सैन्य इतिहास का भी प्रमाण है। यह पहल आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और शांति तथा वैश्विक सुरक्षा के लिए साझा प्रतिबद्धता पर आधारित मजबूत और बढ़ती भारत-केन्या रक्षा साझेदारी को अधिक मजबूत करती है। कार्यक्रम में केन्या रक्षा बलों के वरिष्ठ नेतृत्व, ताइता तवेता काउंटी के गणमान्य व्यक्ति, भारतीय रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल तथा राजनयिक और सैन्य समुदाय के सदस्य उपस्थित थे।

# इजराइल ने ईरान के सैन्य अड्डों पर मचाया कहर

## तेहरान में छाया धुआं, 15 से अधिक फाइटर जेट नष्ट, ईरानी मिसाइलों से इजरायल भी दहल उठा

एजेंसी

**तेलअबीव, तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव और गहरा गया है। तेहरान से आयी तस्वीरें पूरी दुनिया को चौंका रही हैं। तेहरान के ऊपर आसमान में घना धुआं फैल चुका है। यह दृश्य इजरायल द्वारा किए गए नए मिसाइल हमलों के बाद का बताया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, शहर में लगातार जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। इजराइल ने सोमवार को दावा किया कि उसने ईरान के छह अहम सैन्य और नागरिक हवाई अड्डों पर एक साथ हमला किया, जिसमें 15 से अधिक फाइटर जेट और हेलिकॉप्टर तबाह कर कर दिये। । इस हमले को टारगेटेड एरियल ऑपरेशन करार दिया गया है जो सोमवार तड़के 3:30 बजे शुरू किया गया। इजरायल के रक्षा सूत्रों का कहना है कि इन हमलों का मकसद ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना था। वहीं ईरान ने पलटवार करते हुए इजराइल पर जबरदस्त हमला बोला। इरानी मिसाइलों की बौछार से इजरायल भी दहल गया।



**इजराइली हमले की प्रमुख बातें :** इजराइली सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की तर्ज पर स्पाइस 2000 बम, हारोप ड्रोन और डेलिला मिसाइलों का उपयोग किया। हमले में ईरान के 9 फाइटर जेट नष्ट हो गये। 6 अटैक हेलिकॉप्टर जलकर खाक और कई रनवे और रडार सिस्टम भी ध्वस्त हो गये। इजरायल जहां-जहां हमला बोला उनमें प्रमुख था तेहरान मेहराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा । इस्फहान मिलिट्री एयरबेस । शिराज हवाई अड्डा। करमानशाह एयरबेस । तबरेज मिलिट्री बेस और अराक एयर स्ट्रिप। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ने दावा किया है कि इजराइली हमलों में कम से कम 950 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 3,450 लोग घायल हुए हैं।

**ईरान की जवाबी कार्रवाई :** ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स ने बताया कि उन्होंने खुरासान और यज्द प्रांत के बीच से उड़ रहे दो इजराइली ड्रोन को मार गिराया । ईरान ने सभी बड़े एयरपोर्ट्स पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। राजधानी तेहरान में एंटी-एयरक्राफ्ट डिफेंस सिस्टम को सक्रिय किया गया है। ईरान के रक्षा मंत्री ने कहा कि यह हमला हमारे सैन्य संप्रभुता पर हमला है। इसका जवाब उचित समय और स्थान पर दिया जाएगा। ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करने के लिए यह हमला जरूरी था। हम अपने नागरिकों की रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे।

### पलटवार में इजरायल भी दहला, यूएस पर भी एक्शन

जबरदस्त पलटवार करते हुए ईरान से इजराइल की ओर मिसाइलों की बौछार कर दी। ईरान ने बमबारी की। जॉर्डन और मध्य इजराइल में सायरन बजाये गए। सशस्त्र बलों के कर्मचारियों के संयुक्त प्रमुख, ईरानी जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने सोमवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि उसके हमलों ने ईरानी सशस्त्र बलों को अमेरिकी हितों और उसकी सेना के खिलाफ कार्रवाई करने' की खुली छूट' दे दी है। मौसवी ने कहा कि रविवार को ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद ईरान ऐसा करने में संकोच नहीं करेगा।

### यूएनओ की दोनों पक्षों से अपील

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने फिर से दोनों पक्षों से संयम बरतने और कूटनीति की ओर लौटने की अपील की है। चीन, रूस और फ्रांस ने हमले पर चिंता जताई और स्थिति को नियंत्रण से बाहर ना जाने देने की चेतावनी दी है। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध अब खुलकर हवाई हमलों और जवाबी कार्रवाई तक पहुंच चुका है। दोनों देशों के बीच सीधी सैन्य टकराव की आशंका बढ़ गई है। अंतरराष्ट्रीय बिरादरी इस संकट को कूटनीति से सुलझाने की अपील कर रही है, लेकिन दोनों पक्षों के आक्रामक तेवर हालात को और गंभीर बना सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच वातार्लाप के शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की दो महानतम आध्यात्मिक हस्तियों श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वातार्लाप के शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। यह वातार्लाप 12 मार्च 1925 को महात्मा गांधी की यात्रा के दौरान शिवगिरी मठ में हुआ था और यह वैकोम सत्याग्रह, धर्मांतरण, अहिंसा, अस्पृश्यता उन्मूलन, मोक्ष प्राप्ति और दलितों के उत्थान आदि विषयों पर केंद्रित था। श्री नारायण धर्म संघम ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस समारोह में आध्यात्मिक गुरु और अन्य सदस्य एक मंच पर देश के सामाजिक एवं नैतिक ताने–बाने को आकार देने वाले दूरदर्शी संवाद पर विचार करेंगे। यह श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी दोनों द्वारा समर्थित सामाजिक न्याय, एकता और आध्यात्मिक सद्भाव के साझा दृष्टिकोण को श्रद्धांजलि है।

### जेलेंस्की ने रूस, ईरान और उत्तर कोरिया को बताया 'हत्यारों का गठबंधन'

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को रूस, ईरान और उत्तर कोरिया को ह्यहत्यारों का गठबंधनह्न करार देते हुए इन देशों पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। लंदन यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और राजा चार्ल्स से मुलाकात की और यूक्रेनी सैनिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जायजा भी लिया। जेलेंस्की की यह यात्रा उस समय हुई, जब कुछ ही समय पहले रूस ने कीव पर एक और बड़ा हवाई हमला किया था, जिसमें ईरान–निर्मित शहीद ड्रोन और उत्तर कोरियाई बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। इस हमले में कम से कम 10 नागरिकों की मौत हुई और पांच इमारतें गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। जेलेंस्की ने कहा, हमारे वायु रक्षा तंत्र ने कई ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन सभी को नहीं रोका जा सका।

### एयर इंडिया विमान को आपात स्थिति में उतारा गया

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाएँ कम नहीं हो रहीं हैं और सोमवार को दिल्ली से जम्मू जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी समस्या आने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस उतारना पड़ा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सोमवार 23 जून को दिल्ली से जम्मू के लिए संचालित होने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 2564 को उड़ान भरने के बाद वापस दिल्ली उतारना पड़ा।

# पेंशन बढ़ने पर दिव्यांगजनों ने नीतीश का जताया आभार



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास 1 अणे मार्ग में दिव्यांगजनों ने मुलाकात कर सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में ढाई गुणा से अधिक बढ़ोत्तरी किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

मुलाकात के क्रम में सबसे पहले दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों से बातचीत करते हुए कहा कि मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं, आप सभी बुलंद रहिए। हमलोग सम्पूर्ण बिहार के विकास और हर तबके के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

आप सभी की जो भी जरूरतें होंगी उसे पूरा किया जाएगा। दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में एक ही फैसले से इतनी अधिक बढ़ोत्तरी कर आपने इतिहास बदलने का काम किया है। हम सब आपके प्रति आभार प्रकट करते हैं। आपके इस फैसले से हम सभी दिव्यांगजनों का मनोबल काफी बढ़ा है, आपका यह निर्णय एक क्रांतिकारी कदम है।

# ट्रंप-मुनीर गुफ्तगू के बाद ईरान पर हुआ अटैक

## अमेरिका-पाकिस्तान के बीच पकी जबरदस्त खिचड़ी

**संयोग नहीं साजिश**

**वाशिंगटन(एजेंसी)।** ईरान पर अमेरिका के परमाणु हमले से ठीक चार दिन पहले एक मुलाकात ने खलबली मचा दी है। 18 जून को पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने वाशिंगटन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लंच पर मुलाकात की थी। ठीक चार दिन बाद अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला कर उसे नष्ट कर दिया। हमले से ठीक चार दिन पहले एक मुलाकात ने खलबली मचा दी है। यह सिर्फ औपचारिक लंच नहीं था। इस मुलाकात में ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर गंभीर चर्चा होने की आशंका है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह मुलाकात इस हमले की पूर्व-तैयारी का हिस्सा थी।

**पाकिस्तान पर उठ रहे सवाल :** अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या पाकिस्तान ने अमेरिका को सैन्य सहयोग दिया। पाकिस्तान और ईरान के बीच लगभग 900 किलोमीटर लंबी सीमा है। ऐसे में अमेरिका के लिए पाकिस्तान का सहयोग रणनीतिक रूप से बेहद अहम हो सकता है। खासकर अगर अमेरिकी विमानों को ओवरफ्लाइट, एयरबेस, या लॉजिस्टिक सपोर्ट की आवश्यकता हो। पेंटागन के पूर्व सलाहकार माइकल रुबिन ने दावा किया कि यह वही रणनीति है जो 2003 में इराक युद्ध के समय अपनायी गयी थी। थी। उस वक्त



अमेरिकी विमान ईरानी एयरपोर्ट्स पर लैंड करने की सहमति से ऑपरेशन चलाया गया था। ट्रंप के इस हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। वहीं पाकिस्तान की भूमिका पर उठते सवाल उसके लिए एक नयी कूटनीतिक उलझन बन गए हैं। एक ओर अमेरिका से नजदीकी, दूसरी ओर ईरान के साथ मुस्लिम भाईचारा और बीच में फंसी है पाकिस्तान की विदेश नीति। मुस्लिम देश होने के नाते अमेरिका को पाकिस्तान के 'सांकेतिक समर्थन' की भी जरूरत थी ताकि वैश्विक आलोचना को संतुलित किया जा सके। रुबिन के अनुसार, पाकिस्तान के साथ अमेरिका के संबंध भी उसी 'जरूरत के वक्त इस्तेमाल' वाले ढांचे पर चलते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका पाकिस्तान को तब महत्व देता है जब उसे सामरिक

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा दफ्तर में दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि




**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकश नड्डा ने देश की एकता एवं अखंडता के अग्रदूत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72वें बलिदान दिवस के अवसर पर आज पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री नड्डा ने इस अवसर पर अपनी ओर से एवं पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की तथा देश के लिए डॉ मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए जम्मू-कश्मीर पर लागू धारा 370 एवं 35ए का विरोध करते हुए बलिदान दिया। श्रीनगर जेल में उनका रहस्यमय ढंग से निधन हो गया। उनकी माताजी ने भी उनकी मौत की जांच की मांग की थी, जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने नजरअंदाज कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। श्री नड्डा ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं द्वारा आज देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म बंगाल में हुआ था। देश की आजादी और वर्तमान भारत के स्वरूप में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। आज जो पश्चिम बंगाल, पंजाब और असम भारत का अभिन्न हिस्सा है, उसमें डॉ मुखर्जी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

# ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले से बाजार ढेर

एजेंसी

**मुंबई।** ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई को लेकर सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, ऑटो, टेक और फोकस्ड आईटी समेत बारह समूहों में हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 511.38 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत का गोता लगाकर 81896.79 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.50 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24971.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली




और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 45,571.69 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत की तेजी लेकर 52,678.74 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4240 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2204 में लिवाली जबकि 1854 में बिकवाली हुई वहीं 182 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2995 कंपनियों के शेयरों में से 1545 में गिरावट जबकि 1364 में तेजी रही वहीं 86 में टिकाव रहा। बीएसई के 12 समूहों में गिरवट का रुख रहा। इससे सीडी 0.03, एफएमसीजी 0.62, वित्तीय सेवाएं 0.15, हेल्थकेयर 0.10, आईटी 1.46, दूरसंचार 0.50, ऑटो 0.88, बैंकिंग 0.38, पावर 0.17, रियल्टी 0.19, टेक 1.10 और फोकस्ड आईटी के शेयर 1.48 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कैपिटल गुड्स 0.94, धातु 0.71 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.73 प्रतिशत चढ़ गए। वैश्विक स्तर मिलाजुला रुख रहा।

# पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ फिल्म सरदार जी-3 का ट्रेलर शेयर करके विवादों में फंसे दिलजीत दोसांझ

**मुंबई।** मशहूर एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ के गाने पूरी दुनिया में मशहूर हैं। अपने पंजाबी गानों के साथ-साथ वह कुछ बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। यही वजह है कि उनके चाहने वालों की संख्या काफी ज्यादा है। अपने गानों और एक्टिंग के लिए हमेशा अपने फैंस के बीच सराहे जाने वाले दिलजीत इस समय ट्रोल हो रहे हैं। इसकी वजह यह है कि उन्होंने एक पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ अपनी एक फिल्म का ट्रेलर शेयर किया है। इसी वजह से दिलजीत विवादों में फंस गए हैं। दिलजीत की अपकमिंग फिल्म 'सरदार जी-3' 27 जून को दुनियाभर में रिलीज होगी। इसमें दिलजीत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, उन्होंने जो ट्रेलर शेयर किया है, उसमें पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर भी नजर आ रही हैं। हानिया इस फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत में सभी पाकिस्तानी कलाकारों के अकाउंट बैन कर दिए गए थे। उस समय अभिनेत्री वाणी कपूर और पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान अभिनीत फिल्म 'अबीर गुलाल' भी चर्चा में थी। हालांकि, इस फिल्म को भी भारत में बैन कर दिया गया था। इस वजह से फिल्म रिलीज नहीं हो पाई। उसके बाद दिलजीत ने हनिया आमिर के साथ फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर शेयर किया और नेटिजन्स ने कमेंट कर उन्हें खूब ट्रोल किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'सरदार जी 3' की शूटिंग दिलजीत दोसांझ ने पहलगाम आतंकी हमले से पहले पूरी कर ली थी। इस फिल्म का ट्रेलर उन्होंने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। खास बात यह है कि यह फिल्म भारत में रिलीज नहीं की जाएगी, बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज किया जाएगा।




# जलवायु परिवर्तन के संकट को देखते हुए पर्यावरणीय लागतों पर भी ध्यान दें लेखाकार : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जलवायु परिवर्तन के संकटों के मद्देनजर लेखाकारों से पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखने पर जोर देते हुए कहा है कि उनकी जिम्मेदारियां वित्तीय लेखांकन से कहीं आगे हैं। श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को यहां भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) के राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह में कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन के संकट का सामना कर रही है और सतत विकास अब एक नारा नहीं है यह एक जरूरत बन गई है। उन्होंने कहा कि बदली हुई परिस्थितियों में




लेखाकारों की भूमिका और जिम्मेदारी भी बदल गयी है। उन्होंने कहा , वह समय बीत चुका है जब कॉर्पोरेट संगठन केवल लाभ के उद्देश्य से काम करते थे। अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। और यहीं पर सीएमए अपने कौशल के साथ ग्रह के भविष्य में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। राष्ट्रपति ने छात्रों को यह ध्यान रखने की सलाह दी कि उनकी ज़िम्मेदारियाँ वित्तीय लेखांकन से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। उन्होंने कहा कि लागत लेखाकार के रूप में वह 2047 तक देश के विकास में योगदान देने के लिए अद्वितीय स्थिति में हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आईसीएमएआई द्वारा दी जाने वाली शिक्षा उन्हें न केवल सफल पेशेवर बनने में सक्षम बनाएगी, बल्कि राष्ट्र-निमार्ता भी बनाएगी। राष्ट्रपति ने लेखाकारों के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि लेखांकन और जवाबदेही गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा ,हम जवाबदेही को महत्व देते हैं, इसलिए हम लेखांकन को विशेष महत्व देते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय लागत लेखाकार संस्थान आधुनिक समय में इस समृद्ध विरासत को आगे बढ़ा रहा है। देश में लागत और प्रबंधन लेखाकारों के पेशे के नियमन तथा विकास के लिए आईसीएमएआई की स्थापना 1944 में की गई थी। यह संस्थान स्वतंत्रता के बाद भारत के आर्थिक परिवर्तन की गाथा का गवाह होने के साथ साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि आईसीएमएआई देश की प्रगति में भागीदार रहा है क्योंकि यह नीति निमार्ताओं, केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ विभिन्न संगठनों को लागत-कुशल रणनीतियां, प्रणालियां और मैनुअल विकसित करने में मूल्यवान सहायता प्रदान करता है।

